मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 29.8 | 22.5 |
| डालटनगंज | 33.6 | 24.1 |
| धनबाद | 30.9 | 25.3 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

https://epaper.shubhamsandesh.net

रांची, गुरुवार 21 अगस्त 2025 ● भाद्रपद कृष्ण पक्ष 13, संवत 2082 ● रांची एवं पटना से प्रकाशित ● वर्ष : 3, अंक : 134 ● मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12


## ब्रीफ न्यूज

### पद्मश्री से सम्मानित गीतकार बिनोद कुमार पशायत का निधन

**भुवनेश्वर ।** प्रसिद्ध संबलपुरी गीतकार, नाटककार और पद्मश्री सम्मानित बिनोद कुमार पशायत का बुधवार को उड़िसा के संबलपुर के जिला मुख्यालय अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया. वे 89 वर्ष के थे. दो दिन पूर्व वे अस्वस्थ हो गए थे और अपने निवास पर उपचाराधीन थे. बुधवार को उनकी तबीयत अचानक बिगड़ने पर उन्हें जिला मुख्यालय अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनका निधन हो गया. बिनोद कुमार पशायत को वर्ष 2024 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था. वे संबलपुरी साहित्य और संगीत जगत की एक प्रतिष्ठित हस्ती थे.

### एनआईए ने की 10 जगहों पर छापेमारी

**चेन्नई ।** तमिलनाडु में बुधवार को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पाट्टाली मक्कल काची (पीएमके) के पदाधिकारी और हिंदू मोर्चा नेता के नेता वी. रामलिंगम की हत्या की जांच के सिलसिले में 10 स्थानों पर छापेमारी की है. वी. रामलिंगम ने प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ़ इंडिया (पीएफआई) की धर्मांतरण गतिविधियों का विरोध किया था, जिसके चलते तंजावुर में वर्ष 2019 में उनकी हत्या कर दी गई थी. आधिकारिक सूत्रों के अनुसार रामालिंगम की हत्या मामले में यह जांच हुई है. पूनमल्ली जेल में आरोपितों के बैंक लेनदेन की भी जांच की गई है.

### रैपिडो पर लगाया 10 लाख रुपये का जुर्माना

**नयी दिल्ली ।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने राइड हेलिंग प्लेटफॉर्म रैपिडो पर भारी जुर्माना लगाया है और कंज्यूमर्स को रिफंड देने का आदेश दिया है. कंपनी पर यह जुर्माना भ्रामक विज्ञापन चलाने के कारण लगाया गया है. राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म रैपिडो ने 'गारंटीड ऑटो' और '5 मिनट में ऑटो या 50 रुपये पाएं' जैसे मिसलिडिंग विज्ञापन चलाए थे, जिस कारण कंपनी पर 10 लाख का जुर्माना लगाया गया है. सीसीपीए ने बताया कि ये विज्ञापन 120 से ज्यादा शहरों में कई भाषाओं में 548 दिनों (1.5 साल) तक चले, जिससे इनका भ्रामक प्रभाव और बढ़ गया.

### साउथ दिल्ली के एक घर में मिलीं तीन लाशें

**नयी दिल्ली ।** साउथ दिल्ली में ट्रिपल मर्डर का मामला सामने आया है. यहां एक घर में तीन लाशें मिली हैं. महिला की मुंह बांध कर हत्या की गई, जबकि फर्श पर एक शख्स का शव खून से लतपथ पड़ा मिला. वहीं वारदात के बाद से मृतक का बेटा गायब है. दरअसल, साउथ दिल्ली के मैदानगढ़ी थाना इलाके का मामला है. सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तो घर के अंदर खून से लथपथ तीन लाशें पड़ी थी. पुलिस के मुताबिक ग्राउंड फ्लोर पर दो शव मिले जबकि पहली मंजिल पर महिला की लाश पाई गई. मृतकों की पहचान प्रेम सिंह, उनकी पत्नी रजनी और बेटा रितिक के रूप में हुई है.

# एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन ने उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए किया नामांकन

## प्रफुल्ल पटेल, राजनाथ, नडडा, चिराग पासवान, ललन सिंह, जीतन राम मांझी, किरेन रिजिजू और अर्जुन राम मेघवाल भी थे मौजूद

**एजेंसी ।नयी दिल्ली**

एनडीए के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन अपना नामांकन दाखिल कर दिया है. उनके साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी समेत एनडीए के कई अन्य सांसद उनके साथ नामांकन पत्र दाखिल करने पहुंचे. इस दौरान पीएम मोदी उनके पहले प्रस्तावक बने. सीपी राधाकृष्णन के नामांकन दाखिल करने के दौरान एनडीए की एकजुटता भी दिखी. बीजेपी और सहयोगी दलों के सांसदों में प्रफुल्ल पटेल, राजनाथ सिंह, जेपी नडडा, चिराग पासवान, ललन सिंह, जीतन राम मांझी, किरेन रिजिजू और अर्जुन राम मेघवाल भी मौजूद रहे.

बीजेपी नेतृत्व वाले एनडीए ने रविवार को महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को आगामी उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए अपना उम्मीदवार घोषित किया था. यह घोषणा बीजेपी संसदीय बोर्ड की बैठक के बाद की गई थी, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए थे. उनके नाम के ऐलान के बाद सहयोगी दलों ने भी उनके समर्थन का ऐलान किया था.




**सीपी राधाकृष्णन कौन हैं :** चंद्रपुरम पोनुसामी राधाकृष्णन ने का जन्म 20 अक्टूबर 1957 को तमिलनाडु के तिरुप्पुर में हुआ था. उन्होंने 31 जुलाई 2024 को महाराष्ट्र के राज्यपाल के रूप में शपथ ली थी. इससे पहले वे करीब डेढ़ साल तक झारखंड के राज्यपाल रहे. झारखंड कार्यकाल के दौरान उन्हें भारत के राष्ट्रपति द्वारा तेलंगाना के राज्यपाल और पुडुचेरी के उपराज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया था. सीपी राधाकृष्णन को तमिलनाडु की सार्वजनिक जीवन और राजनीति में चार दशकों से अधिक का अनुभव है. मसलन, सीपी राधाकृष्णन के पास आरएसएस में अपनी मजबूत स्थिति के साथ-साथ राजनीति और शासन का बड़ा अनुभव है. उन्होंने दो बार लोकसभा सांसद और राज्य बीजेपी अध्यक्ष और राज्यपाल-उपराज्यपाल के रूप में भी काम किया है. इस लंबे अनुभव ने उन्हें एनडीए के भीतर एक प्रमुख चेहरा बनाया और अब उपराष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ने जा रहे हैं.

### रेड्डी आज दाखिल करेंगे नामांकन



विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक ने पूर्व सुप्रीम कोर्ट जज बी सुदर्शन रेड्डी को उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए अपना उम्मीदवार बनाया है. इस फैसले का ऐलान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को की. इंडिया ब्लॉक इस उपराष्ट्रपति चुनाव को एक वैचारिक लड़ाई के रूप में पेश कर रहा है.

## पैसा लगाकर खेले जानेवाले ऑनलाइन गेम पर प्रतिबंध लगाने वाला बिल लोकसभा से पास

लोकसभा ने बुधवार को पैसे से खेले जाने वाले ऑनलाइन गेम पर प्रतिबंध लगाने से जुड़ा विधेयक पारित कर दिया. इसका मकसद इन गेम्स की लत, धन शोधन और वित्तीय धोखाधड़ी की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाना है. ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन और विनियमन विधेयक, 2025, ऑनलाइन मनी गेम्स से संबंधित विज्ञापनों पर प्रतिबंध लगाने के साथ-साथ बैंकों और वित्तीय संस्थानों को ऐसे किसी भी गेम के लिए धन की सुविधा प्रदान करने या स्थानांतरित करने से रोकता है. सदन में विपक्षी सदस्यों के विरोध के बीच इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री



अश्विनी वैष्णव की संक्षिप्त टिप्पणी के बाद विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया. विधेयक पारित होने के बाद लोकसभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई. ऑनलाइन मनी गेम वह गेम है जिसे यूजर पैसा और अन्य फायदे जीतने की उम्मीद में पैसा जमा करके खेलता है. यह विधेयक सभी ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुआ (सट्टा और जुआ) गतिविधियों को गैरकानूनी घोषित करता है. ऑनलाइन फैंटेसी खेलों से लेकर ऑनलाइन जुआ (जैसे पोकर, रम्मी और अन्य कार्ड गेम) और ऑनलाइन लॉटरी तक इस बिल के कानून बनने के बाद अवैध हो जाएंगे. संसद के दोनों सदनों की ओर से विधेयक पारित हो जाने के बाद, ऑनलाइन मनी गेमिंग की पेशकश या सुविधा प्रदान करने पर तीन वर्ष तक की कैद/या 1 करोड़ रुपये तक का जुर्माना हो सकता है.

## सीएम हेमंत सोरेन पहुंचे जमशेदपुर, पूर्व शिक्षा मंत्री को श्रद्धांजलि दी



**रांची ।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार को अपनी धर्मपत्नी एवं गांडेय विधायक कल्पना सोरेन संग स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री रहे दिवंगत रामदास सोरेन के घोड़ाबांधा, जमशेदपुर स्थित आवास पहुंचे. यहां उन्होंने दिवंगत रामदास सोरेन की तस्वीर पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की. मुख्यमंत्रीने शोकाकुल परिजनों से मिलकर अपनी गहरी संवेदना जताई.

## लोकसभा में मोदी सरकार ने पेश किए तीन विधेयक

# विपक्ष का हंगामा; शाह बोले जेपीसी को भेजे जाएंगे बिल

**एजेंसी ।नयी दिल्ली**

लोकसभा में बुधवार को भारी हंगामा देखने को मिला, जब केंद्रीय गृहमंत्री



अमित शाह ने तीन विवादास्पद विधेयक सदन में पेश किए. ये विधेयक पीएम या किसी सीएम को उनके पद से हटाने से जुड़े हैं, अगर वे किसी गंभीर अपराध में गिरफ्तार होकर 30 दिनों तक जेल में रहते हैं. शाह ने जैसे ही ये विधेयक पेश किए, विपक्षी सांसदों ने विरोध करना शुरू कर दिया. उन्होंने विधेयकों की प्रतियां फाड़कर शाह की तरफ फेंकी. इसके साथ ही वे नारेबाजी करते हुए सदन के बीच में पहुंच गए. गृहमंत्री शाह ने स्पष्ट किया कि ये विधेयक जल्दबाजी में नहीं लाए गए हैं और इन्हें संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) को भेजा जाएगा, जिसमें सभी दलों के सांसद सुझाव दे सकेंगे. शाह ने कहा, हम इतने बेशर्म नहीं हो सकते कि गंभीर आरोपों के बावजूद सांविधानिक पदों पर बने रहें. कांग्रेस के केसी वेणुगोपाल और एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी जैसे विपक्षी सांसदों ने इस विधेयक का विरोध किया और इसे संविधान और संघीय ढांचे के खिलाफ बताया.

हंगामे के बीच लोकसभा को दोपहर तीन बजे तक स्थगित किया गया. जब सदन दोबारा शुरू हुआ तो शाह ने कहा कि इन विधेयकों को 31 सदस्यों वाली जेपीसी को भेजा जाएगा, जो अगले संसद सत्र से पहले अपनी रिपोर्ट देगी. लेकिन विपक्षी के विरोध के चलते सदन को फिर शाम पांच बजे तक स्थगित करना पड़ा. ये तीन विधेयक केंद्र शासित प्रदेश (संशोधन) विधेयक 2025; संविधान (130वां संशोधन) विधेयक 2025 और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक 2025 हैं. इनका मकसद यह है कि अगर प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री को किसी गंभीर अपराध में गिरफ्तार कर लगातार तीस दिनों तक जेल में रखा जाता है, तो 31वें दिन वे अपने पद से हटा दिए जाएंगे. दिलचस्प बात यह है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और तमिलनाडु के मंत्री वी. सेंथिल बालाजी ने गिरफ्तारी के बावजूद अपने पद से इस्तीफा नहीं दिया था.

एक विधेयक में प्रावधान है कि अगर कोई मंत्री लगातार तीस दिनों तक किसी ऐसे अपराध के आरोप में हिरासत में रहता है, जिसकी सजा पांच साल या उससे अधिक हो सकती है, तो राष्ट्रपति उन्हें प्रधानमंत्री की सलाह पर 31वें दिन हटा देंगे. अगर प्रधानमंत्री सलाह नहीं देते, तो 31वें दिन के बाद वह व्यक्ति खुद-ब-खुद मंत्री पद से हटा हुआ माना जाएगा. विपक्ष ने इन विधेयकों को तानाशाही वाले और अलोकतांत्रिक बताया और भाजपा पर देश को पुलिस राज्य में बदलने की कोशिश करने का आरोप लगाया. कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि ये विधेयक पूरी तरह से तानाशाही वाले हैं और संविधान के खिलाफ हैं. उन्होंने कहा, अगर कल को किसी मुख्यमंत्री पर झूठा मुकदमा दर्ज कर उसे तीस दिन तक जेल में रखा जाए, तो वह अपने आप पद से हट जाएगा. यह पूरी तरह से अलोकतांत्रिक है.



### असदुद्दीन ओवैसी और अभिषेक बनर्जी ने किया विरोध

वहीं, हैदराबाद सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने भी कहा कि भाजपा सरकार देश को पुलिस राज्य बनाना चाहती है. उन्होंने पूछा, प्रधानमंत्री को कौन गिरफ्तार करेगा? हम इन विधेयकों का पूरा विरोध करेंगे. यह





तानाशाही वाला बिल है. वहीं तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी ने कहा कि सरकार बिना किसी जवाबदेही के सत्ता, पैसा और नियंत्रण चाहती है. उन्होंने भी इन्हें तानाशाही वाले विधेयक बताया.

### अग्नि-5 मिसाइल का परीक्षण हुआ सफल

**नयी दिल्ली ।** भारत ने परमाणु सक्षम इंटर कांटिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) अग्नि-5 का आठवां परीक्षण बुधवार को ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण केंद्र से किया है. सामरिक बल कमान के इस परीक्षण में सभी परिचालन और तकनीकी मानकों की पुष्टि हुई. चीन-पाकिस्तान समेत यूरोप और अफ्रीकी देशों को अपनी जद में लेने वाली इस मिसाइल की लॉन्चिंग को काफी अहम माना जा रहा है. अग्नि-5 मिसाइल को डीआरडीओ और बीडीएल ने मिलकर बनाया है. इस बैलिस्टिक मिसाइल के सात परीक्षण भारत पहले ही कर चुका है. इसके बाद 5,000 किमी से अधिक मारक क्षमता वाली इस मिसाइल के आगे यूजर ट्रायल किये बिना ही सेना और वायु सेना में शामिल किये जाने के संकेत दिए थे.

**शेखपुरा में बोले राहुल गांधी**

## आयोग के खिलाफ हमारी सरकार सख्त कार्रवाई करेगी

**संवाददाता ।पटना**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी बिहार में



'वोटर अधिकार यात्रा' पर निकले हैं. यात्रा के चौथे दिन बुधवार को उनका पड़ाव शेखपुरा पहुंचा, जहां एक जमसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने केंद्र और बिहार सरकार पर निशाना साधा. शेखपुरा में जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि एक दिन वो सच्चाई भी सामने आएगी, जिसमें पता चलेगा कि बिहार का पिछला चुनाव भी चोरी से जीता गया था. चुनाव आयोग के लोग याद रखें, हमारी सरकार उनके खिलाफ कार्रवाई जरूर करेगी. राहुल गांधी ने शेखपुरा जिले के बरबीघा में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हिन्दुस्तान के गरीबों के पास सिर्फ वोट का अधिकार बचा हुआ है. अब भारतीय जनता पार्टी की सरकार इसे भी छीनने का प्रयास कर रही है. आपका वोट चला जाता है, तो बाद में राशन कार्ड, उसके बाद जमीन और फिर आपके पास जो कुछ बचा हुआ है, सब चला जायेगा. गांधी ने कहा कि चुनाव आयोग और भाजपा की सरकार मिलकर वोट चोरी करने का काम कर रही है.

## जन सुनवाई के दौरान दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हमला, आरोपी गिरफ्तार

**नयी दिल्ली ।** दिल्ली की मुख्यमंत्री



आरोपी

रेखा गुप्ता पर बुधवार को जन सुनवाई के दौरान एक व्यक्ति ने हमला कर दिया. पुलिस ने आरोपित को हिरासत में ले लिया है. यह हमला मुख्यमंत्री निवास सिविल लाइंस राज निवास मार्ग स्थित जन सेवा केंद्र में हुआ. बताया जाता है कि आरोपित सीएम को जनसुनवाई के दौरान शिकायत देने के बहाने उनके पास पहुंचा और उन पर हमला कर दिया. दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि जन सुनवाई के दौरान आज एक व्यक्ति मुख्यमंत्री के पास आया, कुछ कागज दिए और अचानक उनका हाथ पकड़ कर उन्हें खींचने की कोशिश की. इस दौरान थोड़ी धक्का-मुक्की हुई. उन्होंने बताया कि घटना के बाद वे मुख्यमंत्री से मिलकर आए हैं.

## राज्यपाल-सरकार रिश्ते पर 'सुप्रीम' नजर; शीर्ष अदालत ने पूछा-

# संविधान निर्माताओं का सपना, हकीकत से कितना दूर?

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि क्या आजादी के बाद से देश ने संविधान निर्माताओं की उस उम्मीद पर खरा उतरा है, जिसमें राज्यपाल और राज्य सरकार के बीच सामंजस्य और आपसी परामर्श की व्यवस्था की कल्पना की गई थी. यह टिप्पणी पांच जजों की संविधान पीठ ने की, जिसकी अध्यक्षता चीफ जस्टिस बीआर गवई कर रहे हैं. इस पीठ में न्यायमूर्ति सूर्यकांत, विक्रम नाथ, पीएस. नरसिम्हा और एएस. चंद्रचूड़कर भी शामिल हैं. वहीं सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने केंद्र सरकार की ओर से पेश होकर कहा कि संविधान सभा में राज्यपाल की नियुक्ति और उनकी शक्तियों को लेकर गहन बहस हुई थी. उन्होंने कहा कि अक्सर आलोचना होती है कि राज्यपाल का पद 'राजनीतिक शरण' लेने वालों का ठिकाना है, लेकिन असल में यह पद संवैधानिक जिम्मेदारियों और कुछ निश्चित शक्तियों से जुड़ा हुआ है.



### बिलों पर देरी का बना मुद्दा

पीठ राष्ट्रपति के उस राष्ट्रपति संदर्भ पर सुनवाई कर रही है, जिसमें सवाल उठाया गया है कि क्या सुप्रीम कोर्ट राज्यपाल और राष्ट्रपति को यह निर्देश दे सकता है कि वे राज्य विधानसभाओं से पास हुए बिलों पर तय समय सीमा के भीतर फैसला लें. मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और अटॉर्नी जनरल से यह पूछा था कि आखिर क्यों कई राज्यों के विधानसभा से पास हुए बिल साल 2020 से ही राज्यपालों के पास लंबित पड़े हुए हैं. कोर्ट ने कहा कि यह चिंता का विषय है, लेकिन अदालत संवैधानिक दायरे में रहकर ही अपनी राय देगी.

**संविधानिक प्रावधान और राष्ट्रपति का कदम :** बता दें कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मई में संविधान के अनुच्छेद 143(1) के तहत सुप्रीम कोर्ट से राय मांगी थी. उन्होंने पूछा था कि क्या न्यायालय यह तय कर सकता है कि राष्ट्रपति या राज्यपाल को बिलों पर कब तक निर्णय लेना चाहिए. राष्ट्रपति ने अपने पांच पन्नों के संदर्भ पत्र में 14 सवाल रखे हैं, जिनका जवाब सुप्रीम कोर्ट से मांगा गया है. यह सवाल मुख्य रूप से अनुच्छेद 200 और 201 से जुड़े हैं, जिनमें राज्यपाल और राष्ट्रपति की शक्तियों का जिक्र है.

**तमिलनाडु केस और समय सीमा :** 8 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु विधानसभा से पास हुए बिलों पर फैसला देते हुए पहली बार यह कहा था कि राष्ट्रपति को राज्यपाल की तरफ से भेजे गए किसी भी बिल पर तीन महीने के भीतर निर्णय लेना होगा. यह फैसला अपने आप में ऐतिहासिक माना गया क्योंकि इससे पहले ऐसी कोई समय सीमा तय नहीं थी.

### क्या है केंद्र सरकार की आपत्ति

केंद्र सरकार ने अपनी लिखित दलीलों में कहा है कि अगर कोर्ट राज्यपाल या राष्ट्रपति पर तय समय सीमा थोप देता है, तो यह संविधान की बुनियादी व्यवस्था को बदल देगा. इससे सरकार के अलग-अलग अंगों के बीच टकराव पैदा होगा और संवैधानिक अव्यवस्था खड़ी हो सकती है. अदालत ने यह भी कहा कि उसका मकसद सिर्फ कानून की व्याख्या करना है, न कि किसी राज्य या विशेष मामले पर टिप्पणी करना. अब अगली सुनवाई में यह साफ होगा कि क्या देश में राज्यपाल और राष्ट्रपति की भूमिका पर नई संवैधानिक व्याख्या सामने आएगी.

### 35 वर्ष बाद टाडा मामले में उल्फा प्रमुख अरविंद समेत 38 लोग बरी हुए

**गुवाहाटी ।** प्रतिबंधित संगठन यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट आफ असम (उल्फा) से जुड़े 38 लोगों को टाडा अदालत ने बुधवार को बरी कर दिया है. टाडा मामले में 38 लोगों को अदालत ने बुधवार को 35 साल बाद 43/2001 संख्या के मामले का निर्णय दिया. टाडा मामले में बरी होने वाले उल्फा के अध्यक्ष अरविंद राजखोआ, अनूप चेतिया, शशधर चौधरी, प्रदीप गोगोई, सुनील नाथ समेत 38 लोगों को अदालत ने दोषमुक्त घोषित किया. इसी प्रकार, कल्पज्योति नेउग, राजू बरुवा, मुनीन नबिश, अनादर ठाकुरिया को भी दोषमुक्त घोषित किया गया. वर्ष 1991 में दिसपुर थाने में इस मामले में प्राथमिकी दर्ज किया गया था. 2001 से टाडा अदालत में मामले की सुनवाई चल रही थी. 43/2001 नंबर टाडा मामले में कुल 45 आरोपित थे. परेश बरुवा सहित 3 अभी भी फरार हैं.

**छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा का मामला**

## 13 इनामी नक्सलियों सहित 21 ने किया आत्मसमर्पण

- आत्मसमर्पण किए नक्सलियों को छत्तीसगढ़ पुनर्वास नीति के तहत 50-50 हजार रुपये की सहायता दी जाएगी



**एजेंसी ।दंतेवाड़ा**

छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में चलाये जा रहे लोन वर्राटू (घर वापस आईये) अभियान तथा पूना मारगेम (पुनर्वास से पुनर्जीवन) के तहत एसपी कार्यालय में 25 लाख 50 हजार के 13 इनामी नक्सलियों सहित 21 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया. नक्सल विरोधी अभियान के तहत दंतेवाड़ा जिले में पुलिस बल और सीआरपीएफ के द्वारा भटके हुए नक्सलियों को समाज की मुख्यधारा में जोड़ने के लिए लगातार संपर्क एवं संवाद कर शासन की नक्सल पुनर्वास नीति का व्यापक प्रचार-प्रसार गांव गांव तक किया जा रहा है. आत्मसमर्पित नक्सलियों को छत्तीसगढ़ पुनर्वास नीति के तहत 50-50 हजार रूपये की सहायता राशि के साथ शासन द्वारा मिलने वाली अन्य सुविधायें जैसे स्किल डेवलपमेंट हेतु प्रशिक्षण, कृषि भूमि इत्यादि दी जा रही है. केन्द्र सरकार और राज्य सरकार मिलकर उनके पुनर्वास की पूरी व्यपस्था कर रहे हैं.

### राजधानी रांची में बनेगा दिशोम गुरु शिबू सोरेन का स्मृति स्थल, भूमि चिह्नित करने की प्रक्रिया शुरू

## हरमू स्थित भुसूर मौजा में 4 एकड़ में पार्क विकसित करने पर हो रहा मंथन

शुभम संदेश। रांची

दिवंगत दिशोम गुरु शिबू सोरेन की स्मृति में राजधानी रांची के हरमू रोड स्थित वाईपास रोड इलाके में स्मृति स्थल का निर्माण किया जाएगा. नगर विकास विभाग ने इसके लिए झारखंड राज्य आवास बोर्ड से जमीन मांगी है और अब भूमि चिह्न्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है. इस स्मृति स्थल के निर्माण से न सिर्फ शिबू सोरेन के योगदान को सम्मान मिलेगा, बल्कि आम जनता को भी उनके विचारों और जीवन से प्रेरणा लेने का अवसर मिलेगा.



**भुसूर मौजा में स्मृति स्थल बनाए जाने की संभावना :**शिबू सोरेन के स्मृति स्थल को लेकर जिस जमीन का चयन किया जा रहा है, वह रांची के सबसे महत्वपूर्ण मार्ग में पड़ता है. प्राप्त जानकारी के अनुसार, डीपीएस स्कूल के पास स्थित भुसूर मौजा में स्मृति स्थल बनाए जाने की संभावना जतायी जा रही है. यह क्षेत्र राजधानी के सबसे महत्वपूर्ण मार्गों में से एक है. सचिवालय भवन, विधानसभा व हाईकोर्ट आने-जाने के लिए मुख्यमंत्री, कैबिनेट मंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, मुख्य न्यायाधीश, विधायक जैसे गणमान्य लोग प्रतिदिन इसी रास्ते का उपयोग करते हैं. वहीं नई दिल्ली से बिर्सा मुंडा एयरपोर्ट से आने के बाद राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री या अन्य केंद्रीय मंत्री भी राजभवन या अन्य जगह जाने के लिए इसी मार्ग का उपयोग करते हैं. यदि इस जगह को चिन्हित कर लिया जाता है और स्मृति स्थल बन जाता है, तो जो लोगों को यहां रुक कर श्रद्धांजलि देने में आसानी होगी.

**स्मृति स्थल के लिए क्या है योजना**

- चार एकड़ में फैला होगा पूरा परिसर.
- मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका की तर्ज पर विकसित किया जाएगा.
- चारों ओर हरियाली, पार्क और आकर्षक लाइटिंग की व्यवस्था
- की जाएगी.
- दिशोम गुरु शिबू सोरेन की आदमकद प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी.

**आवास बोर्ड ने भुसूर मौजा की 59.13 एकड़ भूमि अधिग्रहित की थी**

झारखंड राज्य आवास बोर्ड ने पहले ही एचईसी के पांच मौजों में जमीन अधिग्रहित की थी, जिसमें भुसूर मौजा की 59 .13 एकड़ भूमि शामिल है. अब इसी अधिग्रहित क्षेत्र में से चार एकड़ जमीन को स्मृति स्थल के लिए चिन्हित करने की योजना है और जमीन को चिन्हित करने का काम शुरू कर दिया गया है.

### एक नजर

**राज्यपाल संतोष कुमार गंगवारसे धनबाद जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह ने भेंट की**



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को धनबाद जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने भेंट कर ज्ञापन सौंपा.ज्ञापन के माध्यम से 15वें वित्त आयोग मद 2024-25 की बकाया एवं 16वें वित्त आयोग की राशि आवंटित करने और त्रिस्तरीय पंचायती राज प्रतिनिधियों को 14 विभाग व 29 विषय पर शक्ति प्रदान किए जाने के संबंध में पहल करने का आग्रह किया गया.

**103 एकड़ वनभूमि घोटाला: इजहार हुसैन और अख्तर हुसैन की जमानत याचिका खारिज**

रांची। बोकारो जिले के तेतुलिया मौजा में 103 एकड़ वनभूमि घोटाले के मामले में जेल में बंद इजहार हुसैन और अख्तर हुसैन को बड़ा झटका लगा है. दोनों आरोपियों द्वारा दाखिल की गई जमानत याचिका को सिविल कोर्ट रांची स्थित सीआईडी कोर्ट ने सुनवाई के बाद खारिज कर दिया.सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं के वकील ने तर्क दिया कि दोनों निर्दोष हैं और उनके खिलाफ कोई ठोस आरोप नहीं बनता. वहीं, एपीपी ने इसका विरोध करते हुए कहा कि केस डायरी में दोनों के खिलाफ पर्याप्त सबूत मौजूद हैं और उन्हें जमानत न दी जाए. दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने जमानत के लिए दायर याचिका खारिज कर दी. गौरतलब है कि अदालत ने पिछली सुनवाई में केस डायरी की मांग की थी. सीआईडी ने दोनों आरोपियों को 12 जुलाई को गिरफ्तार कर जेल भेजा था. इसके बाद दोनों ने 21 जुलाई को जमानत के लिए याचिका दाखिल की थी.

**चौकीदार नियुक्ति परीक्षा 2024 : अंतिम परिणाम जारी, कुल 251 उम्मीदवार चयनित**

**रांची।** रांची जिले में चौकीदार भर्ती परीक्षा (विज्ञापन संख्या 1/2024) का अंतिम परिणाम जारी कर दिया गया है. यह परिणाम मेधा सूची के आधार पर तैयार किया गया है और आधिकारिक वेबसाइट ranchi.nic.in पर उपलब्ध है. कुल 251 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है.चयनित उम्मीदवारों में सामान्य वर्ग (अनारक्षित): 155, अनुसूचित जनजाति (एसटी): 94, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस): 02 हैं. जारी परीक्षा परिणाम को लेकर कुछ महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गई हैं. बताया गया है कि चौकीदार भर्ती से संबंधित कुछ मामलों की सुनवाई हाईकोर्ट में चल रही है, जिनके निर्णय से यह परिणाम प्रभावित हो सकता है.प्रकाशित सूची में किसी प्रकार की त्रुटि (टंकण या अन्य) को सुधारने का अधिकार नियुक्ति समिति के पास सुरक्षित है.चयनित उम्मीदवारों का चिकित्सीय परीक्षण कराया जाएगा, जिसकी रिपोर्ट के आधार पर अंतिम चयन पर असर पड़ सकता है.उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे नियमित रूप से रांची जिला की आधिकारिक वेबसाइट पर अपडेट देखते रहें

**बाल विवाह रोकथाम से संबंधित प्रशिक्षणआज**

**रांची।** झारखंड ज्यूडिशियल अकादमी,धुर्वा मे गुरुवार को दिन के 11 0 बजे से बाल विवाह रोकथाम राज्य कार्ययोजना से संबंधित प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया है. कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य सचिव अलका तिवारी उपस्थित रहेंगी.

### राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में परिचित फाउंडेशन की पहल

## सरला बिड़ला विश्वविद्यालय में आज से 3 दिवसीय स्वर्णिम भारत एक्सपो-2025

- झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार करेंगे एक्सपो-2025 का उद्घाटन

शुभम संदेश। रांची

सरला बिड़ला विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय स्वर्णिम भारत एक्सपो-2025 का आयोजन गुरुवार 21 से 23 अगस्त तक किया जा रहा है. यह भव्य राष्ट्रीय प्रदर्शनी का आयोजन राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में परिचित फाउंडेशन द्वारा किया जा रहा है. इस आयोजन का उद्देश्य भारत की वैज्ञानिक प्रगति, तकनीकी नवाचार, सांस्कृतिक धरोहर और सरकारी पहलों को प्रदर्शित करना और सरकारी विभागों को नागरिकों, युवाओं और उद्यमियों से जोड़ना है.

**इसरो सहित कई प्रमुख सरकारी संस्थानकी भागीदारी:** उद्घाटन समारोह की शोभा झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार व राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा बढ़ाएंगे. एक्सपो में भारत के प्रमुख सरकारी संस्थान और विभाग भाग लेंगे, जिनमें परमाणु ऊर्जा विभाग, वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद,भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो), केभूवैज्ञानिक सर्वेक्षण भारत (जीएसआई), भारतीय मानक ब्यूरो, केंद्रीय पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद तथा कई अन्य मंत्रालय और संस्थान हिस्सा लेंगे.





**स्वर्णिम भारत एक्सपो-2025 के मुख्य आकर्षण**

एक्सपो का मुख्य आकर्षण भारत की तकनीकी प्रगति और वैज्ञानिक उपलब्धियों की प्रदर्शनी. इसके अलावा छात्रों, उद्यमियों और युवाओं के लिए संवादात्मक सत्र और प्रस्तुतियां होंगी. इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम जो भारत की धरोहर और विविधता को दर्शाएंगे. सरकार, उद्योग, अकादमिक जगत और समाज के बीच संवाद और सहयोग.

### झारखंड एटीएस की टीम अजरबैजान रवाना

## मोस्ट वांटेड मयंक सिंह 23 अगस्त को भारत लाया जाएगा

- रेड कॉर्नर नोटिस के बाद हुई थी गिरफ्तारी
- 48 से अधिक मुकदमों की समीक्षा शुरू हुई

शुभम संदेश। रांची

आतंकी गतिविधियों और गंभीर आपराधिक मामलों में वांछित कुख्यात अपराधी मयंक सिंह को 23 अगस्त को अजरबैजान गणराज्य से भारत लाया जाएगा. इस प्रत्यर्पण को लेकर झारखंड एटीएस की टीम पहले ही अजरबैजान के लिए रवाना हो चुकी है. मयंक सिंह के खिलाफ झारखंड के कई जिलों में कुल 48 आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनकी समीक्षा अब शुरू कर दी गई है, ताकि उसे सजा दिलवाई जा सके. झारखंड एटीएस के एसपी ऋषभ झा खुद इस प्रत्यर्पण मिशन का नेतृत्व कर रहे हैं और मयंक सिंह को लाने अजरबैजान गए हैं. भारत सरकार की अनुमति और विदेश मंत्रालय की मदद से मयंक को 23 अगस्त को भारत लाया जाएगा.




**झारखंड में दर्ज हैं 48 केस, सबसे अधिक हजारीबाग में**

झारखंड पुलिस मुख्यालय के मुताबिक, मयंक सिंह के खिलाफ राज्य के विभिन्न जिलों, हजारीबाग, रांची, रामगढ़, पलामू और गिरिडीह में कुल 48 आपराधिक मामले दर्ज हैं. इनमें सबसे ज्यादा केस हजारीबाग के बड़कागांव, केरेडारी, कोर्रा और सदर थाने में दर्ज हैं. इसके अलावा छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर और राजस्थान में भी उसके खिलाफ गंभीर मामले दर्ज हैं.

- **सजा दिलाने की तैयारी में जुटी झारखंड पुलिस :** पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर संबंधित थानों में दर्ज मामलों की समीक्षा की जा रही है, ताकि अभियुक्त को अदालत में सजा दिलाने के लिए पुख्ता सबूत और गवाह जुटाए जा सकें.

- **कैसे चढ़ा था पुलिस के हत्थे? :** रामगढ़ के पतरातू (भदानीनगर) थाना कांड संख्या 175/22 में मयंक के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया गया था, जिसके बाद इंटरपोल के जरिए रेड कॉर्नर नोटिस जारी कराया गया. इसी नोटिस के आधार पर 29 अक्टूबर 2024 को अजरबैजान में उसे हिरासत में लिया गया.

**अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चली प्रत्यर्पण प्रक्रिया**

हिरासत में लिए जाने के बाद अजरबैजान ने भारत से प्रत्यर्पण डोजियर की मांग की, जिसे झारखंड एटीएस ने विदेश मंत्रालय के माध्यम से उपलब्ध कराया. 27 जनवरी 2025 को बाकू अपराध न्यायालय ने मयंक के प्रत्यर्पण को मंजूरी दी. इसके बाद केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और भारत सरकार ने एटीएस को कार्रवाई के निर्देश दिए.

**22 अगस्त को सौंपा जाएगा भारत को**

अजरबैजान सरकार ने 4 अगस्त 2025 को भारत को सूचित किया कि अभियुक्त को 22 अगस्त को भारतीय अधिकारियों को सौंपा जाएगा. इसके लिए भारत सरकार ने एटीएस अधिकारियों को राजनीतिक मंजूरी के साथ आधिकारिक पासपोर्ट भी प्रदान किए हैं.

### राजीव गांधी की 81वीं जयंती सद्भावना दिवस के रूप में मनी

## कांग्रेस नेताओं-कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी

शुभम संदेश। रांची

पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की 81वीं जयंती कांग्रेस पार्टी ने सद्भावना दिवस के रूप में मनायी. इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में श्रद्धांजलि सभी का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश समेत बड़ी संख्या में पार्टी के नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए. कार्यक्रम में स्वर्गीय राजीव गांधी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई. मौके पर केशव महतो कमलेश ने कहा कि राजीव गांधी देश में कंप्यूटर क्रांति के जनक थे. उन्होंने भारत को 21वीं सदी के तकनीकी युग में ले जाने की मजबूत नींव रखी. दूरसंचार, कंप्यूटर, और पंचायती राज जैसे क्षेत्रों में उनकी दूरदर्शी सोच ने देश को एक नई दिशा दी.उन्होंने बताया कि युवाओं को राजनीति में भागीदारी दिलाने के लिए ही मतदान की उम्र सीमा घटाकर 18 वर्ष की गई. साथ ही, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने के लिए कई योजनाएं शुरू की गईं और पंचायती राज व्यवस्था को मजबूती दी गई.

कार्यक्रम में विधायक सुरेश बैठा, नमन विक्सल कौनगाड़ी, संजय लाल पासवान, राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुजनी, अभिलाष साहु, लाल किशोर नाथ शाहदेव, आलोक दुबे, डॉ. राजेश गुप्ता, राजीव रंजन प्रसाद, शमशेर आलम, ज्योति सिंह मथारू, एम. तौसीफ, केदार पासवान, राजेश सिन्हा, सन्नी राजन वर्मा, नेली नाथन, मनोज सहाय, जगदीश साहू, ईश्वर आनंद, शकील अख्तर, राकेश किरण महतो, सुनीत शर्मा, शान्तनू मिश्रा, नवीन कुमार सिंह, सुरेन राम, निरंजन पासवान, निलांबर साहु, रश्मि पिंगुआ, मीना बाड़ा, राजेश चन्द्र राजू, मो. आरिफ, धिरेन्द्र प्रताप, संजय कुमार, हिमांशू, अमित साहु, प्रेम नाथ मुंडा, रामानंद केशरी आदि मौजूद रहे. सभी ने राजीव गांधी के विचारों को आत्मसात करने और सद्भावना, तकनीकी प्रगति और लोकतांत्रिक मूल्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया.



## झारखंड में नीड बेस्ड असिस्टेंट प्रोफेसरों की सेवा सेवा नियमित हो : धर्मेंद्र तिवारी

शुभम संदेश। रांची

जनता दल यूनाइटेड के वरिष्ठ नेता धर्मेंद्र तिवारी ने झारखंड सरकार से अपील की है कि राज्य के अधीनस्थ विश्वविद्यालयों और अंगीभूत महाविद्यालयों में कार्यरत करीब 700 नीड बेस्ड असिस्टेंट प्रोफेसरों का तत्काल समायोजन कर उनकी सेवा नियमित की जाए. तिवारी ने बताया कि वर्ष 2017-18 से विधिवत चयन प्रक्रिया के माध्यम से नियुक्त इन शिक्षकों ने बीते आठ वर्षों में राज्य की उच्च शिक्षा व्यवस्था को मजबूती दी है. लगभग 90% शिक्षक झारखंड के ही मूलवासी हैं, जो शिक्षण, मूल्यांकन, शोध, प्रश्नपत्र निर्माण, परीक्षा संचालन और अन्य विभागीय कार्यों का पूरी निष्ठा से निर्वहन कर रहे हैं.

उन्होंने चिंता जताई कि राज्य में सहायक प्राध्यापकों के कुल 4317 स्वीकृत पदों में से 2808 पद अभी रिक्त हैं. अगस्त 2023 में सरकार ने इनमें से 2404 पदों की अनुशंसा झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) को भेजी है, लेकिन वर्तमान में कार्यरत नीड बेस्ड शिक्षकों के लिए कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं किया गया है. यदि इन शिक्षकों के लिए पद सुरक्षित नहीं रखे गए, तो लगभग 40% अनुभवी शिक्षक अपनी सेवा से बाहर हो सकते हैं, जिससे न केवल उनका भविष्य खतरे में पड़ेगा, बल्कि विद्यार्थियों की शिक्षा पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा.



तिवारी ने यह भी बताया कि इन शिक्षकों को मात्र 57,700 का मानदेय दिया जाता है, वह भी कक्षा न लेने पर कटौती की शर्त के साथ. इन्हें न तो अवकाश मिलता है, न मातृत्व लाभ, न चिकित्सा सुविधा और न ही कोई सेवा सुरक्षा. फिर भी इन्होंने कोरोना काल में ऑनलाइन व ऑफलाइन माध्यमों से लगातार पढ़ाई कराकर विद्यार्थियों का भविष्य संवारने में अहम भूमिका निभाई है.

उन्होंने सरकार को याद दिलाया कि 1978, 1980 और 1982 में राज्य में अस्थायी सहायक प्राध्यापकों का समायोजन किया गया था. साथ ही, हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों में भी 2 से 5 वर्षों की सेवा के उपरांत अनुबंध शिक्षकों को नियमित किया गया है. ऐसे में झारखंड के शिक्षकों के साथ भेदभाव अन्यायपूर्ण है. उन्होंने तीन मुख्य मांगें रखीं. अगस्त 2023 में जेपीएससी को भेजे गए 2404 पदों में से 700 पद वर्तमान नीड बेस्ड असिस्टेंट प्रोफेसरों के लिए आरक्षित किए जाएं, सरकार एक स्पष्ट नीति बनाकर इन शिक्षकों का शीघ्र नियमितीकरण करे, इन्हें समान वेतनमान, सेवा सुरक्षा और सभी वैधानिक सुविधाएं प्रदान की जाएं.

तिवारी ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द इस मुद्दे पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया, तो शिक्षक और विद्यार्थी मिलकर लोकतांत्रिक तरीके से बड़ा आंदोलन शुरू करेंगे. अंत में उन्होंने मुख्यमंत्री से, जो वर्तमान में शिक्षा विभाग का प्रभार भी संभाल रहे हैं, अपील की कि वे संवेदनशीलता दिखाते हुए इन शिक्षकों की सेवा को मान्यता दें और राज्य की उच्च शिक्षा व्यवस्था को स्थिरता और मजबूती प्रदान करें.

### आपदा प्रबंधन को लेकर खूंटी पहुंचे एनडीएमए के उप सचिव, तैयारियों की समीक्षा की

## स्कूली बच्चों और स्थानीय समुदाय को आपदा के प्रति जागरूक करने का निर्देश

शुभम संदेश। रांची / खूंटी

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए), नई दिल्ली के उप सचिव (पीजीएंडएजी) अंबुज वाजपेयी ने बुधवार को खूंटी जिले का दौरा किया. उनके साथ अवर सचिव (जेनरल) सरोज कुजूर और कंसल्टेंट डॉ. वज़ीम इक़बाल भी मौजूद थे. खूंटी आगमन पर उपायुक्त आर. रॉनिटा ने पुष्पगुच्छ देकर अतिथियों का स्वागत किया. इस दौरान समाहरणालय स्थित सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ एक अहम बैठक की गई. बैठक की शुरुआत में प्रेजेंटेशन के माध्यम से खूंटी जिले की भौगोलिक स्थिति, पंचायतों की संख्या, जनसंख्या, प्रमुख नदियाँ, पर्यटन स्थल, आपदा से जुड़ी प्रमुख घटनाएँ, राहत एवं बचाव कार्यों की व्यवस्था, मुआवजा भुगतान समेत अन्य गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई.

उप सचिव वाजपेयी ने कहा कि गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार वे विभिन्न जिलों का दौरा कर रहे हैं, ताकि राज्य और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के कार्यों की समीक्षा कर उसे और प्रभावी बनाया जा सके. उन्होंने खूंटी जिले की तैयारियों की सराहना करते हुए कई अहम सुझाव दिए. खासकर स्कूलों के बच्चों और स्थानीय समुदाय को आपदा के प्रति जागरूक करने की दिशा में कार्य करने की बात कही.

उन्होंने यह भी कहा कि जिला स्तर पर संसाधनों और तंत्र को मजबूत कर आपातकालीन स्थितियों से बेहतर तरीके से निपटा जा सकता है.


**AFFIDAVIT**

I Khushi Kumari alias Pushanti Kumari, age 18 years, father- Mahadev Oraon, resident of Village: Ichak, Post: Ichak, Police Station Balumath, District Latehar, State Jharkhand, Nationality Indian, hereby swear and declare the following:-

1. That I am a permanent resident of the village police station and district.
2. That my nickname is **Pushanti Kumari,** as registered in my Aadhaar card.
3. That my name is mentioned as **Khushi Kumari** in other documents.
4. That in the above mentioned village there is only one person with both the names and that is me and I am known by both the names.
5. That I am making this affidavit to declare the above mentioned facts and to get my name in my Aadhar card changed from Pushanti Kumari to Khushi Kumari.

I hereby solemnly declare that everything written in this affidavit is true and correct to the best of my knowledge and belief.

Affidavit No.: 20763

Dated : 11.06.2025


### युवा उद्यमियों से किए वादे रह गए अधूरे: इंडियन स्टार्टअप एसोसिएशन ने उठाए गंभीर सवाल

## छह वर्षों में नहीं मिली वित्तीय मदद, न इन्क्यूबेशन सेंटर

शुभम संदेश। रांची

झारखंड सरकार द्वारा वर्ष 2016 में घोषित की गई "स्टार्टअप पॉलिसी" को लेकर अब सवालों का दौर शुरू हो गया है. इंडियन स्टार्टअप एसोसिएशन ने मुख्य सचिव को पत्र लिखकर आरोप लगाया है कि नीति में किए गए अधिकांश वादे अब तक केवल कागज़ों पर ही सीमित हैं. एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रथिन भद्रा ने पत्र में दावा किया है कि नीति के तहत चयनित स्टार्टअप्स को प्रोटोटाइप डेवलपमेंट, मार्केटिंग स्टाइपेंड और तकनीकी सहायता का आश्वासन दिया गया था. लेकिन छह वर्षों बाद भी न तो किसी स्टार्टअप को आर्थिक सहयोग मिला और न ही राज्य में कोई समर्पित इनक्यूबेशन सेंटर स्थापित हो पाया.



**स्टार्टअप्स को प्राथमिकता क्यों नहीं दी गई? :** पत्र में यह भी कहा गया है कि सरकार द्वारा एक विशेष गांव में महज 10 दिनों में सड़क, बिजली और वाई-फाई जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई थीं, जिससे स्पष्ट है कि जब सरकार इच्छुक होती है, तो तेजी से कार्य कर सकती है. ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि स्टार्टअप्स को प्राथमिकता क्यों नहीं दी गई?

**80% स्टार्टअप या तो झारखंड छोड़ चुके हैं या बंदी की कगार पर पहुंचे**

भद्रा ने आरोप लगाया कि पिछले पांच वर्षों में कई बार पत्र और अनुरोध भेजे गए, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई. उन्होंने यह भी बताया कि संसाधनों की कमी न होने के बावजूद 80% स्टार्टअप या तो झारखंड छोड़ चुके हैं या बंद होने के कगार पर हैं.

**समर्पित इनक्यूबेशन सेंटर स्थापित किए जाएं**

एसोसिएशन ने अपनी चार मुख्य मांगें रखी हैं: चयनित स्टार्टअप्स को तत्काल वित्तीय सहायता दी जाए,राज्य में समर्पित इनक्यूबेशन सेंटर स्थापित किए जाएं,2016 की नीति को बिना किसी और देरी के पूरी तरह लागू किया जाए, तीन माह के भीतर एक समयबद्ध एक्शन प्लान घोषित किया जाए.

### सहायक आचार्य भर्ती : जेएसएससी की अतिरिक्त शर्त पर रोक, पद सुरक्षित रखने का निर्देश

## विज्ञापन व नियमावली में टकराव होता है, तो नियमावली ही प्रभावी मानी जाएगी : हाईकोर्ट

शुभम संदेश। रांची

झारखंड हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति आनंद सेन की पीठ ने सहायक आचार्य (कक्षा 6 से 8) भर्ती से जुड़े एक अहम मामले में बड़ा आदेश पारित किया है. मामला राजेश मिस्त्री बनाम राज्य सरकार शीर्षक से दायर हुआ था, जिसकी पैरवी अधिवक्ता चंचल जैन ने की. हाईकोर्ट ने बुधवार को सुनवाई में मामले की गंभीरता को देखते हुए अंतरिम आदेश पारित किया. अदालत ने याचिकाकर्ता के लिए सामाजिक विज्ञान विषय के तहत परा-शिक्षक श्रेणी में पद सुरक्षित रखने का निर्देश दिया और जेएसएससी को छह सप्ताह के भीतर अपना जवाब दाखिल करने का आदेश दिया. अदालत ने स्पष्ट किया कि यदि विज्ञापन और नियमावली में टकराव होता है, तो नियमावली ही प्रभावी मानी जाएगी.



याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता चंचल जैन ने दलील दी कि झारखंड स्टाफ सेलेक्शन कमीशन (जेएसएससी) ने भर्ती विज्ञापन में नियम विरुद्ध शर्त जोड़ दी कि स्नातक स्तर पर समाज विज्ञान संबंधित विषय को लगातार तीन वर्षों तक पढ़ना अनिवार्य होगा, जबकि झारखंड प्राइमरी स्कूल असिस्टेंट टीचर (सहायक आचार्य) कैडर नियमावली 2022 के अनुसार संबंधित विषय में केवल स्नातक की डिग्री ही पर्याप्त है. याचिकाकर्ता का कहना था कि यह अतिरिक्त शर्त पूरी तरह नियमविरुद्ध और मनमानी है.

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, गुरुवार 21 अगस्त 2025 । भाद्रपद कृष्ण पक्ष 13, संवत 2082 । रांची एवं पटना से प्रकाशित । वर्ष : 3, अंक : 134 । मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12










स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री रहे रामदास सोरेन को शत-शत नमन

# दिशोम गुरु के निधन बाद रामदास सोरेन के ऐसे चले जाने की पीड़ा असहनीय : हेमंत



**शुभम संदेश। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार को अपनी धर्मपत्नी विधायक कल्पना सोरेन संग स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री रहे दिवंगत रामदास सोरेन के घोड़ाबांधा, जमशेदपुर स्थित आवास पहुंचे. यहां उन्होंने दिवंगत रामदास सोरेन जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की. मुख्यमंत्री व कल्पना सोरेन ने शोकाकुल परिजनों से मिलकर अपनी गहरी संवेदना जताई. मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति व शोक संतप्त परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति देने की ईश्वर से कामना की. विदित हो कि शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन का 15 अगस्त को नई दिल्ली के अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया था. मुख्यमंत्री ने कहा कि दिशोम गुरु और मेरे बाबा शिबू सोरेन के निधन के एक पखवाड़े के अंदर ही रामदास सोरेन के इस तरह चले जाने की पीड़ा मेरे लिए असहनीय है. मन व्याकुल और व्यथित है. उनका निधन इस राज्य के साथ मेरे लिए अपूरणीय क्षति है. इस वजह से जो शून्यता आई है, उसकी भरपाई नहीं हो सकती है.

**संघर्ष से बनाई थी पहचान, झारखंड आंदोलन में था अहम योगदान**

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिवंगत रामदास सोरेन ने संघर्ष से अपनी एक अलग पहचान बनाई थी. उन्होंने स्मृति शेष दिशोम गुरु शिबू सोरेन के नेतृत्व में अलग झारखंड की खातिर हुए आंदोलन में अहम योगदान दिया था. उनका व्यवहार काफी सरल और सहज था. एक आंदोलनकारी के साथ उनका व्यापक सामाजिक सरोकार था. वे अपने सार्वजनिक जीवन में आम लोगों के दुःख - दर्द और समस्याएं दूर करने के लिए हमेशा खड़े रहे. वे अब इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन उनका व्यक्तित्व और कार्य सदैव उर्जा प्रदान करता रहेगा.

**बच्चों को बेहतर शिक्षा मिले, लगातार कर रहे थे प्रयास**

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री के रूप में रामदास सोरेन काफी बेहतर कार्य कर रहे थे. सरकारी विद्यालयों में बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा के लिए उन्होंने कई नई पहल की थी. सरकारी विद्यालयों में आधारभूत संरचना मजबूत करने का काम तेज गति से हो रहा था. गांव- देहात के गरीब बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ उनका समग्र विकास हो, इस पर उनका विशेष जोर था.



# बोकारो में नौकरी की मांग को लेकर पुलिस से भिड़े ग्रामीण

**शुभम संदेश। बोकारो**

बोकारो जिले के चंदनकियारी प्रखंड अंतर्गत सियालजोरी थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह नौकरी की मांग को लेकर ग्रामीणों का आंदोलन उस समय उग्र हो गया, जब आंदोलनकारियों ने सियालजोरी थानेदार मनीष कुमार पर हमला कर दिया. घटना वेदांता इलेक्ट्रो स्टील लिमिटेड कंपनी के समीप स्थित अलकुशा मोड़ के पास है, जहां ग्रामीणों ने नौकरी की मांग को लेकर सड़क जाम कर दी थी. ग्रामीण काफी गुस्से में थे और सड़क जाम कर नौकरी की मांग को लेकर नारेबाजी कर रहे थे.

जाम की सूचना पाकर पहुंची पुलिस सड़क जाम की मिलते ही थानेदार मनीष कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आंदोलनकारियों को समझाने का प्रयास करने लगे.

**थानेदार पर किया हमला, सिर फटा**



उन्होंने आंदोलनकारियों से कहा कि वे सड़क जाम न करें. प्रशासन हर हाल में कंपनी प्रबंधन से वार्ता कराएगा. उनकी जो भी जायज मांग है, प्रशासन पूरा कराने का प्रयास करेगा. लेकिन ग्रामीण अपनी जिद्द पर अडिग थे.

**अचानक बात बिगड़ी:** ग्रामीण थाना प्रभारी की बात सुनने को तैयार नहीं थे. थाना प्रभारी ग्रामीणों से बार-बार जाम हटाने और प्रबंधन से वार्ता कराने की बात कर रहे थे. लेकिन ग्रामीण प्रबंधन के साथ थानेदार के खिलाफ भी नारेबाजी करने लगे. इसके बावजूद थाना प्रभारी ग्रामीणों को समझाते रहे, जाम हटाने का आग्रह करते रहे. लेकिन बातचीत के दौरान अचानक स्थिति बिगड़ गई और आक्रोशित भीड़ ने थानेदार पर हमला कर दिया, जिससे उनका सिर फट गया.

**सियालजोरी पुलिस छावनी में हुई तब्दील**

घटना के बाद भी अलकुशा मोड़ पर आंदोलन जारी रहा. गंभीर रूप से घायल थानेदार मनीष कुमार को इलाज के लिए बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर-04 स्थित अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है. पुलिस प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रण में लेने के लिए अतिरिक्त बल की तैनाती कर दी है. हालांकि इस घटना ने प्रशासनिक व्यवस्था और औद्योगिक क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं.

मुख्य सचिव ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बालू घाटों को लेकर उपायुक्तों संग की बैठक

# सभी उपायुक्त 15 सितंबर तक पूरी करें बालू घाटों की नीलामी प्रक्रिया : मुख्य सचिव

**शुभम संदेश। रांची**

मुख्य सचिव अलका तिवारी ने सभी उपायुक्तों को राज्य के तमाम व्यावसायिक बालू घाटों की नीलामी की प्रक्रिया 15 सितंबर तक पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया है. उन्होंने कहा कि उपायुक्त नीलामी के पहले बालू घाटों की नई पालिसी को पूरी तरह समझ लें, ताकि नीलामी प्रक्रिया पारदर्शी हो और उस दौरान कोई तकनीकी समस्या नहीं आये. इसके लिए उन्होंने खनन पदाधिकारी सहित उपायुक्तों को भी बेसिक जानकारी के लिए प्रशिक्षित होने पर बल दिया. उन्होंने कहा कि इसका मकसद सिर्फ यह है कि उपायुक्त पूरी स्पष्टता और तैयारी के साथ नीलामी को संपन्न करा सकें. यह राज्य के लिए काफी महत्वपूर्ण है. नई बालू नीति से सरकार की मंशा जहां उपभोक्ताओं को उचित कीमत पर बालू सर्वसुलभ कराना है. वहीं बालू के अवैध कारोबार पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने और अन्य राज्यों से बालू के आवक को हतोत्साहित करना है. वे बुधवार को बालू घाटों की नीलामी को लेकर तमाम उपायुक्तों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मुखातिब थीं.



**खान विभाग के साथ उपायुक्तों की भूमिका महत्वपूर्ण :** खान सचिव अरवा राजकमल और खान निदेशक राहुल सिन्हा ने कहा कि बालू घाटों की नीलामी में खान विभाग के साथ उपायुक्तों की भूमिका काफी महत्वपूर्ण होगी. इसलिए सभी उपायुक्त इसे गंभीरता से लें और पूरी स्पष्टता और तैयारी के साथ नीलामी प्रक्रिया संपन्न करायें. इसके लिए उन्होंने उपायुक्तों को नीलामी प्रक्रिया का मॉक ड्रिल करने की भी सलाह दी. साथ ही पूरी प्रक्रिया से नीलामी लेने वालों को भी अवगत कराने को कहा. जरूरी होने पर हेल्पलाइन नंबर भी उपलब्ध कराने पर बल दिया. उन्होंने कहा कि 15 अक्टूबर के बाद से बालू घाटों से खनन पर ग्रीन ट्रिब्यूनल का प्रतिबंध खत्म होगा. उसके पहले बालू घाटों की नीलामी पूर्ण होने से खनन ससमय शुरू होगा और राज्य में बालू की किल्लत नहीं होगी. उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बालू का दर निर्धारण सरकार नहीं करेगी. लेकिन, बालू का वैध कारोबार हो, इसकी पूर्ण व्यवस्था प्रशासन करेगा. उपायुक्तों को यह अधिकार होगा कि नियम का अनुपालन नहीं करने वाले का ठेका रद्द कर सकें.

**दो कैटेगरी में विभाजित किए गए हैं बालू घाट:** बालू घाटों को दो कैटेगरी में विभाजित किया गया है. पहली कैटेगरी में पांच हेक्टेयर से कम रकबा वाले बालू घाट होंगे. इनका संचालन ग्राम सभा के माध्यम से होगा. ऐसे 374 बालू घाट हैं. दूसरी कैटेगरी में 5 हेक्टेयर से अधिक रकबा वाले बालू घाटों की नीलामी होगी. इसके लिए छोटे-बड़े बालू घाटों को मिलाकर कुल 60 समूह बनाये गये हैं. किसी भी एक व्यक्ति को एक हजार हेक्टेयर से अधिक रकबा का बालू घाट नहीं दिया जाएगा और दो से अधिक समूह का ठेका भी नहीं दिया जाएगा. इसके पहले बालू घाटों की नीलामी की पूरी प्रक्रिया को पीपीटी के माध्यम से उपायुक्तों से साझा किया गया. खनन से जुड़े पर्यावरण के मसले पर सिया के सदस्य राजीव लोचन बख्शी ने विस्तार से प्रकाश डाला. जैप आइटी के प्रतिनिधियों ने नीलामी की तकनीकी प्रक्रिया को विस्तार से बताया, ताकि कोई उलझन नहीं रहे.

## गिरिडीह में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता, भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले के खुखरा थाना क्षेत्र स्थित पारसनाथ की तराई में सुरक्षाबलों को नक्सलियों के खिलाफ बड़ी कामयाबी मिली है. यहां संयुक्त सर्च अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखे गए भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद की है. गिरिडीह के पुलिस अधीक्षक डॉ. विमल कुमार और सीआरपीएफ 154वीं बटालियन के कमांडेंट सुनील दत्त तिवारी को खुफिया जानकारी मिली थी कि नक्सली पारसनाथ जंगल में किसी बड़ी साजिश को अंजाम देने की तैयारी में हैं और वहां विस्फोटक जमा किए गए हैं.

इस सूचना के आधार पर तत्काल कार्रवाई करते हुए सीआरपीएफ के द्वितीय कमान अधिकारी कुमार ओमप्रकाश सिंह, एएसपी (अभियान) सुरजीत और सहायक कमांडेंट सीएच तोम्बा सिंह के नेतृत्व में एक संयुक्त तलाशी अभियान चलाया गया. अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने जोकाई नाला (चतरो कानाडीह) के पास एक गड्ढे में छिपाकर रखे गए 300 मीटर कोडेक्स वायर और 13 लीटर विस्फोटक रासायनिक तरल पदार्थ बरामद किए.

## पूर्वी सिंहभूम में 73 हजार से अधिक राशनकार्ड रद्द, जिला प्रशासन ने पकड़ी सबसे बड़ी गड़बड़ी

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले में अपात्र राशनकार्ड धारकों पर जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है. अब तक 73 हजार से अधिक नाम राशनकार्ड सूची से हटा दिए गए हैं. जांच के दौरान कई ऐसे कार्डधारक मिले, जो डुप्लीकेट थे या फिर लंबे समय से राशन का उठाव नहीं कर रहे थे. जिले में 22,975 संदिग्ध आधार प्रविष्टियां सामने आईं, जिनमें से 20,067 नाम डिलीट किए जा चुके हैं. वहीं 18 साल से कम और 100 साल से अधिक उम्र वाले 16,399 लाभुकों के नाम सूची में दर्ज पाए गए. इनमें से 2,274 को हटाया गया है और बाकी की जांच चल रही है. इसी तरह छह महीने से अधिक समय से राशन न लेने वाले 1,64,237 कार्डधारी पाए गए, जिनमें से 50,323 के नाम रद्द कर दिए गए हैं.

## पलामू में मिली छत्तीसगढ़ की लावारिस जाइलो कार, 46 लाख रुपये नकद बरामद

**पलामू।** पलामू के पांकी थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक लावारिस जाइलो गाड़ी से भारी मात्रा में कैश बरामद किए हैं. यह कार छत्तीसगढ़ की बतायी जा रही है. कार का नंबर सीजी 14बी-5999 है. इस कार से कुल 46 लाख 19 हजार 900 रुपये कैश बरामद किये गये. बीती रात करीब साढ़े आठ बजे एसपी रिष्मा रमेशन को सूचना मिली कि एक लाल रंग की संदिग्ध जाइलो गाड़ी डालटनगंज से पांकी की ओर जा रही है. मिली सूचना पर एसपी ने आगे का टास्क पांकी थानेदार राजेश रंजन को सौंपा. एसपी के निर्देश पर पांकी थानेदार ने अपनी टीम के साथ इलाके में घेराबंदी कर जांच अभियान शुरू किया. अभियान के दौरान तेतराई बलियारी मोड़ के पास संदिग्ध गाड़ी सड़क किनारे खड़ी मिली. आसपास के लोगों से पूछताछ करने पर पता चला कि गाड़ी काफी देर से वहीं खड़ी थी, लेकिन किसी को उसके इर्द-गिर्द नहीं देखा गया. गाड़ी के दरवाजे लॉक थे. गाड़ी को टोचन कर पुलिस थाना ले आयी.

**गाड़ी का लॉक तोड़कर पुलिस अंदर गई, तो रह गई दंग :** पांकी के सर्किल इंस्पेक्टर की मौजूदगी में जब कार का लॉक तोड़कर अंदर तलाशी ली गई, तो पुलिस भी दंग रह गयी. तलाशी के दौरान गाड़ी की बीच वाली सीट के नीचे से एक झोला बरामद हुआ. झोले में प्लास्टिक पैकेटों में बंधी नोटों की गड्डियां रखी गई थीं. पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी कराई गई.

दिवाली और छठ जैसे प्रमुख त्योहारों पर रेलवे ने यात्रियों को दी बड़ी सौगात, रिटर्न टिकट पर 20% की छूट

# छूट का लाभ लेने के लिए यात्रियों को आने और जाने दोनों के टिकट एकसाथ बुक करने होंगे

**शुभम संदेश डेस्क**

त्योहारों के इस मौसम में भारतीय रेलवे ने यात्रियों को बड़ी सौगात दी है. दिवाली और छठ जैसे प्रमुख त्योहारों के दौरान घर आने-जाने की योजना बना रहे यात्रियों के लिए रेलवे ने रिटर्न टिकट पर 20% की छूट देने की घोषणा की है. यह विशेष सुविधा राउंड-ट्रिप टिकट बुक करने वाले यात्रियों को दी जा रही है. रेलवे का यह कदम त्योहारी भीड़ को नियंत्रित करने और यात्रियों को आर्थिक राहत देने के उद्देश्य से उठाया गया है. हर साल त्योहारों के दौरान ट्रेनों में भारी भीड़ देखी जाती है और किराए भी कई बार सामान्य से अधिक हो जाते हैं. ऐसे में यह योजना आम लोगों के लिए राहत लेकर आई है. भारतीय रेलवे का यह प्रयास त्योहारों में यात्रियों को सस्ते और सुविधाजनक सफर का तोहफा देने की दिशा में एक सराहनीय कदम है.

## कब और कैसे मिलेगा ऑफर का लाभ :

योजना के तहत छूट का लाभ लेने के लिए यात्रियों को आने-जाने दोनों टिकट एक साथ बुक करने होंगे. योजना की शर्तें इस प्रकार हैं:

**जाने की यात्रा:** 13 अक्टूबर से 26 अक्टूबर 2025 के बीच होनी चाहिए.

**वापसी की यात्रा:** 17 नवंबर से 1 दिसंबर 2025 के बीच.

**बुकिंग की शुरुआत:** 14 अगस्त 2025 से हो चुकी है.

रेलवे अधिकारियों के अनुसार, यह योजना केवल कन्फर्म टिकटों पर ही मान्य होगी और इसे ऑनलाइन या काउंटर दोनों माध्यमों से बुक किया जा सकता है.

**शर्तें और नियम :** योजना का लाभ उठाने के लिए कुछ नियमों का पालन अनिवार्य होगा

- टिकट की बुकिंग एकसाथ आने-जाने दोनों के लिए करनी होगी.
- दोनों टिकटों पर यात्री का नाम एक जैसा होना चाहिए.
- टिकट एक ही क्लास और एक ही रूट (ओरिजिन-डेस्टिनेशन पेयर) का होना चाहिए.
- यह योजना केवल कन्फर्म टिकटों पर लागू होगी.
- फ्लेक्सी फेयर ट्रेनों (जैसे राजधानी, शताब्दी, दुरंतो आदि) पर यह योजना लागू नहीं होगी.
- योजना के अंतर्गत बुक किया गया टिकट न तो बदला जा सकता और न ही रद्द किया जा सकता है.
- कोई अतिरिक्त छूट (जैसे पास, कूपन या वरिष्ठ नागरिक छूट) इस योजना में मान्य नहीं होगी.

## कौन उठा सकता है लाभ?

भारतीय रेलवे ने स्पष्ट किया है कि यह योजना सभी श्रेणियों के यात्रियों के लिए उपलब्ध है, चाहे वह स्लीपर क्लास में यात्रा कर रहे हों या एसी क्लास में. बस जरूरी है कि यात्री रिटर्न टिकट एकसाथ बुक करें और योजना की शर्तों का पालन करें.

क्यों खास है यह योजना?

यह छूट ऐसे समय में आई है, जब हजारों लोग हर साल दिवाली और छठ जैसे पर्वों पर अपने घर लौटने के लिए ट्रेन की टिकट की प्रतीक्षा करते हैं. बढ़ती भीड़ और बढ़े हुए किराए से आम आदमी की जेब पर असर पड़ता है. रेलवे की यह पहल यात्रियों को कम किराए में पहले से अपनी यात्रा तय करने का मौका देगी.

रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, इससे न केवल यात्रियों को राहत मिलेगी, बल्कि रेलवे को भी यात्री प्रबंधन में आसानी होगी. समय रहते टिकट बुक होने से भीड़ का दबाव नियंत्रित रहेगा और ट्रेनों का संचालन भी सुचारू रूप से किया जा सकेगा.

**क्या करें यात्री?**

जो यात्री इस योजना का लाभ लेना चाहते हैं, उन्हें सलाह दी जाती है कि वे जल्द से जल्द अपनी योजना बनाकर राउंड-ट्रिप टिकट बुक करें, क्योंकि सीटें सीमित हैं और मांग ज्यादा होने की संभावना है. अधिक जानकारी और बुकिंग के लिए विजिट करें : www.irctc.co.in या अपने नजदीकी रेलवे स्टेशन से संपर्क करें.

## बाइक सवार पति-पत्नी को वाहन ने मारी टक्कर, मां-बच्चे की मौत



**शुभम संदेश। हजारीबाग**

हजारीबाग में रांची-पटना नेशनल हाईवे पर टोल प्लाजा और सिरसी गांव के बीच पति-पत्नी और नवजात बच्चे की बाइक एक दुर्घटना का शिकार हो गई. बाइक सवार नवजात बच्चे को इलाज के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जा रहे थे. हादसे में मां और नवजात शिशु की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पिता गंभीर रूप से घायल हो गएय घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने रांची-पटना मुख्य मार्ग को पूरी तरह जाम कर दिया. जिससे पिछले 2 घंटे से सैकड़ों गाड़ियां और यात्री रहे, जिससे एनएच पर अफरातफरी का माहौल है.

**एक घंटे से ज्यादा समय तक एंबुलेंस भी फंसी रही :** जाम की वजह से करीब एक घंटे से ज्यादा समय तक एंबुलेंस भी फंसी रही. एंबुलेंस चालक ने बताया कि वह बरकट्ठा से हेड इंजुरी वाले गंभीर मरीज को लेकर आ रहे थे, लेकिन जाम में फंसे रहने से स्थिति और भी नाजुक होती जा रही है. इचाक के सीईओ और थाना प्रभारी मौके पर पहुंचकर परिजनों को समझाने और जाम हटाने के लिए मशक्कत करते रहे. परिजन मुआवजे की मांग को लेकर अड़े थे.

# रांची के एक स्कूल के शिक्षक पर छात्राओं से अश्लील हरकत करने का आरोप, उपायुक्त भजंत्री ने दिए जांच के आदेश

शुभम संदेश। रांची

राजधानी रांची के एक अल्पसंख्यक स्कूल में पढ़ने वाली छात्राओं ने अपने ही स्कूल के शिक्षक अभिषेक कुमार सिन्हा पर गंभीर आरोप लगाए हैं. जिस अल्पसंख्यक स्कूल की छात्राओं ने ये गंभीर आरोप लगाए हैं, वह स्कूल रातू रोड इलाके में है. छात्राओं का कहना है कि शिक्षक उन्हें वीडियो कॉल कर गंदी बातें करते थे और अश्लील हरकते किया करते थे. अब तक 15 से ज्यादा छात्राएं शिक्षक की अश्लील हरकतों की शिकार होकर परेशान हो चुकी हैं. शिक्षक की करतूतों से तंग आकर एक छात्रा ने तो स्कूल आना ही छोड़ दिया है, क्योंकि आरोपी शिक्षक उसे होटल तक ले गया था. छात्राओं ने मामले की शिकायत स्कूल से प्रिंसिपल से की, लेकिन उन्होंने आरोपी शिक्षक पर किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की, बल्कि उल्टे मामले को दबाने की कोशिश कर दी.

शिकायत पत्र में कहा गया है कि शिक्षक छात्राओं के साथ आपत्तिजनक बातें करते हैं, वीडियो कॉल कर अश्लील हरकते करते हुए गंदी मांगें करते हैं और उन्हें होटल चलने के लिए मजबूर करते हैं. आरोप है कि 15 से अधिक छात्राएं इस शिक्षक के व्यवहार से परेशान हो चुकी हैं. छात्राओं का कहना है कि उन्होंने मंगलवार को स्कूल के प्रिंसिपल अनुज कुमार सिंह को इस पूरे मामले की जानकारी दी थी, लेकिन कार्रवाई करने की बजाय प्रिंसिपल ने आरोपी शिक्षक को केवल चेतावनी पत्र देकर मामला दबाने की कोशिश की. इसके बाद छात्राओं ने उच्च अधिकारियों को गुमनाम पत्र भेजने का निर्णय लिया और मामले की जानकारी राज्य के शिक्षा सचिव समेत अन्य उच्चाधिकारियों को दी. मामला सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद हड़कंप मच गया.



### डीईओ-डीएसई को मामले की जांच की जिम्मेवारी सौंपी गई

सोशल मीडिया पर आरोपों की खबर फैलते ही रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने तुरंत संज्ञान लिया. उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) और जिला शिक्षा अधीक्षक (डीएसई) को जांच के निर्देश दिए हैं.

### प्रिंसिपल पर आरोपः कार्रवाई की जगह मामले को दबाया

छात्राओं का कहना है कि उन्होंने सोमवार को स्कूल के प्रिंसिपल अनुज कुमार सिंह को पूरे मामले की जानकारी दी थी. लेकिन, प्रिंसिपल ने कोई कड़ी कार्रवाई न करते हुए आरोपी शिक्षक को केवल चेतावनी दी और मामले को दबाने की कोशिश की. इतना ही नहीं, प्रिंसिपल ने स्टाफ से एक दस्तावेज पर हस्ताक्षर भी कराए, जिसमें लिखा गया कि सभी को घटना की जानकारी पहले से थी.

### प्रिंसिपल को नोटिस, जांच कमेटी का गठन : डीईओ

जिला शिक्षा अधिकारी विनय कुमार ने बताया कि छात्राओं की शिकायत गंभीर है और इसकी जांच के लिए एक कमेटी गठित कर दी गई है, जो एक दिन में रिपोर्ट सौंपेगी. अगर आरोप सही पाए जाते हैं, तो आरोपी शिक्षक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी. वहीं, जिला शिक्षा अधीक्षक ने स्कूल प्रिंसिपल को नोटिस जारी कर दिया है.

### शिक्षक ने आरोपों को बताया झूठा

जब आरोपी शिक्षक अभिषेक कुमार सिन्हा से संपर्क किया गया, तो उन्होंने सभी आरोपों को बेबुनियाद बताया और कॉल काट दिया. दूसरी ओर, छात्राओं ने शिक्षक के अश्लील चैट, मैसेज और वीडियो क्लिप भी अधिकारियों को सौंपे हैं.

बीआईटी, मेसरा में कृषि आधारित उद्यमिता विषय पर सेमिनार

## युवाओं के लिए स्वरोजगार और उद्योग की नई राह बन चुकी है कृषिः पंकज रॉय



शुभम संदेश। रांची

बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मेसरा, बायोइंजीनियरिंग एवं बायोटेक्नोलॉजी विभाग द्वारा इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी), बीआईटी मेसरा के सहयोग और इंस्टीट्यूट फॉर इंडस्ट्रियल एंड एकेडमिक रिसर्च , रांची की सहभागिता से महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन किया गया. विषय था – "एग्रीप्रेन्योर एवं स्टार्टअपः अकैडेमिया–इंडस्ट्री इंटरैक्शन". कृषि आधारित उद्यमिता (एग्रीप्रेन्योरशिप) विषय पर आयोजित कार्यशाला में मुख्य वक्ता पंकज रॉय ने कहा कि आधुनिक तकनीक और नवाचारों के साथ कृषि अब केवल आजीविका का साधन नहीं रही, बल्कि यह युवाओं के लिए स्वरोजगार और उद्योग का नया मार्ग बन चुकी है.

उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्टार्टअप इंडिया जैसे अभियानों का लाभ उठाकर किसान और छात्र कृषि क्षेत्र में मूल्य संवर्धन, खाद्य प्रसंस्करण, जैविक खेती और एग्री-बिजनेस की दिशा में नए अवसर तलाश सकते हैं.

सांसद कला महोत्सव का रांची से हुआ आगाज

# रांची लोस क्षेत्र के 125 स्कूलों के 50 हजार से अधिक बच्चे भाग लेंगे

- सभी प्रतिभागियों को मिलेगा प्रमाण पत्र
- पीएम नरेंद्र मोदी को भेंट की जाएगी बेहतर पेंटिंग्स

पीएम के 75वें जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा तक चलेगा महोत्सव



शुभम संदेश। रांची

रांची में सबसे लंबे समय तक चलने वाले भव्य सांसद कला महोत्सव का बुधवार को शुभारंभ हो गया. जेवीएम श्यामली, डोरंडा से इस कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, जहां सैकड़ों बच्चों ने ऑपरेशन सिंदूर और पीएम मोदी के सैन्य प्रेम पर अपनी चित्रांकन प्रतिभा की प्रस्तुति कागजों पर की. रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की पहल पर 20 अगस्त से ही इस कार्यक्रम का आगाज किया गया है. सांसद कला महोत्सव के नाम से आयोजित इस कार्यक्रम के पेंटिंग कार्निवल में रांची लोकसभा क्षेत्र के 125 से अधिक स्कूल सहभागिता निभाएंगे. इसमें 50 हजार से अधिक बच्चे अपने चित्रांकन प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे. पूर्व में यह कार्यक्रम एक सप्ताह का होना था, परंतु विद्यालयों के उत्साह और रुझान को देखते हुए इसे लंबे समय तक विस्तारित किया गया है. यह महोत्सव भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 75 में जन्मदिन पर होने वाले सेवा पखवाड़ा तक चलेगा. इस महोत्सव में रांची लोकसभा क्षेत्र के रांची, हटिया, कांके, खिजरी, ईचागढ़ और सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के विद्यालय भाग लेंगे.

रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने बताया कि बुधवार से शुरू हुआ यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन तक चलेगा, जिसमें रांची लोकसभा क्षेत्र के 8वीं से 12वीं तक के 50 हजार से अधिक बच्चे अपनी सहभागिता निभाएंगे. इसके प्रथम चरण में विद्यालय स्तर पर महोत्सव का आयोजन होगा, जिसमें पांच अच्छे प्रतिभागियों का चुनाव किया जाएगा. उसके बाद सभी विद्यालयों से चयनित अच्छे प्रतिभागियों की एक प्रतियोगिता अलग से कराई जाएगी. यहां से चयनित बेहतर पेंटिंग्स को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेंट की जाएगा. महोत्सव में शामिल होने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा. बेहतर पेंटिंग करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा.

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बताया कि बच्चों में ऑपरेशन सिंदूर और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सैन्य प्रेम को लेकर उत्साह बढ़े, उनकी सोच धरातल पर उतरे, इस उद्देश्य के साथ इस महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसकी राष्ट्रीय स्तर पर सराहना हो रही है. इतने लंबे समय तक और भव्य तरीके से मनाया जानेवाला पहला पेंटिंग कार्निवल है, जिसमें उत्साहपूर्वक बच्चे शामिल हो रहे हैं.

लूट व छिनतई की घटनाओं का पुलिस ने किया खुलासा

## तीन अपराधी और एक किशोर गिरफ्तार

**रांची।** रांची में स्वतंत्रता दिवस के दिन हुई लूट और छिनतई की दो अलग-अलग घटनाओं का पुलिस ने खुलासा कर लिया है. पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन अपराधियों और एक किशोर को गिरफ्तार किया है.15 अगस्त की पहली घटना शाम 4 बजे आकाशवाणी के पीछे हुई, जहां अपराधियों ने एक व्यक्ति से मोबाइल और नकदी लूट ली. दूसरी घटना रात 8:30 बजे हरमू रोड स्थित दिगंबर जैन भवन के पास हुई, जहां स्कूटी सवार दो अपराधियों ने एक युवती का पर्स छीन लिया. लूटपाट की घटनाओं के बाद पुलिस ने गंभीरता से जांच शुरू की. डीआईजी सह एसएसपी के निर्देश पर कोतवाली डीएसपी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया, जिसने सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर जांच को अंजाम दिया.पुलिस ने कांड संख्या 434/25 (लूट) में शामिल दो अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके पास से लूटा गया मोबाइल बरामद किया है. वहीं कांड संख्या 438/25 (छिनतई) में एक अपराधी और एक किशोर को पकड़ा गया है. उनसे पीड़िता का पर्स, पासबुक, एटीएम कार्ड और वारदात में प्रयुक्त स्कूटी भी बरामद कर ली गई है.

## एक नजर

### पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर वित्त मंत्री किशोर ने किया पौधरोपण



**रांची।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी के 81वें जन्मदिवस के अवसर पर झारखंड प्रदेश किसान कांग्रेस कमेटी एवं महात्मा फुले संस्थान, रांची के सौजन्य से वाईएमसीए पब्लिक स्कूल, धुर्वा में पौधरोपण एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर उपस्थित रहे. उन्होंने विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया. जन्मदिवस के उपलक्ष्य में उन्होंने केक काटकर राजीव गांधी की स्मृतियों को नमन किया. वित्त मंत्री ने कहा कि स्व. राजीव गांधी का जीवन देश की प्रगति और नवाचार को समर्पित रहा है. कार्यक्रम के दौरान वित्त मंत्री ने बच्चों के बीच मिठाइयां भी बांटीं. इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता शशि भूषण राय, आलोक दुबे, अरुण कुमार सिंह, किसान कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सहित अन्य कई गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे.

### रांची जिले के कई स्कूलों की व्यवस्था बदहाल 1625 शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज नहीं

**रांची ।** राज्य में बेहतर शिक्षा प्रणाली विकसित करने की दिशा में सरकार हर वर्ष शिक्षा बजट निर्धारित करती है. लेकिन अफसोस है कि जमीनी हकीकत ठीक इसके विपरीत है. कुछ सरकारी एवं मान्यता प्राप्त अल्पसंख्यक विद्यालयों की दिशा और दशा बदहाली की व्यथा बयां कर रही हैं. 1625 गुरुजी का ध्यान तनिक भी नौनिहालों पर नहीं है. लिहाजा, एमआईएस सेक्सन के साथ ई-विद्यावाहिनी के माध्यम से यह ज्ञात हुआ कि कुछ सरकारी एवं मान्यता प्राप्त अल्पसंख्यक विद्यालयों में कार्यरत 1625 शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज नहीं की गई. आज के आधुनिक परिप्रेक्ष्य में शैक्षणिक और बौद्धिक विकास के लिए शिक्षा विभाग में व्यापक बदलाव आया है. सरकार पूरे आत्मविश्वास के साथ छात्र-छात्राओं का भविष्य गढ़ने की दिशा में सभी स्तर पर प्रयास करने में जुटी है. विद्यार्थियों की मेधा को धरातल पर उतारने का यह प्रयास जारी है. बावजूद इसके शिक्षक बिना सूचना के अनुपस्थित पाए जाते रहे हैं

सूर्या हांसदा एनकाउंटर केस : भाजपा की 7 सदस्यीय टीम ने रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया

## भ्रष्टाचार और लूट के खिलाफ आवाज उठाने के कारण हुई सूर्या हांसदा की हत्या : अर्जुन मुंडा

शुभम संदेश। रांची



गोड्डा में सूर्या हांसदा एनकाउंटर की जांच लिए भाजपा द्वारा गठित सात सदस्यीय टीम की महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को प्रदेश कार्यालय में हुई. बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा,पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी,पूर्व सांसद सुनील सोरेन,प्रदेश प्रवक्ता अमित मंडल एवं अनीता सोरेन उपस्थित थे. बैठक में जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया, जिसे प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को सौंपा जाएगा.

बैठक समाप्ति के बाद मीडिया से बात करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि भ्रष्टाचार और लूट के खिलाफ आवाज उठाने के कारण हुई सूर्या हांसदा की हत्या. कहा कि गोड्डा के ललमटिया दौरे पर जाने के बाद टीम ने स्व सूर्या हांसदा के परिजनों व वहां के प्रबुद्ध लोगों, स्थानीय जनता से घटना के संदर्भ में जानकारी ली.कहा कि सभी ने स्पष्ट तौर पर आशंका जाहिर की कि स्व सूर्या हांसदा का इनकाउंटर फर्जी है और यह साजिशन हत्या है.

पूर्व सीएम मुंडा ने कहा कि स्व हांसदा अवैध उत्खनन और भ्रष्टाचार का सदैव विरोध करते थे. उनका परिवार रूढ़िवादी पारंपरिक आदिवासी व्यवस्था का अगुआ है. उनका परिवार मांझी परिवार है. स्व सूर्या हांसदा अपने आंदोलनों के कारण खनन माफियाओं की आंखों की किरकिरी बने हुए थे. उनके रास्ते में रोड़ा बनकर खड़े थे, इसलिए उन्हें रस्ते से हटाने की साजिश रची गई.जिस मुकदमे में उनका एनकाउंटर दिखाया जा रहा उउसमें वे नामजद भी नहीं थे.

मुंडा ने कहा कि स्व सूर्या हांसदा गरीब बच्चों के मसीहा थे. सैकड़ों बच्चों के शिक्षा की चिंता करते थे. आज वैसे बच्चे उनके चले जाने से खुद को अनाथ महसूस कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि भाजपा स्व सूर्या हांसदा एनकाउंटर मामले की लड़ाई को अंतिम दम तक लड़ेगी.पार्टी परिवार के साथ खड़ी है. आनेवाले दिनों में पार्टी इस फर्जी एनकाउंटर को लेकर जोरदार आंदोलन करेगी.

### 4348 किलो डोडा के साथ गिरफ्तार आरोपी प्रदीप को हाईकोर्ट से मिली बेल



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने 4348 किलो डोडा के साथ गिरफ्तार किए गए प्रदीप उर्फ चांद कुमार को जमानत दे दी है. इस मामले में जस्टिस अम्बुज नाथ की अदालत में सुनवाई हुई, जहां आरोपी की ओर से अधिवक्ता अमन कुमार राहुल ने पैरवी की. कोर्ट ने बीस-बीस हजार रुपये के दो निजी मुचलके भरने की शर्त पर जमानत मंजूर की.गौरतलब है कि नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने 23 नवंबर 2024 को रांची के रामपुर इलाके से प्रदीप को गिरफ्तार किया था. उसके पास से 4348 किलो डोडा बरामद किया गया था, जिसे तस्करी के लिए ले जाया जा रहा था.

# जेपीएससी और जेएसएससी से नवचयनित अधिकारियों-कर्मियों के लिए प्रशिक्षण अनिवार्य

### आईजीओटी पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन मोड में ट्रेनिंग, नौ पाठ्यक्रम शामिल

शुभम संदेश। रांची

झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) के माध्यम से हाल ही में चयनित अधिकारियों और कर्मियों के लिए राज्य सरकार ने प्रशिक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण दिशानिर्देश जारी किए हैं. कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग ने मंगलवार को एक आदेश जारी कर यह स्पष्ट किया कि समूह 'ख' और 'ग' के सभी नवचयनित पदाधिकारियों और कर्मचारियों को सेवा में योगदान से पूर्व विशेष प्रशिक्षण लेना अनिवार्य होगा.

**अधिकारियों की दक्षता, ज्ञान और कार्यकुशलता मजबूत करना उद्देश्य :** प्रशिक्षण आईजीओटी पोर्टल



के माध्यम से ऑनलाइन मोड में कराया जाएगा, जिसमें कुल नौ पाठ्यक्रम शामिल हैं. इन पाठ्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूरा कर प्राप्त प्रमाण पत्र नवचयनित कर्मियों को योगदान के समय प्रस्तुत करना होगा. इन पाठ्यक्रमों का उद्देश्य अधिकारियों की दक्षता, ज्ञान और कार्य कुशलता को मजबूत करना है. इसके साथ ही, राज्य प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थान (एटीआई) में मूल्यांकन परीक्षा भी ली जाएगी, ताकि उनकी योग्यता का आकलन किया जा सके.

#### आईजीओटी पोर्टल के नौ अनिवार्य पाठ्यक्रम इस प्रकार हैं

- ऑपरेटिंग सिस्टम : विंडोज 10–11
- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का मूल ज्ञान
- कंप्यूटर सिस्टम और इंटरनेट तकनीक की मूल बातें
- माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस (वर्ड, पावरपॉइंट, एक्सेल)
- इमर्जिंग टेक्नोलॉजी से परिचय
- साइबर सुरक्षा की मूल बातें
- एमएस दस्तावेजों को एआई की मदद से बेहतर बनाना
- माइक्रोसॉफ्ट टीम का उपयोग
- कंप्यूटर टाइपिंग कौशल
- इस निर्देश के तहत यह कदम प्रशासनिक व्यवस्था को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक अहम पहल मानी जा रही है.

#### विंडोज 10 या 11 और एमएस ऑफिस युक्त लैपटॉप लाना होगा

विभाग द्वारा जारी निर्देशों में यह भी स्पष्ट किया गया है कि नवनियुक्त कर्मियों को विंडोज 10 या 11 और एमएस ऑफिस युक्त अपना लैपटॉप साथ लाना अनिवार्य होगा. यदि किसी विशेष कारणवश वे लैपटॉप नहीं ला पाते हैं, तो विभाग में योगदान देने के बाद जल्द से जल्द इसकी व्यवस्था करनी होगी.

हरमू रोड और अग्रसेन पथ स्थित श्याम मंदिरों में खाटू नरेश के हुए विशेष श्रृंगार

## भाद्रपद एकादशी पर श्री श्याम मंदिरों में भक्ति का उमड़ा सैलाब

शुभम संदेश। रांची

भाद्रपद माह की कृष्ण पक्ष की जया एकादशी के पावन अवसर पर रांची के हरमू रोड और अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिरों में भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला. दोनों ही मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें लग गई थीं, जो बाबा श्याम के अनुपम श्यामल स्वरूप के दर्शन करने पहुंचे थे.हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में सुबह 5:30 बजे मंगला आरती के साथ कार्यक्रमों की शुरुआत हुई. नियमित दर्शनार्थियों के साथ बड़ी संख्या में ग्यारस पर आने वाले श्याम भक्त भी उपस्थित रहे. आरती के बाद मंदिर के पर्दे लगाकर विशेष श्रृंगार किया गया, जिसमें बेंगलुरू से मंगाए गए लाल-पीले गुलाब, ऑर्किड, कोलकाता की तुलसीदल, रजनीगंधा, कमल, और लाल गेंदे की मोटी मालाओं से बाबा श्याम को सजाया गया. श्रृंगार की सेवा राजेश सिंह एवं उनके परिवार द्वारा समर्पित की गई थी.रबड़ी प्रसाद सेवा अन्नपूर्णा सरावगी ने, केसरिया पेड़ा



खुशबू गर्ग ने, पंचमेवा भोग सेवा मनोज अग्रवाल व आशीष सरावगी ने, मगही पान सेवा सुभाष, रौनक पोद्दार ने, मुकेश बरनवाल ने फल प्रसाद, गिरी गोला सेवा मुकेश मित्तल द्वारा निवेदित की गई थी.

मंडल के उपाध्यक्ष अशोक लड़िया, महामंत्री गौरव अग्रवाल एवं मंत्री पंकज गाड़ोदिया ने प्रसाद वितरण का कार्य अन्य सहयोगियों के साथ सम्पन्न किया,इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका महामंत्री गौरव अग्रवाल कोषाध्यक्ष मनोज खेतान पूर्व अध्यक्ष सुरेश सरावगी पूर्व



अध्यक्ष विश्वनाथ नारसरिया उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया अशोक लड़ियां मंत्री पंकज गाड़ोदिया विष्णु चौधरी उपमंत्री प्रवीण सिंघानिया प्रचार मंत्री रोहित अग्रवाल श्यामसुंदर शर्मा राजेश चौधरी राजेश ढांढनीया स्नेह पोद्दार रोशन खेमका दिनेश अग्रवाल लोकेश जालान सर्वेश अग्रवाल आदि काफी संख्या में श्याम मंदिर में श्याम भक्त उपस्थित हुए.

रात्रि 9:30 बजे से प्रारंभ हुए संकीर्तन में गणेश वंदना से लेकर रानी सती दादी एवं बाबा श्याम के भजनों तक की प्रस्तुतियां हुईं. संकीर्तन का संचालन मंडल के कोषाध्यक्ष मनोज खेतान द्वारा किया गया. इस दौरान अखंड ज्योत भी प्रज्वलित की गई, जिसमें भोग स्वरूप केसरिया पेड़ा, पंचमेवा, फल, गिरीगोला, रबड़ी एवं मगही पान अर्पित किए गए. रात्रि 12:15 बजे की विश्राम आरती के साथ मंदिर के पट बंद कर दिए गए.

वहीं अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में भी एकादशी उत्सव बड़े श्रद्धा भाव के साथ मनाया गया. सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही. इस अवसर पर बाबा को नये वस्त्रों और स्वर्ण आभूषणों से सजाया गया. मंदिर को जूही, बेला, रजनीगंधा, गुलाब और तुलसी दल की मालाओं से विशेष रूप से सजाया गया. बजरंगबली और शिव परिवार की भी विशेष पूजा एवं श्रृंगार किया गया.

रात्रि 9 बजे से भक्तों ने "तुझको रिझाएंगे भजन तेरा सुनाएंगे", "छोड़ेंगे ना हम तेरा द्वार ओ बाबा सात जन्म तक" जैसे भावपूर्ण भजनों पर झूमते हुए भक्ति रस में डूब गए। इस अवसर पर बाबा को मेवा, फल, खीर, चूरमा और केसरिया दूध का भोग अर्पित किया गया.

झारखंड शिक्षा परियोजना परिषदः राज्य स्तरीय जवाहरलाल नेहरू हॉकी प्रतियोगिता संपन्न

## खेल मंत्री सुदिव्य कुमार बोले-शिक्षा विभाग और खेल विभाग एक-दूसरे के पूरक हैं

शुभम संदेश। रांची




राज्य स्तरीय जवाहरलाल नेहरू हॉकी प्रतियोगिता का समापन बुधवार को हुआ. इस प्रतियोगिता का आयोजन स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड अंतर्गत झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा किया गया था. समापन समारोह के मुख्य अतिथि खेल मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद और खेल विभाग एक-दूसरे के पूरक हैं. झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद राज्य के हीरा रूपी खिलाड़ियों को ढूंढ रही है और खेल विभाग उन्हें तराश कर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मंच प्रदान कर रहा है. उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए असफल खिलाड़ियों को प्रेरित किया कि वे पूरे लगन और मेहनत के साथ अभ्यास करें आने वाला साल निश्चित रूप से उनका होगा.

विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रांची के विधायक सीपी सिंह ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी हमारे झारखंड की धरोहर हैं. स्वागत संबोधन में राज्य परियोजना निदेशक शशि रंजन ने कहा कि अब तक हॉकी में दक्षिणी झारखंड का वर्चस्व रहा है. परंतु आज उत्तरी झारखंड भी अपनी पहचान बना रहा है. उन्होंने हजारीबाग जिले का उदाहरण देते हुए कहा कि इस जिले के खिलाड़ियों ने प्रारंभ से लेकर अंतिम तक उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया. हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने कहा कि शिक्षा विभाग जिस शानदार तरीके से खेलों का आयोजन कर रहा है, उसके लिए हॉकी झारखंड और हॉकी इंडिया की ओर से विशेष धन्यवाद. पुरस्कार वितरण सामरोह में खेल निदेशक शेखर जमुआर एवं पूर्व ओलंपियन मनोहर टोप्पो भी उपस्थित रहे.

**ब्रीफ न्यूज**

### ब्लॉक में पेसा प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**लातेहार।** लातेहार प्रखंड सभागार में आयोजित दो दिवसीय पेसा प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन बुधवार को किया गया. इस प्रशिक्षण में प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के मुखिया, वार्ड सदस्य एवं जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. कार्यक्रम का उद्देश्य पंचायत स्तर पर पेसा कानून की समझ, उसकी उपयोगिता तथा ग्रामसभा की सशक्त भूमिका पर विस्तृत जानकारी देना था. समापन सत्र में प्रशिक्षकों ने बताया कि पेसा कानून आदिवासी एवं ग्रामीण समाज को निर्णय लेने की शक्ति प्रदान करता है. इसके तहत ग्रामसभा को विकास योजनाओं की स्वीकृति, सामाजिक न्याय, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण तथा पारंपरिक रीति-रिवाजों को बनाए रखने का अधिकार है. प्रशिक्षण के दौरान जनप्रतिनिधियों को व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से जागरूक किया गया ताकि वे अपने-अपने पंचायतों में सही तरीके से इस कानून को लागू कर सकें. मौके पर सभी मुखिया एवं जनप्रतिनिधियों ने आश्वासन दिया कि वे अपने गांवों में पेसा कानून की जानकारी आम जनता तक पहुंचाएंगे और ग्रामसभा को अधिक सशक्त बनाएंगे. कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रखंड प्रशासन एवं प्रशिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

### सर्पदंश से किसान अचेत, रिम्स रेफर

**बालूमाथ (लातेहार)।** बारियातू प्रखंड के अलखडीहा टोला में बुधवार को खेत में काम कर रहे एक किसान सर्पदंश का शिकार होकर अचेत हो गया. प्राप्त जानकारी के अनुसार सत्येंद्र उरांव, उम्र 65 वर्ष मकई के खेत में कार्य कर रहे थे. इसी दौरान अचानक विषैले सांप ने उन्हें काट लिया. जिससे वह खेत में ही अचेत हो गए. जानकारी मिलते ही परिजनों ने तत्काल उन्हें बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया. जहां चिकित्सक सुरेंद्र कुमार ने प्राथमिक उपचार किया. लेकिन स्थिति गंभीर देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया. डॉ सुरेंद्र कुमार ने बताया कि मरीज की स्थिति गंभीर है. बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है. ज्ञात हो कि मॉनसून में सर्पदंश के मामले में वृद्धि हुई है. चिकित्सक ने ग्रामीणों व किसानों से इस मौसम में सावधानी बरतने की सलाह दी है.

## मुक्का आजीविका महिला ग्राम संगठन की वार्षिक आमसभा संपन्न, महिलाओं की बढ़ी आय

# 13 महिला स्वयं सहायता समूहों ने लिया हिस्सा

**शुभम संदेश।लातेहार**



बुधवार को मुक्का आजीविका महिला ग्राम संगठन की वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया. इस बैठक में कुल 13 महिला स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने भाग लिया. आमसभा के दौरान संगठन की वर्ष भर की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया और महिलाओं ने अपने अनुभव व सफलता की कहानियां साझा की. समूहों ने बताया कि संगठन से जुड़ने के बाद उनकी आजीविका में सकारात्मक बदलाव आया है और लाखों रुपये की कमाई से आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है.

संगठन की वार्षिक आय 1,64,000 रूपये रही. यह महिलाओं के सामूहिक प्रयास और परिश्रम का परिणाम है. बैठक में यह बात सामने आयी कि महिलाओं ने न केवल अपनी आय बढ़ाई है बल्कि आत्मनिर्भरता और सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम बढ़ाए हैं. आमसभा में उपस्थित महिलाओं ने यह साझा किया कि संगठन के माध्यम से उन्हें आजीविका के बेहतर अवसर मिले हैं और अब वे समाज में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रही हैं. यह आयोजन महिलाओं को सशक्त बनाने और स्थायी आजीविका को बढ़ावा देने के संगठन के संकल्प का प्रतीक है. इस मौके पर डीपीएम संतोष कुमार, डीएमएल अंकित कुमार, सुजीत कुमार, (सीसी) महेश सिंह, उपेंद्र सिंह, पूनम देवी, पानो देवी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे.

## जनता दरबार में उठी आम जनता की समस्याएं

# डीसी ने दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश

**शुभम संदेश।पलामू**



बुधवार को समाहरणालय सभागार, मेदिनीनगर में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया. जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखीं, जिन्हें गंभीरता से सुनते हुए उपायुक्त ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित एवं निष्पक्ष कार्रवाई के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि सभी मामलों का निपटारा 15 दिनों के भीतर सुनिश्चित किया जाए.

जनता दरबार में हरिहरगंज की काजल कुमारी ने ग्राम भगत तेंदुआ-1 में आंगनबाड़ी सेविका के पद पर किरण कुमारी के कथित अवैध चयन की शिकायत की. उन्होंने आरोप लगाया कि किरण कुमारी संबंधित पोषण क्षेत्र की निवासी नहीं हैं और उनका चयन बिना स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति के किया गया. सीमा सुरक्षा बल के दीपक कुमार तिवारी ने वर्ष 2021 में बैरिया में खरीदी गई 7.5 डिसमिल ज़मीन के म्यूटेशन की समस्या रखी. उन्होंने बताया कि भूमि सुधार उप समाहर्ता स्तर से उनका आवेदन खारिज कर दिया गया है. उन्होंने उपायुक्त से हस्तक्षेप की मांग की.
पुरुष परिवार कल्याण कार्यकर्ता पार्वती देवी ने अपना स्थानांतरण रेल के समीप किसी स्वास्थ्य केंद्र में कराने का अनुरोध किया. वहीं, पांकी प्रखंड के भरी गांव से आए नरेश प्रसाद ने पांकी सीआई पर मांग पंजी-11 निर्गत नहीं करने का आरोप लगाया. सदर प्रखंड के खनवां गांव से आए मुनेश्वर महतो ने अपनी जमीन का ऑनलाइन एंट्री और एलपीसी निर्गत न होने की समस्या बताई. हुसैनाबाद के चनकार गांव के ग्रामीणों ने राशन डीलर बदलने की मांग की, क्योंकि उन्हें राशन लेने के लिए 8 से 10 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है. इसके अतिरिक्त, जनता दरबार में भूमि विवाद, सार्वजनिक रास्ता अवरोध, अयोग्य लाभुकों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ, दाखिल खारिज, राजस्व, स्वास्थ्य, आपूर्ति, पेयजल, शिक्षा और कल्याण विभाग से संबंधित कई आवेदन प्राप्त हुए. उपायुक्त ने सभी शिकायतों की गंभीरता से समीक्षा कर कार्रवाई का भरोसा दिलाया.

# जिप सदस्य ने लिया संज्ञान सदन में मामला गरमाया



**खबर का असर**



**मयंक विश्वकर्मा।बरवाडीह**

लातेहार जिले के बरवाडीह प्रखंड में लगभग छह वर्ष से बन्द पड़ी मॉडल स्कूल परियोजना का खबर 19 अगस्त के अंक में शुभम संदेश दैनिक अखबार में प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था. खबर छपने के बाद मंगलवार को लातेहार समाहरणालय के सभागार में जिला परिषद की बैठक में वर्षों से बन्द पड़े बरवाडीह की मॉडल स्कूल परियोजना का मामला गहमागहमी रहा. बरवाडीह जिप सदस्य संतोषी शेखर ने शुभम संदेश अखबार में छपी खबर को संज्ञान में लेते हुए सदन में मामला को उठाया. उन्होंने सदन में कहा कि इस मामले में शिक्षा विभाग की घोर लापरवाही है जिसके कारण आज तक बरवाडीह की मॉडल विद्यालय परियोजना पूर्ण नहीं हो सका. उन्होंने कहा जिसके कारण आज तक बच्चे बरवाडीह प्लास टू स्कूल के बगल के चार कमरे में जैसे–तैसे शिक्षा प्राप्त कर रहें है. कमरा के अभाव में एक कमरा में कई क्लास के बच्चे को पढ़ाया जाता है. उन्होंने यह भी कहा कि कई बच्चे नामांकन लेने के बाद बाहर कोचिंग या ट्यूशन कर अपना तैयारी करते है. जिप सदस्य ने सदन में इस मामले की गंभीरता से जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने और जल्द से जल्द बरवाडीह की अधूरी पड़ी मॉडल विद्यालय परियोजना को पूर्ण करने का मांग की है.

# बभंडीह में चोरों ने पुलिसकर्मी के घर में लगाई सेंध, जेवरात लेकर फरार

**शुभम संदेश।बरवाडीह (लातेहार)**



बरवाडीह थाना अंतर्गत खुरा पंचायत के बभंडीह गांव में मंगलवार की रात चोरों ने पुलिसकर्मी परिवारों को निशाना बनाते हुए चोरी की बड़ी घटना को अंजाम दिया है. घटना में झारखंड जगुआर (जैप) के हवलदार करमचंद सिंह, बीएसएफ के जवान बसंत कुमार सिंह एवं एएसआई मनोज सिंह के घरों में चोरी हुई है. वहीं जिला बल में पदस्थापित एएसआई विजय सिंह के घर के दरवाजे की कुंडी तोड़कर चोरी करने का प्रयास किया गया, लेकिन चोर अंदर प्रवेश करने में असफल रहे. आवेदन के अनुसार 19 अगस्त की देर रात लगभग 10 से 11 बजे के बीच जब सभी परिवारजन सो गए थे, तभी अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर अलमारी और बक्सा के तला तोड़ डाला. चोरों ने मनोज सिंह के घर से 50 हजार रुपये नकद, सोने-चांदी के गहने (मंगलसूत्र, टॉप्स, बाली, पायल, नथुनी) समेत अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया. वहीं अन्य घरों से भी नकदी और जेवरात चोरी हुए हैं. वहीं चोरों ने घटना को अंजाम देने के बाद घटना स्थल से कुछ दूरी कनौदा नाला के पास लैपटॉप, बक्शा समेत अन्य कई समान फेंक कर फरार हो गया.

गौरतलब है कि गांव के पूर्व मुखिया और परिजनों द्वारा चोरी की सूचना तुरंत बरवाडीह थाना को दे दी गई थी, लेकिन तीन घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस मौके पर नहीं पहुंची. इससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है. लोगों का कहना है कि थाना प्रभारी अनूप कुमार को समय रहते खबर दी गई थी, इसके बावजूद पुलिस ने तत्परता नहीं दिखाई. वहीं बरवाडीह थाना प्रभारी अनूप कुमार ने बताया कि घटना को लेकर पुलिस की टीम छापामारी कर रही है. जल्द ही चोर पुलिस के गिरफ्त में होगा.

# एकल अभियान के क्षमता विकास वर्ग के तहत निकाली गयी प्रभातफेरी

**शुभम संदेश।लातेहार**



एकल अभियान के संभाग दक्षिण झारखंड का सात दिवसीय क्षमता विकास वर्ग के श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर में आयोजित किय जा रहा है. 19 अगस्त को इस वर्ग के उद्घाटन डीवीसी के सीएसआर के असिस्टेंट मैनेजर संजीव कुमार एवं राष्ट्रीय संगठन महामंत्री सह एकल अभियान के केंद्रीय अभियान प्रमुख डॉ ललन कुमार शर्मा के द्वीप प्रज्वलन कर किया गया. उदघाटन सत्र को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय संगठन महामंत्री डा शर्मा ने कहा कि एकल अभियान के उपर एक बहुत बड़ी जिम्मेवारी है. उन्होने कहा कि हमें समाज को सुधारने का बीड़ा दिया गया है. एकल अभियान क बच्चे देश के भविष्य हैं. हमें उनके भविष्य को संवारना है तभी भारतवर्ष का भविष्य संवरेगा. उन्होने कहा कि आज समाज को विदेशी और आक्रांता शक्तियों के द्वारा बांटने का प्रयास किया जा रहा है. इसका हमें डट कर मुकाबला करना है. वर्ग के दूसरे दिन बुधवार को एकल अभियान के द्वारा नगर में प्रभात फेरी निकाली गई. इस प्रभात फेरी में अंचल समिति के रमेश प्रसाद गुप्ता, अंचल अध्यक्ष अभिनंदन प्रसाद, व्यवस्था प्रभारी दुर्गा प्रसाद, केंद्रीय सह युवा प्रमुख राजू पांडेय, प्रभाग पी-3 व्यास राजकिशोर यादव, संभाग दक्षिण झारखंड अभियान प्रमुख राजनाथ उरांव, संभाग दक्षिण झारखंड प्रशिक्षण प्रमुख अर्जुन सिंह, संभाग दक्षिण झारखंड व्यास राजकिशोर महतो, भाग प्राथमिक शिक्षा प्रशिक्षक लोहरदगा फिरमोहन बड़ाइक, अंचल अभियान प्रमुख अवध किशोर यादव, अंचल प्राथमिक शिक्षा प्रशिक्षक खुटी विरेन्द्र सिंह मुंडा, अंचल प्राथमिक शिक्षा प्रशिक्षक रातू कमल नाथ महतो, अंचल प्रशिक्षक लातेहार महेंद्र सिंह, अंचल कार्यालय प्रमुख लातेहार राहुल कुमार, अंचल गतिविधि प्रमुख लातेहार बिनोद कुमार सिंह, अंचल व्यास लातेहार रविंद्र यादव के अलावा सभी संच प्रशिक्षक परीक्षार्थी शामिल थे.

**बालूमाथ**

## जिप उपाध्यक्ष ने उठाए बालूमाथ के जनहित से जुड़े मामले

# शहर में जाम की समस्या को प्रमुखता से उठाया गया

**शुभम संदेश।बालूमाथ (लातेहार)**



जिला परिषद की मासिक बैठक में जिप उपाध्यक्ष सह बालूमाथ पश्चिमी जिला परिषद सदस्य अनीता देवी ने जनहित से जुड़े मामले को जोरशोर से उठाकर उसके समाधान के लिए पहल करने की मांग की है. जिप उपाध्यक्ष अनिता देवी ने मुख्य रूप से बालूमाथ शहर में जाम की समस्या को प्रमुखता से उठाते हुए यात्री बसो को बस पड़ाव में ही रुकना सुनिश्चित करने की बात कही. साथ ही बस स्टैंड में प्याऊ, शौचालय, लाइट, टिकट काउंटर जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की बात कही. उन्होंने राजकीय कृत +2 उच्च विद्यालय के जमीन की मापी एवं अतिरिक्त कमरों का निर्माण की मांग, बालूमाथ में महिला चिकित्सक उपलब्ध कराने की मांग, डाक बंगला बनाने का प्रस्ताव, बिरहोर टोला में आदिम जनजातियों के बीच कैंप लगाकर मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने, किसी भी व्यक्ति के पास आधार कार्ड, बच्चे का जाति प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, स्थानीय प्रमाण पत्र, महिला को मंईयां सम्मान योजना का लाभ दिलाने, जमीन का बंदोबस्ती पर्चा मिलने के बाद भी लगान रसीद नहीं कटने, अबुआ वीर अबुआ दिशुम अभियान के तहत बृहद पैमाने पर सभी पक्षों को जागरूक करने तथा अधिक से अधिक दावों को सृजित कर नियमानुसार वन पट्टा वितरण करने का लक्ष्य के बावजूद बिरहोर टोला के निवासियों को किसी भी प्रकार का कोई वन पट्टा नहीं मिलने की बात कही. कोमर के आदिवासी बाहुल्य कुसी टोला और पारनदी को पक्की सड़क से जोड़ने, धाधू नीचेटोला भैंसादोन में पुलिया निर्माण, उन्होंने धाधू पंचायत के भैंसदोन नीचे टोला में पुलिया नहीं होने के कारण टोला पूरी तरह से गांव से अलग-अलग पड़ जाने तथा बच्चों के विद्यालय नहीं जा पाने, काम करनेवाले मजदूरों की समस्या,जानवरों के चारे की भी समस्या के समाधान पर बल दिया. जिप उपाध्यक्ष ने खराब पड़े जलमीनारों की अविलंब मरम्मती जल जीवन मिशन के अंतर्गत बने जलमीनारों के मामले को प्रमुखता से उठाया. उन्होंने बताया कि कई बार सूचना देने के बाद भी विभाग के स्तर से जलमीनारों की मरम्मत हेतु कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है.

सीपीग्राम में इंजीनियरों के द्वारा गलत प्रतिवेदन अपलोड किया जा रहा है इसकी जांच की मांग, प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय को अपग्रेड कर प्लस टू तक किया जाने व नवनिर्मित हॉस्टल को चालू कराया जाने की भी मांग की. इसके अतिरिक्त अन्य छोटे-बड़े मामलों को भी उन्होंने प्रमुखता से बैठक में उठाया व उसके निदान की मांग की.

### राजीव गांधी की जयंती पर युवाओं ने लिया संकल्प

**मेदिनीनगर।** भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड की ओर से राज्यभर में श्रद्धांजलि सभाओं का आयोजन किया गया. इसी क्रम में पलामू जिला कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड द्वारा भी कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार ने की. कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष विक्रमजीत सिंह उपस्थित रहे. जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार ने कहा कि "राजीव गांधी जी युवाओं के सच्चे मार्गदर्शक थे. पंचायतों को अधिकार देकर उन्होंने लोकतंत्र की जड़ें मजबूत कीं और सूचना क्रांति से भारत को आधुनिक युग की ओर अग्रसर किया." प्रदेश अध्यक्ष विक्रमजीत सिंह ने कहा कि "राजीव गांधी जी की दूरदृष्टि ने भारत को विश्व पटल पर नई पहचान दिलाई.

## एक नजर

### नेतरहाट के पलामू डाक बंगला का सिलिंग गिरा



**लातेहार।** बुधवार की सुबह नेतरहाट के मशहूर पलामू डाक बंगला में एक बड़ा हादसा टल गया. पलामू डाक बंगले के बरामदे का फॉल्स सिलिंग अचानक भर भराकर गिर गया. गनीमत यह रही कि किसी प्रकार की जानमाल की हानि नहीं हुई. हालांकि आसपास में सैलानी बैठे थे. सिलिंग उनसे महज कुछ ही इंच दूर गिरी. डाक बंगला के चार नंबर कमरे के एक सैलानी ने बताया कि सुबह वह उठ कर कमरे के बाहर बरामदा में बैठे थे, तभी अचानक बरामदा की फॉल्स सिलिंग भराभराकर गिर गया. कुछ देर तक तो उन्हें समझ में नहीं आया कि क्या हुआ है. वे पास में ही बैठे थे. बता दें कि पिछले साल ही नेतरहाट के पलामू डाक बंगला का रिनोवेशन कराया गया था. एक साल में ही फॉल्स सिलिंग का गिर जाना कार्य की गुणवत्ता की पोल खोल रहा है. पलामू डाक बंगला नेतरहाट की शान है. यहां अधिकांश सरकार के आला अधिकारी और न्यायिक पदाधिकारियों एवं अन्य विशिष्ट लोग ही ठहरते हैं. नेतरहाट में जब भी कोई सरकारी कार्यक्रम होता है, लोगों की यह पहली पसंद होती है.

### पलामू स्तरीय पुलिस अधिकारियों की बैठक संपन्न



**लातेहार।** बेतला में आईजी पलामू, प्रक्षेत्र सुनील भास्कर की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में अपराध व उग्रवाद नियंत्रण की समीक्षा की गयी. बैठक में डीआईजी पलामू के अलावा लातेहार, गढ़वा व पलामू जिलों के पुलिस अधीक्षक व सीएपीएफ के पदाधिकारी शामिल थे. आइजी ने बैठक में अपराध नियंत्रण, कांड का उद्भेदन एवं लोगों की समस्याओं का निपटारा करने को ले कर कई दिशा निर्देश दिया. उन्होने एक कार्य योजना बना कर और सामुहिक रूप से समन्वय स्थापित कर अपराध नियंत्रण की दिशा में काम करने की बात कही. नक्सलियों एवं सगठित अपराध की घटनाओं को रोकने एवं उनके विरूद्ध कार्रवाई करने लिए भी उन्होने कई दिशा निर्देश दिये. उन्होंने क्षेत्र के संवेदक, व्यवसायी व अन्य लोगों का सुरक्षा देना पुलिस प्राथमिकता बताया. आईजी ने थाना में दर्ज कांडो का उदभेदन करने की दिशा में भी गति लाने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि मामले लंबित हो जाने पर अनुसंधान सही ढंग से नहीं हो पाता है. उन्होने लोगों की समस्याओ का भी समाधान करने की बात कही. कहा कि पुलिस और पब्लिक के बीच की दूरी को उनकी समस्याओं का समाधान कर दूर किया जा सकता है. पब्लिक के साथ पुलिस का सोहार्दपूर्ण संबंध हो इसके लिए हमें उनकी समस्याओं को जानने वं उसका समाधान करने की जरूरत है. उन्होने थानों में आये ग्रामीणों के साथ शालीनता से पेश आने एवं धैर्यपूर्वक उनकी बातों को सुनने का भी बात कही.

### नये जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने संभाला पदभार



**लातेहार।** नये जिला आपूर्ति पदाधिकारी के रूप में श्रवण राम ने बुधवार को पदभार ग्रहण कर लिया है. उन्होने निवर्तमान जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा से पदभार ग्रहण किया. योगदान करने के बाद उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं को पारदर्शी तरीके से आम जनता तक पहुचाना उनकी प्राथमिकता होगी.उन्होंने विशेष रूप से जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) में पारदर्शिता लाने की बात कही. कहा कि राशन वितरण में गड़बड़ी रोकने तथा लाभुकों को समय पर खाद्यान्न उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता होगी. डीएसओ श्रवण राम ने विभागीय अधिकारियों एवं कर्मियों के साथ बैठक कर कार्यो की जानकारी ली और सभी से ईमानदारी एवं तत्परता से कार्य करने का निर्देश दिया. उन्होंने स्पष्ट कहा कि राशन दुकानों में किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और शिकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी. जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने यह भी कहा कि पात्र लाभुकों को योजनाओं से वंचित नहीं होने दिया जाएगा. उनका प्रयास रहेगा कि खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत जिले के सभी जरूरतमंद लोगों को समय पर सुविधा मिले. पदभार ग्रहण के दौरान विभागीय कर्मियों ने उन्हें बधाई दी और हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया.

### सीओ ने किया खाद-बीज दुकानों का निरीक्षण



**बालूमाथ (लातेहार)।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित बाजार रोड एवं बस स्टैंड स्थित विभिन्न खाद-बीज दुकानों में बुधवार को अंचल अधिकारी बालेश्वर राम ने औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान दुकानों में उपलब्ध रेट चार्ट, स्टॉक, गोदाम तथा लाइसेंस की गहन जांच की गई. अंचल अधिकारी ने दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिया कि वे किसानों से किसी भी प्रकार की अवैध वसूली न करें, अधिक दाम न लें, तथा ब्लैक मार्केटिंग जैसी गतिविधियों से पूरी तरह बचें. श्री राम ने चेतावनी दी कि यदि कोई दुकानदार नियमों का उल्लंघन करता पाया गया, तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने किसानों से अपील की कि वे खरीदारी करते समय दुकानों पर लगे रेट चार्ट की जांच अवश्य करें और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाए जाने पर तुरंत प्रशासन को सूचना दें. अंचल अधिकारी के इस निरीक्षण से स्थानीय बाजार में हड़कंप की स्थिति देखी गई.

### कांग्रेस कमेटी ने राजीव गांधी की जयंती मनाई



**चंदवा।** प्रखंड कांग्रेस कमिटी ने बुधवार को स्थानीय पथ निर्माण विभाग विश्रामागार परिसर में राजीव गांधी की जयंती मनाई. कमिटी द्वारा राजीव गांधी की जयंती को सद्भावना दिवस के रूप में मनाई. कमिटी के द्वारा सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित करते हुए तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया. इस अवसर पर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष असगर खान ने कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी का शहादत पेरंबदूर में एक महिला द्वारा आर डी एक्स विस्फोट कर जन सभा में कर दी गई थी,जिससे वे शहीद हो गए इस शहादत से पूरी दुनियां हिल गई थी. अगर उनकी शहादत नहीं होती तो राजनीतिक क्षेत्र में विश्व में हिंदुस्तान का स्थान पहला होता. वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रामयश पाठक ने कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी के नहीं रहने से भारतवर्ष को काफी नुकसान हुआ है. निर्मल भारती, श्रीराम शर्मा ने भी संबोधित किया. मौके पर संतोष साहू,दामोदर उपाध्याय,अजमतउल्लाह अंसारी, कैलाश बैठा, अख्तर अंसारी, रिजरूस पॉल एक्का, अकबर अंसारी, सागर प्रजापति, मोहम्मद छोटू, अमित कुजूर, रौशन टेलर, बालाजी उरांव, शिववचन मिस्त्री, सीबियर एक्का, युगल किशोर राम, मोहम्मद शमीम, अंकित लोहारा, ताज मोहम्मद, विजय राम, रीता देवी, ललिता देवी, गुलजार अहमद, मोहम्मद मुकीम, शीश आलम समेत कई लोग शामिल रहे.

## ऑनलाइन गेमिंग पर रोक पर केंद्र सरकार को दिया धन्यवाद

**हजारीबाग।** केंद्र सरकार ने आज 20 अगस्त को लोकसभा में प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग बिल 2025 पेश किया. ये बिल ऑनलाइन गेमिंग को रेगुलेट करने और रियल-मनी गेम्स पर रोक लगाने के लिए है. बिल को 19 अगस्त कैबिनेट से मंजूरी मिली थी. इस बिल का मकसद तेजी से बढ़ रहे ऑनलाइन गेमिंग के कुप्रभाव को रोकना और युवाओं को सुरक्षित रखना है. ऐसे में उन परिवारों में खुशी का माहौल है जिनके घर की खुशियां ऑनलाइन गेम के कारण बर्बाद हो गई. करीब दो वर्ष पहले ऐसी ही घटना में हजारीबाग जिले के मंडई खुर्द के रहने वाले सुरेश कुमार महतो के 21 वर्षीय पुत्र ने ऑनलाइन गेमिंग के चंगुल में ऐसा फंसा की उसने आत्महत्या कर ली. उनके पिता ने अपना दर्द बयां करते हुए बताया कि लगभग 15 लाख रुपया वह ऑनलाइन गेमिंग के चक्कर में हार चुका था.

### विश्व मच्छर दिवस पर कोडरमा जिले में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# बच्चों के बीच हुई निबंध लेखन प्रतियोगिता

**शुभम संदेश। कोडरमा**

जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में बुधवार को विश्व मच्छर दिवस के अवसर पर विविध जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. 20 अगस्त 1897 को ब्रिटिश चिकित्सक सर रोनाल्ड रॉस द्वारा मादा एनोफिलीज मच्छर की खोज की गई थी, जो मलेरिया जैसी जानलेवा बीमारी फैलाने का मुख्य कारण है. इस वैज्ञानिक उपलब्धि की स्मृति में प्रत्येक वर्ष यह दिवस मनाया जाता है. विश्व मच्छर दिवस सिर्फ इतिहास की एक वैज्ञानिक उपलब्धि को याद करने का दिन नहीं है, बल्कि यह मच्छर जनित रोगों की गंभीरता और उनसे बचाव के प्रति जनजागरूकता



बढ़ाने का भी अवसर है. मच्छर मलेरिया, डेंगू, फाइलेरिया, चिकुनगुनिया, कालाजार और जापानी इंसेफलाइटिस जैसी कई घातक बीमारियों के वाहक हैं. इन बीमारियों की रोकथाम के लिए आम जनता को सतर्क और सजग करने के लिए जिले के विभिन्न प्रखंडों, विद्यालयों और ग्राम स्तर पर कार्यक्रम चलाए गए.

मरकच्चो स्थित जीवीएम उच्च विद्यालय, सतगांवा के उत्क्रमित मध्य विद्यालय समलडीह, जयनगर के परियोजना उच्च विद्यालय खगराडीह, बिरसोडीह और झुमरीतिलैया के गांधी उच्च विद्यालय सहित अन्य स्कूलों में बच्चों के बीच प्रभात फेरी, निबंध लेखन और स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाया गया. स्वास्थ्यकर्मियों ने बच्चों को मच्छरों से होने वाली बीमारियों, उनके लक्षण, बचाव के उपाय और मलेरिया नियंत्रण की जानकारी दी. साथ ही ग्राम स्तर पर भी मरकच्चो, जगदीशपुर और फुलवरिया (बिगहा) जैसे क्षेत्रों में ग्राम गोष्ठियों का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों को बताया गया कि मच्छरों से बचाव के लिए सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें, खिड़की-दरवाजों पर जाली लगवाएं, पूरी बांह के कपड़े पहनें और घर के आसपास जलजमाव व गंदगी न होने दें. इस वर्ष विश्व मच्छर दिवस की थीम रही – "अधिक समतापूर्ण विश्व के लिए मलेरिया के विरुद्ध लड़ाई में तेजी लाना". इस संदेश के साथ सभी लोगों से अपील की गई कि वे मच्छर जनित रोगों के प्रति जागरूक रहें, क्योंकि ₹जागरूकता ही बचाव है₹. इस अभियान को सफल बनाने में सहिया, एमटीएस, एमपीडब्ल्यू, जिला वीबीडी सलाहकार, एफएलए, डीईओ एवं जिला वीबीडी पदाधिकारी डॉ. मनोज कुमार सहित सभी स्वास्थ्य कर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा.


## एक नजर

### 11 बिरहोर परिवार नाले का पानी पीने को हैं विवश



**सतगावां (कोडरमा)।** अम्माबाद पंचायत के खवासडीह बिरोहरटोला में पेयजल स्वच्छता विभाग विभाग के गलत रवैये के कारण पानी टंकी और चापाकल खराब रहने के कारण 11 बिरहोर परिवार पहाड़ के नाले की पानी पीने पर विवश हैं. बिरहोर परिवार के लोग इस बात को लेकर कई बार मिस्त्री और विभाग के लोगों को खबर किया लेकिन आज तक कोई प्रभाव नहीं पड़ा. नाले के पानी पीने से कई बिरहोर परिवार खांसी सर्दी व अन्य रोग से ग्रसित हो रहे हैं. वहीं डेढ़ माह पूर्व समाचार पत्र में प्रमुखता से भी खबर प्रकाशित किया गया था. तुरियाटोला खवासडीह में तेज हवा से जलमीनार का सोलर प्लेट उड़ जाने के कारण अनुसूचित जाति के बस्ती में जल आपूर्ति बाधित हो गया लेकिन आज तक कनिय अभियंता व विभाग के द्वारा कोई पहल नहीं किया गया.

### चुरचू में 10वां नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य आगाज



**हजारीबाग।** सांसद खेल महोत्सव-2025 के तहत 10 वें टूर्नामेंट का आदर्श हाईस्कूल कारूखाप, चुरचू में हुआ नमो फुटबॉल टुर्नामेंट का भव्य आगाज. सांसद मनीष जयसवाल के द्वारा हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव 2025 के तहत क्रमवार आयोजित नमो फुटबॉल टुर्नामेंट के दशवें टुर्नामेंट का आगाज बुधवार को माण्डू विधानसभा क्षेत्र के चुरचू मंडल कारूखाप आदर्श हाईस्कूल मैदान में शुभारम्भ किया गया. टुर्नामेंट का पहला मैच एफसी कशियाडिह बनाम जख्मी एलेवन जुलफीया के बिच खेला गया इस टुर्नामेंट मे कुल 32 टिमो ने भाग लिया. टुर्नामेंट के मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री रंजीत कुमार सिन्हा बिशिष्ठ अतिथि के रूप में माण्डू विधानसभा सांसद प्रतिनिधि द्वारिका सिंह, विशिष्ट अतिथि आजसू जिलाध्यक्ष सह समाजसेवी परमेश्वर महतो, माण्डू विधानसभा मिडिया सांसद प्रतिनिधि रीमा कुमारी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे.

### अवैध निकासी को लेकर डीसी को सौंपा आवेदन



**चौपारण।** प्रखंड चौपारण अंतर्गत ग्राम पंचायत बेला में मनरेगा कार्यों को लेकर ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाए हैं. ग्रामीणों का कहना है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में मनरेगा योजना के तहत दर्जनों कार्य तो कागज पर ही दिखाए जा रहे हैं, जबकि धरातल पर कोई कार्य नहीं हुआ है. ग्रामीणों ने 23 जुलाई को उपायुक्त, हजारीबाग को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि बेला पंचायत में अब तक 68 कार्यों के नाम पर करीब एक करोड़ रुपये का विकास कार्य दिखाया गया है, जबकि वास्तविकता में कार्य अधूरा या शुरू ही नहीं हुआ है. साथ ही पंचायत में 358 कार्यों का जियो टैग कर दिया गया है, जिसके गबन और अनियमितता की आशंका जताई जा रही है. ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पंचायत में चल रहे मनरेगा कार्यों की स्थल जांच कराई जाए और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि सरकारी राशि की बंदरबांट रोकी जा सके. ग्राम पंचायत बेला के ग्रामीणों ने कहा कि यदि समय रहते जांच नहीं हुई तो बड़े पैमाने पर घोटाला सामने आ सकता है.

### जिला मुखिया संघ ने पुलिस अधीक्षक से की मुलाकात

**हजारीबाग।** हजारीबाग पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन से जिला मुखिया संघ का एक प्रतिनिधिमंडल शिष्टाचार मुलाकात किया. इस दौरान संघ के पदाधिकारियों ने क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं को रखते हुए उनके समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाने की मांग की. मुलाकात करने वाले प्रतिनिधिमंडल में जिला मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता, चौपारण मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक, प्रदेश मुखिया संघ सचिव मंटू सिंह तथा जिला मुखिया संघ उपाध्यक्ष पप्पू रजक शामिल थे. सभी पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से बताया कि क्षेत्र की कई गंभीर समस्याएं लंबे समय से अनसुलझी पड़ी हैं, जिनमें अपराध नियंत्रण, अवैध खनन, सड़क सुरक्षा, जल-जीवन से जुड़ी परेशानियाँ तथा पंचायत स्तर पर आम लोगों की सुरक्षा से जुड़े सवाल अहम हैं. पदाधिकारियों ने कहा कि आम जनता आज भी मूलभूत सुविधाओं के लिए जूझ रही है.



### लावालौंग : मुखिया संघ ने डीसी को आवेदन सौंपा



**लावालौंग।** प्रखंड के बिजली, सड़क, पुल और नेटवर्क कनेक्टिविटी जैसी बुनियादी समस्याओं को लेकर मुखिया संघ ने मंगलवार को चतरा उपायुक्त कृति श्री से मुलाकात कर आवेदन सौंपा. आवेदन में लावालौंग मुख्यालय से रिमी तक की सड़क की जर्जर स्थिति को प्रमुख मुद्दा बनाया गया. इसके अलावा कोलकोले, रिमी, सिलदाग और मंघनिया पंचायतों में बिजली और नेटवर्क की समस्याओं पर भी चर्चा हुई. मुखिया संघ अध्यक्ष राजेश कुमार साव ने बताया कि सिमरिया विधायक उज्ज्वल कुमार दास के नेतृत्व में संघ का प्रतिनिधिमंडल डीसी से मिला और क्षेत्र की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया. उपायुक्त ने आश्वासन दिया कि लावालौंग से मंघनिया तक सड़क की मरम्मत के लिए डस्ट डलवाया जाएगा. उन्होंने कहा कि मुखिया संघ अपने क्षेत्रों का सर्वे कर विस्तृत जानकारी जल्द उपलब्ध कराए, ताकि प्राथमिकता के आधार पर कार्य किया जा सके.

### राजीव गांधी की जयंती पर पौधरोपण व श्रद्धांजलि सभा

**हजारीबाग।** भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से बुधवार को विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश महासचिव विनोद कुशवाहा ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर राजीव गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्हें नमन किया. कार्यक्रम की शुरुआत कार्यालय परिसर में पौधरोपण से हुई. इस दौरान उपस्थित सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया.

## विद्यार्थियों में प्लेसमेंट ड्राइव व टूल किट वितरण

**हजारीबाग।** मुख्यमंत्री सारथि योजना के अंतर्गत विशेष प्लेसमेंट ड्राइव एवं टूलकिट वितरण कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को आइसेक्ट विश्वविद्यालय कैंपस, हजारीबाग में किया गया. इस कार्यक्रम का पर्यवेक्षण झारखंड स्किल डेवलपमेंट मिशन सोसाइटी द्वारा किया गया. बता दें कि इस अवसर पर लगभग 300 प्रशिक्षार्थियों ने हिस्सा लिया. इनमें आइसेक्ट से 170, यूनिवर्सल आइडियल सेवा समिति से 55 और साई ब्यूटी से 80 प्रतिभागी शामिल रहे. स्वरोज़गार को बढ़ावा देने की दिशा में आइसेक्ट दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र, हजारीबाग के 5 प्रशिक्षार्थियों और साई ब्यूटी के 3 प्रशिक्षार्थियों को टूल किट भी प्रदान किए गए. प्लेसमेंट ड्राइव में रॉयल क्लासिक, केपीआर मिल और 2050 हेल्थकेयर सहित स्थानीय नियोक्ताओं ने भाग लिया. इन कंपनियों ने प्रशिक्षार्थियों को रोजगार उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभाई.

## यक्ष्मा पदाधिकारी ने स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया



**कोडरमा।** जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी सह जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, कोडरमा द्वारा बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतगावां एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर कोठियार का निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के क्रम में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, टीबी कार्यक्रम, एनसीडी क्लिनिक एवं पैथोलॉजी विभाग की समीक्षा की गई. इस दौरान कुष्ठ कार्यक्रम सतगावां अंतर्गत संचिकाओं की जांच की गई तथा कुष्ठ मरीजों को मिलने वाले फूड सप्लीमेंट एवं मोबिलिटी सपोर्ट राशि के भुगतान की स्थिति की समीक्षा की गई, जो कि संतोषप्रद पाई गई. इसके अतिरिक्त संदेहास्पद कुष्ठ मरीज की जांच कर उन्हें एमडीटी दवा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया. वहीं पैथोलॉजी एवं एनसीडी क्लिनिक में और बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए. निरीक्षण के दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रामाशीष चौधरी, फिजियोथैरेपिस्ट राजीव रंजन, डॉ. टिकेश्वर नाथ, अचिकित्सा सहायक श्यामाकांत, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक मनोज राम, एमपीडब्ल्यू रंजन कुमार एवं एएनएम आशा कुमारी उपस्थित रहे.

## हत्या मामलो में फरार अभियुक्त गिरफ्तार

**चतरा ।** जिले के लावालौंग थाना क्षेत्र के कोची गांव के आरोपी को पुलिस ने हत्या से जुड़े पुराने मामलो में वांछित फरार अभियुक्त को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है. यह कारवाई पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल के निर्देश पर फरार अभियुक्त के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के दौरान मंगलवार रात्रि में फरार अभियुक्त के घर विधिवत छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया. इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि गिरफ़्तार अभियुक्त के खिलाफ क्रमांकः लावालौंग थाना कांड संख्या -27/24 (दिनांक 30/4/24) धारा 302/120B/34 के तहत प्राथमिक दर्ज थी. जिसमें गिरफ़्तार अभियुक्त चना भुइयां उम्र - 47 वर्ष पिता स्व जेठन भुइयां ग्राम कोची थाना लावालौंग जिला चतरा का है. गिरफ़्तार अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है.

## कोडरमा : नहाने के दौरान मासूम बच्ची की मौत

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मेघातरी में एक एक वर्षीय बच्ची की नहाने के दौरान तसले में डूबने से मौत हो गई. मृतक बच्ची की पहचान वैशाली कुमारी (1 वर्ष) के रूप में हुई, जो कृष्णा रजवार की पुत्री थी. घटना बुधवार को सुबह करीब 11 बजे हुई, जब वैशाली की मां उसे घर के पास लगे नल पर नहलाने के लिए लेकर गई थीइसी दौरान नल के पास रखे तसले में भरे पानी में वैशाली गिर गई. जब उसकी मां वापस आई, तब बच्ची बेहोश पड़ी मिली. परिजन तुरंत वैशाली को सदर अस्पताल कोडरमा ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया.

## आरबी अस्पताल चतरा में शिविर का आयोजन

**चतरा।** जिले में आरबी अस्पताल एवं डायग्नोस्टिक सेंटर में मरीजों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया. इस शिविर में जिले के विभिन्न प्रखंडों से 200 से अधिक लोग जाँच के लिए पहुँचे. हृदय-छाती एवं गैस्ट्रो रोग विशेषज्ञ डॉ. आदिल शाह, मधुमेह एवं हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. इरफान और आरबी अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. टी. थॉमस ने शिविर में मरीजों का उपचार किया. चिकित्सकों ने जांच के बाद अस्पताल में 15 महिलाओं का नसबंदी ऑपरेशन भी किया. स्वास्थ्य शिविर में आए मरीजों को आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवाइयाँ भी दी गईं.

## जयनगर : दिन बाद अम्बाडीह में लौटी रौशनी

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड के अम्बाडीह गांव में 10 दिनों से अंधेरा आखिरकार बुधवार को खत्म हो गया. बज्रपात के कारण गांव के दोनों ट्रांसफार्मर खराब हो गए थे, जिससे ग्रामीण बिजली संकट से जूझ रहे थे. लंबे संघर्ष और जनप्रतिनिधियों से गुहार के बाद बुधवार को गांव में 25-25 केवीए क्षमता वाले दो नए ट्रांसफार्मर लगाए गए.

### डीसी ने की जिला समाज कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा, कहा

# लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराएं

**शुभम संदेश। चतरा**



उपायुक्त कीर्तिश्री की अध्यक्षता में जिला समाज कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें जमीनी स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन की गति और लंबित मुद्दों पर गहन चर्चा हुई. डीसी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि समाज कल्याण से जुड़ी सभी योजनाओं में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए कड़ी कार्रवाई की जाएगी. बैठक में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की प्रगति को लेकर असंतोष व्यक्त किया गया. उपायुक्त ने हंटरगंज और प्रतापपुर प्रखंड के सीडीपीओ को लाभार्थियों को योजना का लाभ शीघ्रता से उपलब्ध कराने और कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया. ई-केवाईसी कार्य में शत-प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित करने को भी विशेष प्राथमिकता दी गई. जिला सूचना पदाधिकारी (डीआईओ) को लंबित ई-केवाईसी शिविरों का शीघ्र संचालन करने एवं आवश्यकतानुसार शिविरों का पुनर्गठन करने का आदेश दिया गया. इसके साथ ही, जिन सेविकाओं ने 70% से कम कार्य किया है, उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने के साथ-साथ उनका मानदेय तत्काल प्रभाव से रोकने की चेतावनी दी गई. डीसी ने कहा कि सेविकाओं की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए अनुशासनात्मक कार्रवाई से कोई संकोच नहीं किया जाएगा.

सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के अंतर्गत 18-19 वर्ष की किशोरियों के आवेदन पत्र समयबद्ध तरीके से संग्रहित कर संबंधित कार्यालय में जमा करने के निर्देश भी दिए गए. इसके अलावा, कक्षा 8 से 12 तक अध्ययनरत सभी पात्र बालिकाओं का ई-विद्यावाहिनी पोर्टल पर पंजीकरण कर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को अग्रेषित करने का निर्देश दिया गया. ग्रीष्मावकाश अभियान के दौरान वैज्ञानिक एवं सटीक तरीके से बच्चों की वृद्धि निगरानी को अद्यतन करने और कुपोषित बच्चों की सतत निगरानी करने पर भी जोर दिया गया. डीसी ने कहा कि पोषण संबंधी योजनाओं के क्रियान्वयन में कोई कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी.
बैठक में सखी वन स्टॉप सेंटर के कामकाज की भी समीक्षा की गई. उपायुक्त ने पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को त्वरित सहायता, परामर्श एवं सुरक्षा प्रदान करने के लिए केंद्र की कार्यशैली को और मजबूत बनाने के निर्देश दिए. इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रीना साहू, समर अभियान के जिला क्षेत्रीय प्रबंधक शंभू बड़ाइक, सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं जिले की सभी महिला पर्यवेक्षिकाएं उपस्थित थीं. उपायुक्त ने सभी अधिकारियों से योजनाओं के त्वरित और प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर समन्वित प्रयास जारी रखने को कहा.

## कोडरमाः सड़क हादसे में वृद्ध महिला की मौत

**कोडरमा।** कोडरमा थाना क्षेत्र के लख्खीबागी के समीप एनएच-20 पर एक वृद्ध महिला की सड़क पर बने गड्ढे के कारण बाइक से गिरकर मौत हो गई. मृतका की पहचान तिलैया थाना क्षेत्र के विद्यापुरी निवासी 52 वर्षीय मीना देवी के रूप में हुई है. बीती रात उनके सीने में दर्द होने पर परिजन उन्हें निजी स्कूटी पर सदर अस्पताल ले जा रहे थे. स्कूटी पर उनके भतीजे साकेत चंदेल ड्राइव कर रहे थे और एक अन्य भाई विशाल पीछे बैठा था. जैसे ही वे लख्खीबागी के पास पहुंचे, अचानक सामने गड्ढा दिखाई दिया और स्कूटी उसमें गिर गई. इस दुर्घटना में मीना देवी और साकेत गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि विशाल को हल्की चोटें आईं. अस्पताल पहुंचने पर मीना देवी को मृत घोषित कर दिया गया.

## जेएलकेएम के कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन



**केरेडारी।** एनटीपीसी के चट्टीबारियातु कोयला खनन परियोजना में माइंस विस्तार के नाम पर जिन्हें विस्थापित किया जा रहा है और संरचना व जमीन का जो क्षतिपूर्ति मिल रहा है काफी विसंगति है. इसी सवाल पर जयराम महतो की पार्टी जेएलकेएम के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को ऋत्विक कम्पनी के पगार स्थित साइट कार्यालय गेट पर सिल्ली विधान सभा क्षेत्र से प्रत्याशी रहे देवेन्द्र महतो और बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रहे बालेश्वर कुमार के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया. कम्पनी के अधिकारी मनोज सिन्हा और रवि सिन्हा के साथ एक वार्ता की गई.

### झोपड़ी में संदिग्ध स्थिति में मिला शव, फैली सनसनी

## परिजनों ने जताई हत्या की आशंका



**शुभम संदेश। हंटरगंज(चतरा)**

हंटरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत डाहा पंचायत के बिहिया गांव के इमलियाटाड़ बाजार में स्थित एक झोपड़ी में बुधवार सुबह 55 वर्षीय एक अधेड़ का शव खून से लतपथ पड़ा मिला. घटना की जानकारी होने पर ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस को दी. सूचना मिलते ही हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घटना से संबंधित लोगो से जायजा ली वही पुलिस शव को कब्जे में लेकर पीएम के सदर अस्पताल चतरा भेज दिया. पुलिस हर एक बिंदु पर बारीकी से जांच कर रही है. जानकारी के अनुसार बेला निवासी मृतक अंतू यादव (55) पिता हुलास यादव किसान थे वह मंगलवार को लगभग 10 बजे मसूर बुआई हेतु ट्रैक्टर से हल जुतवाने अपने खेत पर गए हुए थे. लेकिन फिर वापस घर नहीं लौटे परिजनों ने काफी खोजबीन कि लेकिन कही कुछ पता नहीं चल सका. ग्रामीणों को बुधवार की सुबह घर से लगभग 2 किलोमीटर दूरी पर बिहिया गांव के इमलियाटाड़ बाजार स्थित एक झोपड़ी में उसका शव पड़ा मिला. जिसके आंख व हाथ में चोट के निशान और खून निकल रहा था. इसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी.ग्रामीणों का आशंका है कि अधेड़ की कहीं अन्य स्थान पर हत्या कर शव को झोपड़ी में रख दिया गया है.

## सड़क निर्माण को लेकर विधायक ने लिखा पत्र

**केरेडारी (हजारीबाग)।** बड़कागांव विधायक रौशनलाल चौधरी ने प्रखंड के बुंडू पंचायत स्थित सुखलकठवा से दुधीगढ़ा तक जर्जर सड़क की मरम्मत और अपूर्ण कार्यों को पूरा कराने को लेकर ग्रामीण कार्य विभाग के प्रधान सचिव को पत्र लिखा है. विधायक ने पत्र में मांग की है कि जल्द से जल्द इस सड़क का प्राक्कलन तैयार कर प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जाए ताकि ग्रामीणों को आवागमन में हो रही परेशानी से राहत मिल सके. विधायक चौधरी ने बताया कि 21 जून को हजारीबाग परिसदन में आयोजित लोकलेखा समिति की बैठक में उन्होंने इस सड़क की स्थिति को प्रमुखता से उठाया था. बैठक में यह निर्देश भी दिया गया था कि आपत्ति कंडिका 3.4.3 को विलोपित करते हुए प्राक्कलन तैयार कर निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराया जाए. उन्होंने पत्र में कहा है कि अधूरा कार्य वर्षों से लंबित है.

**कार्रवाई** देह व्यापार के खिलाफ हुई छापामारी में पुलिस ने 77 लोगों को हिरासत में लिया

# 60 युवक-युवतियों को पूछताछ के बाद परिजनों को सौंपा

**शुभम संदेश। हजारीबाग**

पुलिस ने अवैध देह व्यापार को बढ़ावा देने वाले होटल संचालकों और प्रबंधकों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है. रांची, पटना समेत अन्य 33 स्थानों पर चल रहे अवैध व्यवसाय की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देशन में एक टीम गठित की गई. इस टीम ने हजारीबाग के विभिन्न होटलों एवं रेस्टोरेंट में छापेमारी कर अवैध गतिविधियों का पर्दाफाश किया. टीम ने कुल छह प्रमुख होटलों—सिद्धिविनायक, स्पाइसी विला, टू ईट, वर्णिका, 7 डेज और रुक्मिणी—में छापेमारी की. जांच में पता चला कि इन होटलों में बिना किसी पहचान पत्र या रजिस्टर के यौन संबंध के लिए दो घंटे के रूम किराये



पर दिए जा रहे थे. होटल संचालक यहां तक कि कांट्रासेप्टिव दवाइयां भी उपलब्ध करा रहे थे. छापेमारी के दौरान पुलिस ने कुल 77 लोगों को हिरासत में लिया, जिनमें से 60 युवक-युवतियों को पूछताछ के बाद उनके माता-पिता को सौंप दिया गया. वहीं, होटल मालिक, संचालक और अन्य 17 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया. गिरफ्तार लोगों में अजय कुमार, धीरज कुमार, शिशु कुमार, नवीन कुमार, विशाल कुमार, रंजीत कुमार, अंशु कुमार, युवराज मेहता, अजीत कुमार गुप्ता, शुभम कुमार, बबलू कुमार, जयंत मांझी, रामदेव कुमार महतो, दिलीप कुमार, संजय कुमार साव आदि शामिल हैं. पुलिस ने छापेमारी के दौरान 16 रजिस्टर, एक लैपटॉप, 19 मोबाइल फोन, 5 डीवीआर, दो डायरी, 41,050 नगद, रसीद स्लिप, फोन पे भुगतान के स्क्रीनशॉट समेत कई आपत्तिजनक वस्तुएं बरामद की हैं. मुफ्फसिल थाना में धारा 292, 296, 318(4), 338, 336(3), 61(2) बीएनएस एवं अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम 1956 की धारा 3, 4, 5 के तहत मामला दर्ज किया गया है. हजारीबाग पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने बताया कि इस छापेमारी से अवैध व्यवसाय को समाप्त करने में मदद मिलेगी और समाज को सुरक्षित रखने के लिए ऐसी कार्रवाई समय-समय पर की जाती रहेगी. इस कार्रवाई से यह स्पष्ट हुआ कि अवैध गतिविधियों में लिप्त लोगों पर कड़ी नजर रखी जा रही है और कानूनी कार्रवाई की जाएगी. इस कार्रवाई में सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित आनंद के नेतृत्व में पुलिस निरीक्षक विद्यावती, विनोद कुमार, शहीद रजा, अवर निरीक्षक अजीत कुमार सहित महिला पुलिस और अन्य कर्मी शामिल थे, जिन्होंने समन्वय बनाकर इस सफल छापेमारी को अंजाम दिया.

## पलामू टाइगर रिजर्व में शिकारी गिरोह का भंडाफोड़, कुई गांव में हुई थी छापेमारी

# 9 शिकारी पकड़े गए, जेल भेजे गए,13 फरार

**शुभम संदेश। बरवाडीह (लातेहार)**

बेतला टाइगर रिज़र्व (पलामू टाइगर रिजर्व) में सक्रिय एक शिकारियों के गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है. यह कार्रवाई एक शिकारी की निशानदेही पर जांच शुरू हुई, जो बारूद और गंधक की अवैध बिक्री से जुड़ी थी. जांच के दौरान गिरोह के 9 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि 13 आरोपी अभी फरार हैं. बुधवार को बेतला में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान उपनिदेशक प्रजेश जैन ने बताया कि 19 अगस्त को नावागढ़ निवासी सरफुदीन मियां को बारूद एवं गंधक बेचते हुए गिरफ्तार किया गया. पूछताछ में उसने खुलासा किया कि वह भरठुआ बंदूक में इस्तेमाल के लिए यह सामग्री शिकारियों को बेचता था. उसने तपेश्वर सिंह (ग्राम-कुई, थाना-गारू) को बारूद देने की बात स्वीकार की. इसके बाद 20 अगस्त को सुबह 3 बजे कुई गांव में छापेमारी कर तपेश्वर सिंह को गिरफ्तार किया गया, जिसके घर से एक भरठुआ बंदूक बरामद किया गया. पूछताछ में उसने कबूल किया कि वह एक गिरोह के साथ मिलकर पलामू टाइगर रिजर्व के जंगलों में वर्षों से शिकार कर रहा है. उसने यह भी स्वीकार किया कि लगभग 10 वर्ष पूर्व गारू के चंदवा चट्टान क्षेत्र में एक बाघ का शिकार भी किया गया था. जिसके बाद उसके निशानदेही पर छापामारी कर 9 अपराधी को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया गया है. गिरफ्तार किए गए अपराधियों नावागढ़ निवासी सरफुदीन मियां, कुई, गारू निवासी तपेश्वर सिंह, कारवाई निवासी अजित सिंह, कुई निवासी रामसुंदर तुरी, कारवाई निवासी हरिचरण सिंह, कुई निवासी झमन सिंह, कुई निवासी कईल भुईयां, जूरुहार निवासी रमन सिंह, जूरुहार निवासी पारसनाथ सिंह का नाम शामिल है. वहीं गिरफ्तार शिकारियों के पास से 8 भरठुआ बंदूक, 6 इंच का 1 फरसा, 400 ग्राम बारूद, 14 ग्राम गंधक, 1 टाइगर ट्रैप (बाघ फसाने का फंदा), 15 फिट का 2 फंदा एवं जंगली जानवरों का हड्डी मिली.



### वार्ड सदस्य के मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने के लिए रिश्वत मांगी

**गुमला।** घाघरा प्रखंड के कोहीपाट पंचायत में एक शर्मनाक मामला सामने आया है, जहां एक निर्वाचित वार्ड सदस्य के मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए पंचायत सेवक द्वारा रिश्वत मांगी गई. वार्ड सदस्य नगिया देवी का निधन 9 अगस्त को हो गया था. उनके पति महावीर उरांव ने जब पंचायत सेवक बीरेंद्र साहू से मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने का अनुरोध किया, तो उनसे पहले 400 रुपये अग्रिम और फिर 3000 रुपये की मांग की गई. महावीर उरांव ने अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए पंचायत सेवक से विनती की, जिसके बाद पंचायत सेवक ने 200 रुपये अग्रिम लिए और प्रमाण पत्र बनने के बाद शेष 3000 रुपये देने की शर्त रखी.

### चोरी व लूट के तीन मामले में पांच अभियुक्त जेल




**गुमला।** पुलिस ने थाना क्षेत्र के तीन अलग-अलग चोरी की घटना मामले में गिरफ्तार पांच लोगों को जेल भेज दिया जबकि एक नाबालिग को बाल सुधार गृह में निरुद्ध किया गया. एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने प्रेस वार्ता कर गिरफ्तार अभियुक्तों की जानकारी दी. महादेव नगर करम टोली में सुनीता कुमारी गुप्ता के घर से चोरी की घटना मामले में पुलिस ने उसी मुहल्ले के रूपेश कुमार बाड़ा और एक किशोर को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार रूपेश के पास से पुलिस ने दो लैपटॉप, चांदी का सिक्का और ब्रासलेट और पांच हजार रुपये नगद बरामद किया है. दूसरी घटना में टोटो से पुलिस ने जितेंद्र राम और मुजाहिद कुरैशी को सरकारी संपत्ति की चोरी करते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है. एसडीपीओ ने बताया कि लघु सिंचाई विभाग के नहर में प्रयुक्त लोहे का रड काट कर चोरी करने की पुलिस को गुप्त सूचना मिली. पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर लिया. तीसरी घटना में टोटो पुलिस ने से लुटी गई स्कूटी के साथ वसुआ निवासी हफीज अंसारी को गिरफ्तार किया है. हफीज का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है. बकरी चोरी और मारपीट मामले में दो बार जेल जा चुका है. उसने अपना अपराध स्वीकार करते हुए कहा कि वह ट्रैक्टर चलाता है. ट्रैक्टर खड़ा कर पैदल अपने घर जाने के दौरान रास्ते में स्कूटी सवार को धक्का मारकर स्कूटी व उसका मोबाइल लूटा था.

### नर्सिंग कालेज में चला सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान



**गुमला।** आए दिन हो रहे सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए बुधवार को जिला परिवहन पदाधिकारी के नेतृत्व में नर्सिंग कौशल कॉलेज में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया. कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी राजीव नीरज, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरेश प्रसाद यादव और जिला परिवहन पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल ने कॉलेज के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया और अनुपालन करने के लिए प्रेरित एवं जागरूक करने के निर्देश दिया. कहा कि यातायात नियमों का पालन से ही सड़क दुर्घटना में कमी लाया जा सकता है. इस अवसर पर छात्राओं ने अधिकारियों से संवाद भी किया. वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने की हिदायत दी गई. मोटरसाइकिल पर तीन सवारियों और ओवरलोडिंग के कारण वाहन संतुलन में कमी आती है, जिससे दुर्घटना का खतरा बढ़ता है. अनुमंडल पदाधिकारी राजीव नीरज ने हेलमेट को जीवन रक्षक बताते हुए इसे पहनने की अपील की.

### टाटीसिलवे में नागरिक अभिनंदन समारोह का आयोजन



**नामकुम।** एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा की ओर से टाटीसिलवे में नागरिक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय निदेशक डॉ. मधुसूदन पांडे ने की. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा के भूतपूर्व सचिव एवं न्यायधीश डॉ. महेंद्र प्रसाद उपस्थित थे. संचालन सुरेंद्र ठाकुर ने किया. समारोह का उद्देश्य झारखंड के दस विभूतियों को भारत श्री अवार्ड से सम्मानित करने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था. भारत श्री अवार्ड प्राप्त करने वालों में चिकित्सा क्षेत्र में डॉ. महेंद्र प्रसाद, एक्यूप्रेशर क्षेत्र में डॉ. मधुसूदन पांडे, डॉ. सरोज कुमार मिश्रा, समाजसेवा में टी.टी. बरनवाल, महिला सशक्तिकरण में पूनम बरनवाल, योगा क्षेत्र में डॉ. प्रभावती गो, अनुज कुमार सिंह तथा डॉ. शिवकुमार वर्मन, नैचुरोपैथी में डॉ. दिनेश सिंह, एक्यूप्रेशर रत्न के रूप में बलराम महतो, एक्यूप्रेशर शिरोमणि के रूप में पूजा कुमारी, ललिता कुमारी, डॉ. महेश प्रजापति, डॉ. लखी नारायण मुंडा, रजनी महक तथा डी.ए.टी. अवार्ड के लिए संदीप कुमार लोहरा को सम्मानित किया गया. कार्यक्रम को सफल बनाने में अखिल पाठक, राकेश सिंह, राम बालक सिंह, प्रोफेसर लखन कुमार मिश्रा, डॉ. नरेश महतो, डॉ. महेश प्रजापति, सांसद प्रतिनिधि राजेश मिश्रा, विजय लिंडा, पुनीत कुमार, पुनीत गोयल, सतीश ठाकुर, अर्जुन कुमार और सुदेश कुमार महतो का विशेष योगदान रहा.

## डीसी ने किया डुमरी प्रखंड स्थित सिरसीता नाले का निरीक्षण, कहा

# सरना स्थल का होगा सौंदर्यीकरण

**शुभम संदेश। गुमला**



गुमला जिले के डुमरी प्रखंड स्थित सिरसीता नाले के पास मौजूद सरना धार्मिक स्थल के सौंदर्यीकरण और पर्यटन विकास को लेकर एक अहम पहल की जा रही है. जिले की उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने मंगलवार को इस धार्मिक स्थल का दौरा कर वहां की भौतिक सुविधाओं और विकास की संभावनाओं का गहन निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि इस पवित्र स्थल को धार्मिक और पर्यटन दोनों दृष्टिकोण से विकसित किया जाएगा. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि यहां अप्रोच रोड, शौचालय, मल्टीपरपज हॉल, दुकानों और अन्य आवश्यक भवनों का निर्माण कराया जाए. उपायुक्त ने यह भी कहा कि इन कार्यों से स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे और धार्मिक स्थल पर आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा मिलेगी. निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने वहां स्थित 85 डिसमिल सरकारी भूमि का भी अवलोकन किया. उन्होंने भवन निर्माण प्रमंडल को निर्देश दिया कि भूमि की मापी करवाई जाए और जल्द से जल्द निर्माण कार्यों का विस्तृत प्राक्कलन तैयार किया जाए. उपायुक्त ने अधिकारियों से यह भी कहा कि स्थानीय नागरिकों से बातचीत कर उनकी सहमति से कार्य आगे बढ़ाया जाए ताकि विकास कार्यों में सामाजिक भागीदारी सुनिश्चित हो.

धर्म स्थल पर उपायुक्त ने वहां की परंपरागत धार्मिक क्रियाओं और संस्कृति की जानकारी ली. उन्होंने धर्म कांडों के स्थानों का निरीक्षण कर वहां सौंदर्यीकरण, रंग-रोगन और साफ-सफाई के साथ ही अन्य सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिए. निरीक्षण के बाद उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने अपर शंख जलाशय का भी दौरा किया और पर्यटन की दृष्टि से उसके विकास की संभावनाओं पर संबंधित अधिकारियों से चर्चा की. उन्होंने विशेष रूप से जलाशय तक पहुंचने के लिए अप्रोच रोड निर्माण को प्राथमिकता देने को कहा. उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन का मुख्य उद्देश्य धार्मिक स्थलों का संरक्षण करना, उन्हें पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना और स्थानीय लोगों को रोजगार से जोड़ना है. इस दौरान उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी समेत अन्य कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे. यह पहल क्षेत्र के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को उजागर करने के साथ-साथ आर्थिक और सामाजिक विकास की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है.

## जल्द भुगतान का हो इंतजाम, नहीं तो होगा चक्का जाम: विजय सिंह



**शुभम संदेश। गुमला**

झारखंड नवनिर्माण दल व ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच बिशुनपुर द्वारा बुधवार को जनेश्वर भगत की अध्यक्षता में काफी संख्या में ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन किया. प्रदर्शनकारियों ने शासन व प्रशासन के विरोध में नारा लगाए. जल्द भुगतान की करो इंतजाम, नहीं तो होगा चक्का जाम, खून पसीने के जमा पैसा नहीं छोड़ेंगे, इंकलाब जिंदाबाद, जल्द भुगतान की मांग को लेकर आंदोलन की तैयारी तेज करो, जैसे आक्रोष पूर्ण नारे के साथ सभा आयोजित की गई. सभा के मुख्य वक्ता ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के प्रभारी सह झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि भ्रष्टाचार व अनदेखी के कारण ही लोगों का मेहनत के जमा पैसे जमाकर्ताओं को नहीं मिल पा रहा है. कंपनियां सत्ताधारी पार्टियों को चंदे में करोड़ों रुपए देती है. यही कारण है कि सत्ताधारी पार्टी सहारा इंडिया, एपीलाइन, साईं प्रकाश वेलफेयर, विश्वामित्र, रोजवैली जैसी कंपनी पर करवाई नहीं हो रही है. जिसका ताजा उदाहरण 2019 में संसद से बनी बड्र्स कानून का झारखंड में लागू नहीं होना है. एक्ट में कंपनियों पर कार्रवाई व भुगतान संबंधी बातें हैं. सिंह ने जल्द भुगतान की मांग को लेकर झारखंड स्तर पर चल रही आंदोलन की तैयारी में विभिन्न कंपनियों में पैसे जमा करने वाले सभी से मुहिम में जुड़कर भुगतान के लिए हो रही बड़ी कोशिश को आगे बढ़ाने की अपील की है. बैठक में प्रखंड स्तरीय कई नेताओं ने अपने संबोधन में कहा है कि बहुत जल्द भुगतान की मांग को लेकर बिशुनपुर प्रखंड में रैली निकाली जाएगा. सभा में आदित्य सिंह, चंदेश्वर भगत, महादेव राव, फुलदेव उरांव, बेंजामिन उरांव, रमेश साहू, महावीर उरांव, प्रदीप असुर, रामलाल असुर, जागेश्वर लोहरा, गंधुर उरांव, सुजीत खेरवार, रमेश बृजिया के अलावे काफी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे.

### ब्राउन शुगर के साथ दो अभियुक्त हुए गिरफ्तार



**गुमला।** चैनपुर एसडीपीओ ललित मीणा के नेतृत्व में डुमरी पुलिस ने ने मंगलवार कर देर शाम ब्राउन शुगर के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है. चैनपुर एसडीपीओ ललित मीणा ने बताया कि नवाडीह चौक स्थित एक घर में ब्राउन शुगर होने की पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी. जिसके आधार पर छापामारी की गई और जोहान एक्का के घर पर छापा मारी की गई. जिसमें उसके घर से पुलिस ने 11 पैकेट और खुला 2.96 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया. पुलिस ने जोहन एक्का के पुत्र एडिक एक्का को तथा उसके एक साथी अमित टोप्पो को गिरफ्तार कर लिया. एसडीपीओ ने कहा कि गिरफ्तार अभियुक्तों से हुई पूछताछ में कई मामले सामने आए हैं. इनके निशानदेही पर ब्राउन शुगर के अन्य कारोबारियों की पुलिस तलाश कर रही है. पुलिस मामले की जांच कर रही है. अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी रहेगा.

### यक्ष्मा आरोग्यशाला में अव्यवस्था के खिलाफ मौन पदयात्रा



**इटकी।** यक्ष्मा आरोग्यशाला में नर्सों की कमी और पिछले चार दिनों में तीन मरीजों की मौत के विरोध में बुधवार को इटकी पेंशनर समाज और इटकी बुद्धिजीवी मंच के संयुक्त तत्वावधान में मौन पदयात्रा निकाली गई. साहेब मोड़ महात्मा गांधी चौक से शुरू होकर यह पदयात्रा यक्ष्मा आरोग्यशाला के मुख्य गेट तक पहुँची. प्रदर्शन के दौरान पोस्टर भी दिखाए गए. पेंशनर समाज के सचिव बिनोद सिन्हा ने अस्पताल प्रशासन और झारखंड सरकार के स्वास्थ्य विभाग को स्थिति के लिए जिम्मेदार ठहराया. अली हसन ने बताया कि 24 अगस्त को होने वाली बैठक में चरणबद्ध आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी.

## एक नजर

### कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में मना श्रीकृष्ण जन्मोत्सव



**रांची।** कैंब्रियन पब्लिक स्कूल, कांके रोड में गुरुवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. मौके पर बच्चों ने आकर्षक नृत्य एवम भजन प्रस्तुत किया. हेड गर्ल आशना रहमान ने श्रीकृष्ण के जीवन- दर्शन पर प्रकाश डाला.बच्चों ने राधा- कृष्ण की रूपसज्जा और श्रृंगार की आकर्षक प्रस्तुति दी.बच्चों ने नृत्य नाटिका के माध्यम से चार युगों का संदेश प्रस्तुत किया.इस अवसर पर प्राचार्या सुश्री प्रेमलता कुमारी ने सभी को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि युगावतार श्रीकृष्ण का जीवनदर्शन बहुआयामी और प्रेरणादायक है.उनका संदेश मनुष्य को विषम परिस्थितियों से उबरने का सामर्थ्य प्रदान करता है.उन्होंने सभी से गीता के सार को आत्मसात करने का आह्वान किया. प्राचार्या ने विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत का विभाजन सम्पूर्ण मानवता के लिए दुर्भाग्यपूर्ण था.

### बाइक की टक्कर से 6 वर्षीय छात्र की हुई मौत

**गुमला।** गुमला रांची नेशनल हाईवे में सिसई थाना क्षेत्र के रेडवा के समीप तेज रफ्तार बाइक सवार ने रेडवा निवासी बैजू साहू के 6 वर्षीय पुत्र अमित कुमार को जोरदार टक्कर मार दिया. घटनास्थल पर ही छात्र की मौत हो गई. इसके बाद स्थानीय लोग बाइक सवार दो युवक को पकड़ लिया. हालांकिन दोनों युवक भीड़ के चंगुल से बाइक छोड़ कर भागने में सफल हो गए. लोगों ने उनका पीछा भी किया लेकिन वे दोनों फरार हो गए. घटना में बाइक सवार दोनों युवक गिर गए. स्थानीय ग्रामीणों ने दोनों को पकड़ लिया लेकिन दोनों बाइक छोड़कर फरार हो गए.

### शिबू के श्राद्धकर्म का प्रसाद विकलांगों में वितरित

**रातू।** बुधवार को झामुमो जिला समिति के संयोजक सदस्य धर्मेंद्र सिंह के नेतृत्व में शिबू सोरेन के श्राद्धकर्म का प्रसाद विकलांग लोगों के बीच वितरित किया गया. इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने भगवान से शिबू सोरेन की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और उन्हें भगवान के चरणों में स्थान देने की याचना की. जिन लोग प्रसाद लेने नहीं आ सके, उनके घरों तक जाकर प्रसाद पहुंचाया गया. धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि शिबू सोरेन झारखंड के महान नेताओं में से एक थे, जिन्हें भगवान बिरसा मुंडा के बाद आदिवासियों के सबसे बड़े जननायक के रूप में याद किया जाएगा. उन्होंने झारखंड आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और अपने लोगों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया.

### रातु में स्कॉर्पियो ने बिजली के पोल को मारी टक्कर

**रातु।** थाना क्षेत्र के काठीटांड-ठाकुरगांव मार्ग स्थित हुरहुरी के पास बुधवार को एक काले रंग की स्कॉर्पियो ने बिजली के पोल को जोरदार टक्कर मार दी. इस दुर्घटना के कारण पोल टूटकर दो टुकड़ों में बंट गया. हालांकि, घटना में किसी भी प्रकार का जनहानि नहीं हुआ. लेकिन टक्कर लगने के बाद क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई. सूचना मिलने पर रातु पुलिस और बिजली विभाग के कर्मचारी तुरंत मौके पर पहुंचे. वे टूटे हुए पोल को हटाने और बिजली आपूर्ति बहाल करने में जुट गए हैं. फिलहाल, पोल को हटाने और मरम्मत का कार्य जारी है ताकि जल्द से जल्द इलाके में बिजली सेवा पुनः शुरू हो सके. घटना से स्थानीय लोग थोड़े परेशान हुए हैं.

### कुड़मी समाज ने पेसा कानून पर राज्यपाल से की चर्चा

**तमाड़।** टोटेमिक कुड़मी/कुरमी विकास मोर्चा के बैनर तले कुड़मी/कुरमी (महतो) समाज के छह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल संतोष गंगवार से पेसा कानून-1996 में अपनी रूढ़ी परंपरा 'बाईसी प्रथा' शामिल करने की मांग की. इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व शीतल ओहदार, पूर्व जैक अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार महतो, डॉ. अमर कुमार चौधरी, वरिष्ठ अधिवक्ता षष्ठी रंजन महतो, केंद्रीय मीडिया प्रभारी सखीचंद महतो एवं संरक्षक दानिसिंह महतो ने किया. प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को एक मांग पत्र सौंपते हुए कहा कि कुड़मी जनजाति पेसा कानून का समर्थन करती है, लेकिन बाईसी प्रथा के बिना इसे लागू करना कुड़मीयों के साथ अन्याय होगा. उन्होंने बताया कि बाईसी प्रथा आज भी गांव समाज में अक्षरसः पालन की जा रही है और इसे लागू कराने में गांव के 'मईड़ला महतो' की महत्वपूर्ण भूमिका होती है. यदि इस परंपरा को पेसा कानून में शामिल नहीं किया गया तो यह कुड़मी जनजाति के लिए गुलामी जैसा होगा.

### महिला कांग्रेस ने मनाई राजीव गांधी की जयंती

**पिपरवार।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी ने बुधवार को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया. पिपरवार क्षेत्र के बचरा क्षेत्रीय अस्पताल में महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष गुंजन कुमारी सिंह के नेतृत्व में मरीजों के बीच फल और मिठाई वितरण किया गया. इस मौके पर अस्पताल में भर्ती सभी मरीजों को फल और मिठाई देकर उनकी सेवा की गई. साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के जीवन और उनके कार्यों पर भी प्रकाश डाला गया. इसके अतिरिक्त, अखिल भारतीय महिला कांग्रेस के निर्देशानुसार ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं के बीच नारी स्वास्थ्य संकल्प 'प्रियदर्शनी उड़ान' के तहत सेनेटरी नैपकिन का वितरण भी किया गया. प्रदेश अध्यक्ष गुंजन कुमारी सिंह ने बताया कि इस पहल के तहत झारखंड में एक लाख बेटियों को कपड़ा मुक्त बनाने और उनकी स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सेनेटरी नैपकिन वितरण अभियान चलाया जाएगा.

### बेंती में विस्थापित प्रभावित संवेदक संघ की बैठक

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बेंती पंचायत भवन में बुधवार को विस्थापित प्रभावित संवेदक संघ की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई.इस बैठक की अध्यक्षता कुलदीप राम और संचालन लक्ष्मण कुमार मंडल ने किया. बैठक मे संवेदक की कई ज्वलंत समस्याओ पर विस्तार से चर्चा की गई.साथ ही आपसी एकजुटता और संवेदक संघ को मजबूत बनाने के लिए विचार विमर्श किया गया.बैठक मे कैपिटल एंव सीएसआर में जो कार्य आया हैं उस योजना के तहत चर्चा की गई.साथ ही प्राथमिकता के आधार पर स्थानीय संवेदकों को कार्य देने एवं दिलाने को लेकर चर्चा की गई. बैठक मे संघ का रजिस्ट्रेशन और खाता संघ के नाम से खोलने का प्रस्ताव लाया गया.संघ के अध्यक्ष नागेश्वर गंझू ने कहा कि किसी भी काम में संवेदक कंपीटिशन नहीं करें बल्कि काम करें.

### वाहन जांच अभियान, 2 लाख का जुर्माना वसूला

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ. ताराचंद के निर्देशानुसार लोहरदगा जिला परिवहन विभाग ने शहरी क्षेत्र में विशेष वाहन जांच अभियान चलाया. इस अभियान का नेतृत्व जिला परिवहन पदाधिकारी जया सांखी मुर्मू ने किया. उनके साथ डीआरएसएम अमितेश्वर गिरी और ट्रैफिक इंचार्ज शिवशंकर मारंडी भी मौजूद थे. वाहन जांच के दौरान विभागीय टीम ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 90 वाहनों को पकड़ा. इनमें बिना हेलमेट, सीट बेल्ट न लगाने, ओवरलोडिंग, कागजात की कमी और अन्य नियम उल्लंघन के मामले शामिल थे. इस अभियान के दौरान कुल 2 लाख 60 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया. डीटीओ जया सांखी मुर्मू ने कहा कि विभाग का उद्देश्य केवल जुर्माना वसूलना नहीं, बल्कि लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना और सड़क दुर्घटनाओं को कम करना

### शादी का झांसा देकर यौन शोषण, गिरफ्तार

**गुमला।** सुरसांग थाना क्षेत्र में एक युवती के साथ शादी का झांसा देकर यौन शोषण और गर्भपात कराने के मामले में पुलिस ने चैनपुर थाना क्षेत्र के टीनटांगर गांव निवासी मुकुंद नायक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. पुलिस सूत्रों के अनुसार, पीड़िता ने 6 जून को सुरसांग थाना में मुकुंद नायक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी. उसने आरोप लगाया था कि आरोपी ने शादी का वादा कर उसके साथ संबंध बनाया. कुछ समय बाद धोखे से गर्भपात करा दिया. पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू की. मंगलवार शाम को उसे पकड़ा गया और बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया. पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है.

**समीक्षा**

## डीसी डॉ ताराचंद ने समाहरणालय में अधिकारियों संग की शिक्षा विभाग की बैठक, कहा

# विद्यालयों में विद्यार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित हो

**शुभम संदेश। लोहरदगा**



उपायुक्त डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई. बैठक में सर्वप्रथम जिला में संचालित पलाश लर्निंग प्रोग्राम की समीक्षा की गई और अन्य छूटे हुए विद्यालयों को भी आच्छादित करने का निर्देश दिया गया. इस बीच बैठक में उपायुक्त ने सभी प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारियों, सभी प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबंधकों को विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति सौ फीसदी सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया. साथ ही, शिक्षकों की उपस्थिति सभी विद्यालयों में सौ फीसदी सुनिश्चित कराने का निर्देश जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिया गया. आंगनवाड़ी केंद्र से प्राथमिक विद्यालय में नामांकन, प्राथमिक से माध्यमिक, माध्यमिक से उच्च विद्यालयों में छात्र-छात्राओं का ट्रांजिशन सौ प्रतिशत सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया. कोई भी बच्चा विद्यालय जाने से वंचित नहीं रहे, ड्रॉपआउट नहीं हो. उपायुक्त ने कहा कि अगर विद्यालयों में शिक्षकों की कमी है तो उसे दूर किया जाएगा. बच्चों के साथ रात्रि चौपाल में अभिभावकों को बाल विवाह और डायन प्रथा उन्मूलन के प्रति भी जागरूक किया जाए. प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी वैसे विद्यालयों का भ्रमण अवश्य करें जहां बच्चे कम आ रहे हैं और कारण का निराकरण कराते हुए बच्चों की उपस्थिति कम से कम 80 प्रतिशत अवश्य सुनिश्चित करें. गुरूगोष्ठी का आयोजन बेहतर तरीके से किया जाए. सिविल सर्जन को निर्देश दिया गया कि बच्चों की चिकित्सीय जांच के बाद उनका फॉलोअप जरूर किया जाए. साथ ही, दवाईयां भी उपलब्ध हो.

बैठक में यू-डायस अंतर्गत स्टुडेंट प्रोग्राम, स्टूडेंट अपडेशन, मेरा विद्यालय निपुण, मैं भी निपुण कार्यक्रम, शिक्षकों का प्रशिक्षण, मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन की स्थिति व सिलेबस कवरेज, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों व झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालयों में नामांकन की स्थिति, आईसीटी लैब की स्थिति, साइकिल वितरण, पाठ्य-पुस्तक का वितरण, पोशाक वितरण, मध्याह्न भोजन, मुख्यमंत्री स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार, इको क्लब का गठन, ई-विद्यावाहिनी में उपस्थिति दर्ज कराने समेत अन्य बिंदुओं की समीक्षा की गई. जिला शिक्षा पदाधिकारी को उच्च शिक्षा के लिए गुरूजी क्रेडिट कार्ड के लिए योग्य छात्र-छात्राओं का सर्वेक्षण कराने का निर्देश दिया गया. 10वीं व 12वीं की परीक्षा में जिला के छात्र-छात्राओं का प्रदर्शन में सुधार लाने के लिए आवश्यक निर्देश जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिये गये. बैठक में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, जिला शिक्षा पदाधिकारी दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिजीत कुमार, नगर परिषद प्रशासक मुक्ति किड़ो, विद्युत कार्यपालक अभियंता, पलाश लर्निंग कार्यक्रम की स्टेट मैनेजर पल्लवी शाह, हिण्डाल्को इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधि मौजूद थे.

**मंथन**

## शिक्षक उत्पीड़न मामले में कई गंभीर प्रश्न खड़े हैं

हाल ही में रांची के एक प्रतिष्ठित स्कूल में शिक्षक उत्पीड़न का मामला सामने आया है, जिसने शिक्षा व्यवस्था और विद्यालय प्रशासन की कार्यप्रणाली पर कई गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं. यह घटना न केवल स्थानीय स्तर पर, बल्कि पूरे राज्य में चर्चा का विषय बनी हुई है.मीडिया रिपोर्ट्स और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विद्यालय के एक शिक्षक द्वारा छात्रों या अन्य सहकर्मियों के साथ अनुचित व्यवहार किया गया, जिसमें मानसिक और कभी-कभी शारीरिक उत्पीड़न की बातें भी सामने आई हैं. कुछ छात्रों ने शिकायत की है कि शिक्षक उन्हें अपमानजनक भाषा में डांटते थे, डर का माहौल बनाकर पढ़ाई करवाते थे और व्यक्तिगत रूप से निशाना बनाते थे. वहीं, कुछ शिक्षिकाओं ने भी कार्यस्थल पर असहज माहौल और उत्पीड़न की बात कही है.इस घटना के उजागर होने के बाद स्कूल प्रशासन पर भी सवाल उठने लगे हैं कि ऐसी घटनाएं लंबे समय तक कैसे छिपी रहीं. यह स्पष्ट करता है कि विद्यालयों में आंतरिक शिकायत निवारण तंत्र या तो कमजोर है या निष्क्रिय.शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास है, न कि उन्हें भय और तनाव में डालना. शिक्षक एक मार्गदर्शक होता है, और जब वही उत्पीड़न करने लगे तो यह पूरे शिक्षा तंत्र के लिए शर्मनाक बात है.यह आवश्यक है कि प्रशासन ऐसे मामलों की निष्पक्ष जांच करे और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करे. साथ ही, सभी विद्यालयों में छात्रों और शिक्षकों दोनों के लिए एक सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण सुनिश्चित किया जाए. ऐसी घटनाएं भविष्य में न हों, इसके लिए नियमित प्रशिक्षण, निगरानी और जागरूकता बेहद जरूरी है.

**नजरिया**

## राजीव गांधी ने संचार क्रांति में ऐतिहासिक सुधार किए थे

राजीव गांधी भारत के ऐसे युवा और दूरदर्शी नेता थे, जिन्होंने देश को 21वीं सदी की ओर अग्रसर करने का सपना देखा. उनका जन्म 20 अगस्त 1944 को हुआ था और वे भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के नाती तथा इंदिरा गांधी के पुत्र थे. एक पायलट के रूप में अपने करियर की शुरुआत करने वाले राजीव गांधी राजनीति में तब आए जब उनके छोटे भाई संजय गांधी का एक दुर्घटना में निधन हो गया. राजीव गांधी 1984 में अपनी मां, प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद देश के प्रधानमंत्री बने. उस समय देश सांप्रदायिक तनाव और अस्थिरता से जूझ रहा था. उन्होंने बहुत ही शांत और संयमित ढंग से देश का नेतृत्व किया. वे भारत के सबसे युवा प्रधानमंत्री (40 वर्ष की उम्र में) बने और आधुनिक भारत की नींव रखने में उनकी अहम भूमिका रही. राजीव गांधी ने सूचना प्रौद्योगिकी, कंप्यूटर शिक्षा, टेलीफोन और संचार क्रांति के क्षेत्र में ऐतिहासिक सुधार किए. उन्होंने पंचायती राज को सशक्त करने के लिए संविधान में 73वां और 74वां संशोधन किया जिससे लोकतंत्र की जड़ें गांव तक पहुंचीं.उनकी हत्या 21 मई 1991 को एक आत्मघाती बम हमले में हुई, जिसने पूरे देश को शोक में डुबो दिया. हर वर्ष 21 मई को 'राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस' के रूप में मनाया जाता है, जो उनके बलिदान की याद दिलाता है.राजीव की स्मृति आज भी भारतवासियों के मन में एक प्रगतिशील, शिक्षित और आधुनिक नेता के रूप में जीवित है. उन्होंने जो विकास की राह दिखाई, वह आज भी भारत के विकास पथ को दिशा दे रही है.

# हिंदुत्ववादी राजनीति के कालजयी योद्धा कल्याण सिंह

**अरविंद जयतिलक**



**21 अगस्त : पुण्यतिथि पर विशेष**



राममंदिर आंदोलन के महानायक और राजनीति के देदीप्यमान नक्षत्र कल्याण सिंह की आज पुण्यतिथि है. कल्याण सिंह राजनीति के विराट संसार में जब तक रहे, शेर की तरह दहाड़ते रहे और जब गए तो मौत को ललकारते हुए. अब वक्त के कैनवास पर उनके स्थापित राजनीतिक-सांस्कृतिक मूल्य, जनसरोकारी पूंजी और एक अनन्य रामभक्त होने का गौरव ही शेष रह गया है. यह भाव उन्हें इतिहास में अमर रखेगा. सैकड़ों साल बाद भी जब भारतीय राजनीति का कालजयी मूल्यांकन होगा, कल्याण सिंह सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की पुर्नस्थापना के इंकलाबी बीज को रोपने-सहेजने और उसे वट-वृक्ष बनाने वाले मनीषियों की कतार में खड़े नजर आएंगे. उनकी राजनीतिक अपराजेयता, राष्ट्रवाद के प्रति उत्कट जिजीविषा तथा हाशिए के लोगों को मुख्यधारा में खींच लाने की अनहद बेचैनी उन्हें एक नए भारत के महान सृजनकर्ता की श्रेणी में खड़ा करेगा. सदन से लेकर सड़क तक उनकी गुंजती-दहाड़ती आवाजें दबे-कुचले, वंचितों, शोषितों एवं पीड़ितों का आवाज बनकर सदियों तक प्रेरित करती रहेंगी.

कल्याण सिंह के पास न तो विजेता की सैन्य शक्ति थी और न ही कोई राजनीतिक विरासत. उनके पास एकमात्र विचारों का बल था, जिसके बूते उन्होंने राजनीति की ऊंचाई को जीया और सत्ता के मीनार को छुआ. बचपन में वे संघ से जुड़े और 1967 में पहली बार विधायक बने. उन्होंने फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा. कल्याण सिंह की मूल्यवादी राजनीति, सनातक सांस्कृति के प्रति अगाध प्रेम और राष्ट्र के प्रति उच्चतर समर्पण भाव को समझने के लिए तत्कालीन समय-समाज की राजनीतिक बुनावट को समझना आवश्यक है. जिस समय वे भारतीय राजनीति का हिस्सा बने वह दौर मूल्यवादी राजनीति के तिरस्कार और राष्ट्रवादी सोच के खिलाफ प्रबल षड़यंत्र का काल था. उन्होंने इस नकारात्मक राजनीतिक प्रवृत्ति के खिलाफ तन कर खड़ा होने की हिम्मत दिखायी और उसे बदल डालने के एवज में विरोध-प्रतिरोध के हर ताप-आंच को सच्चाई से सहा. अपने सांस्कृतिक व राष्ट्रवादी विचारों के दम पर सनातन चेतना को नष्ट करने वाले राजनीतिक षड़यंत्रकारियों-दुराग्रहियों को उनके ही मांद में पराजित किया. सांस्कृतिक मूल्यों की ध्वजा को लहराकर भारत के लोगों को जोरदार आवाज दी. इंकलाबी बदलाव के लिए अपने राजनीतिक विचारों को सनातन सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़कर रामराज्य की संकल्पना को पूरा करने का आह्वान किया. ऐसी राजनीतिक शक्तियों से मुठभेड़ किया जो छद्म निरपेक्षता का चोला ओढ़कर सांस्कृतिक मूल्यों और आस्था के प्रतीकों को ध्वस्त करने वालों के हिमायती थी.

कल्याण सिंह ने राजनीति की उर्वर भूमि में हिंदुत्व के सनातन बीजों का प्रकीर्णन कर भारतीय जनमानस को जागृत किया. अपने प्रयासों से साबित किया कि एक बड़े वृक्ष की संभावना छोटे से बीज में ही निहित होती है. जिस साहस से उन्होंने सत्ता को ठोकर पर रख अयोध्या में विवादित ढांचे गिरा रहे रामभक्तों पर गोलियां चलवाने से इंकार किया, वह उनके राष्ट्रवादी मूल्यों और हिंदुत्व के अंतश्चेतना के प्रति उच्चतर समर्पण भाव को ही ध्वनित करता है. कल्याण सिंह के इस साहस भरे कदम के खिलाफ जहां राजनीतिक प्रतिद्वंदियों-दूराग्रहियों ने सुडो सेक्युलरिज्म का तलवार भांजना शुरू किया, वहीं मूल्यवादी व राष्ट्रवादी राजनीति के पक्षधरों ने उनका स्वागत किया. शायद ही किसी राजनेता में राजनीति के गुणसूत्र को बदलने का इतना माद्दा हो, जितना कि कल्याण सिंह में था. कल्याण सिंह ने कर दिखाया. अपनी राजनीतिक सूझबूझ और स्पष्ट सोच के बरक्स न केवल छद्म धर्मनिरपेक्षता की विभाजनकारी राजनीति के कील-पेंचों को उखाड़ फेंका, बल्कि भारतीय राजनीति की दिशा को एक नया आयाम दिया. उनका यह अदम्य साहस ही उन्हें भारतीय राजनीति का महावीर बनाया. उन्होंने राजनीति में सत्ता के निर्माण या ध्वंस और ठहराव या बिखराव की तनिक भी फिक्र नहीं की. वे हर अवरोधों को तोड़ते और विरोध के घड़े को फोड़ते अनवरत गति से कदम बढ़ाते रहे.

राजनीति में सर्वजन की चेतना को मुखरित करना और उसे अंजाम तक पहुंचाना आसान नहीं होता. लेकिन कल्याण सिंह ने यह कर दिखाया. अस्सी का दशक मंडल राजनीति का दौर था. आरक्षण को लेकर समाज में जातिगत विभाजन, हिंसा और द्वेष का वातावरण निर्मित था. तब कल्याण सिंह ने लालकृष्ण अडवानी और अटल बिहारी वाजपेयी के साथ कंधा जोड़कर राममंदिर आंदोलन को धार दिया. राममंदिर आंदोलन के जरिए कई टुकड़े और वर्गीय खांचे में विभक्त भारतीय जनमानस विशेष रूप से पिछड़ों को गोलबंद किया और मंडल का घाव कमंडल की संजीवनी से सूखने लगा. मंदिर मुक्ति को लेकर 30 अक्टूबर 1990 को कारसेवा के एलान के बाद कल्याण सिंह की छवि हिंदू हृदय सम्राट और हिंदुत्व के शिखर पुरुष की बन गयी. तब के मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने कारसेवकों को रोकने के लिए गोलियां चलवाईं, जिसमें कई कारसेवक मारे गए. तब सरजू का निर्मल व पवित्र जल व हिंदू जनमानस दोनों उबल पड़े. कल्याण सिंह ने इस घटना को जनआंदोलन में बदलकर विधानसभा चुनाव में जीत हासिल की और पूर्ण बहुमत की सरकार बनायी. हालांकि उनकी सरकार सिर्फ 18 महीने चली और मंदिर के लिए कुर्बान हो गयी. सरकार जाने से कल्याण सिंह तनिक भी विचलित नहीं हुए. 6 दिसंबर 1992 को अयोध्या में ढांचा ध्वंस के बाद राज्यपाल को त्यागपत्र देते हुए कहा कि मुझे ढांचा ढह जाने पर कोई अफसोस नहीं है. जहां तक सरकार का सवाल है, तो एक क्या सैकड़ों सरकारें राममंदिर पर न्यौछावर है. राजनीति को लेकर कल्याण सिंह की स्पष्ट राय थी. वे अक्सर कहा करते थे कि वे दिल की राजनीति करते हैं, दिमाग की नहीं. कल्याण सिंह बतौर प्रशासक जितना कठोर थे, उतने ही संवेदनशील भी. उन्होंने अपने पहले कार्यकाल में सत्ता के विकेंद्रीकरण के बीज रोपे और शासन को जवाबदेह बनाया. जोतबही के रुप में किसानों का न सिर्फ उनकी जमीन का स्थायी दस्तावेज उपलब्ध कराया बल्कि वरासत की समय सीमा तय करने जैसे ऐतिहासिक निर्णय लिए. उनकी पहली सरकार ने नकल विरोधी कानून को लागू कर शिक्षा के क्षेत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार को खत्म किया. इसे संज्ञेय अपराध घोषित किए जाने से परीक्षा के दौरान नकल करने वाले बहुतेरे छात्र-छात्राएं जेल गए. भाजपा सरकार पर इस कानून में बदलाव को लेकर दबाव बढ़ा लेकिन मुख्यमंत्री कल्याण सिंह टस से मस नहीं हुए. सच कहें तो कल्याण सिंह भारतीय राजनीति के विराट संसार में राजनीतिक-सांस्कृतिक साधना के ऋषि भर नहीं थे बल्कि अदभुत बौद्धिक क्षमता से आबद्ध व उर्जा से लबरेज नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत भी थे.

**आज का इतिहास**

- 1790 : जनरल मेडोस के नेतृत्व में ब्रिटिश सेना ने डिंडिगुल पर क़ब्ज़ा जमाया.
- 1915 : पहले विश्व युद्ध के दौरान इटली ने तुर्की के खिलाफ युद्ध की घोषणा की.
- 1959 : हवाई अमेरिका का 50वां प्रांत बना.
- 1965 : यूरोपीय देश रोमानिया में संविधान को अंगीकार किया गया.
- 1972 : वन्यजीव संरक्षण अधिनियम पारित.
- 1972 : भारत में वन्य जीव संरक्षण अधिनियम पारित.
- 1997 : पूर्वी चीन में चक्रवाती तूफ़ान विन्नी से 140 लोगों की मौत हुई और तीन हजार लोग घायल हुए.
- 1983 : फिलीपींस के विपक्षी नेता बेनिग्रो एस. एक्विनो की स्वैच्छिक निर्वासन के पश्चात् वापसी, भूमि पर क़दम रखते ही गोली मारकर उनकी हत्या.
- 1988 : भारत नेपाल सीमा पर आये तीव्र भूकंप से एक हज़ार लोगों की मौत.

## परमेश्वर के दैनिक वचन

**चिंतन**

परमेश्वर पृथ्वी पर मुख्य रूप से अपने वचनों को कहने के लिए आया है; और तुम जिसके साथ संलग्न होते हो, वह परमेश्वर का वचन है, वह परमेश्वर का वचन है, तुम जो देखते हैं, वह परमेश्वर का वचन है, तुम जिसे सुनते हो वह परमेश्वर का वचन है, तुम जिसका पालन करते हो वह परमेश्वर का वचन है, तुम जो अनुभव करते हो, वह परमेश्वर का वचन है, और मनुष्य को पूर्ण करने के लिए परमेश्वर का यह देह धारण मुख्य रूप से वचन का उपयोग करता है. वह संकेतों और चमत्कारों को नहीं दिखाता है, और विशेष रूप में उन कार्यों को नहीं करता है, जिन्हें यीशु ने अतीत में किया. यद्यपि वे परमेश्वर हैं और दोनों देह हैं, किन्तु उनकी सेवकाइयाँ एक सी नहीं हैं. जब यीशु आया, तो उसने भी परमेश्वर के कार्य का एक भाग पूरा किया, और कुछ वचनों को कहा-किन्तु वह कौन सा प्रमुख कार्य था जो उसने सम्पन्न किया? उसने मुख्यरूप से जो संपन्न किया, वह था सलीब पर चढ़ने का कार्य. क्रूस पर चढ़ने का कार्य पूरा करने और समस्त मानवजाति को छुटकारा दिलाने के लिए वह पापमय शरीर की समानता बन गया, और यह समस्त मानवजाति के पापों के वास्ते था कि उसने पापबलि के रूप में सेवा की. यही वह मुख्य कार्य है जो उसने सम्पन्न किया. अंततः, जो बाद में आए उनका मार्गदर्शन करने के लिए, उसने सलीब का मार्ग प्रदान किया. जब यीशु आया, तब यह मुख्य रूप से छुटकारे के कार्य को पूरा करने के लिए था. उसने समस्त मानवजाति को छुटकारा दिलाया, और स्वर्ग के राज्य का सुसमाचार मनुष्यों तक पहुंचाया, और, इसके अलावा, वह स्वर्ग का राज्य लाया. फलस्वरूप, बाद में जो लोग आये सभी ने कहा, ₹हमें सलीब के मार्ग पर चलना चाहिए, और स्वयं को सलीब के लिये बलिदान कर देना चाहिए. निश्चय ही, मनुष्य को पश्चाताप करवाने और अपने पापों को अंगीकार करवाने के लिए आरंभ में यीशु ने कुछ अन्य कार्य भी किए और कुछ अन्य वचन भी कहे. किन्तु तब भी उसकी सेवकाई सलीब पर चढ़ने की थी, और उसने साढ़े तीन वर्ष जो मार्ग का उपदेश देने में खर्च किए वे भी सलीब पर चढ़ने के वास्ते थे.

**X इंडिया पर ट्रेंडिंग**



1. #RekhaGupta 18K
2. रेखा गुप्ता 27K
3. #OnlineGamingBill2025
4. #AntiAssamCong
5. #realmeP4SeriesLaunchToday
6. #GMMTVOuting2025 3.6M
7. राजीव गांधी 38K
8. आधुनिक भारत 16K
9. अब्बास अंसारी

# बहुरंग




## 'बैटल ऑफ गलवान' की शूटिंग में जुटे सलमान खान


बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान खान एक बार फिर बड़े पर्दे पर दमदार वापसी की तैयारी में हैं. पिछली बार वह फिल्म 'सिकंदर' में नजर आए थे, लेकिन उम्मीदों पर खरी न उतर पाने के कारण यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप साबित हुई थी. अब सलमान अपने अगले मेगा प्रोजेक्ट 'बैटल ऑफ गलवान' के साथ चर्चा में हैं. खास बात यह है कि इस फिल्म का निर्देशन अपूर्व लाखिया कर रहे हैं, जिन्होंने 'मुंबई से आया मेरा दोस्त' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था और उसके बाद कई चर्चित फिल्में दीं. 'बैटल ऑफ गलवान' की शूटिंग 20 अगस्त से लद्दाख की वादियों में शुरू हो चुकी है. निर्देशक अपूर्व लाखिया ने खुद अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म के सेट से कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिससे फैंस के बीच उत्साह और भी बढ़ गया है. फिल्म की कहानी साल 2020 में गलवान घाटी में हुए संघर्ष पर आधारित है, जिसने पूरे देश को हिला दिया था. इस फिल्म में सलमान खान कर्नल संतोष बाबू की भूमिका निभा रहे हैं, जो भारत माता के लिए वीरगति को प्राप्त हुए थे. यह किरदार सलमान के करियर के सबसे गंभीर और जिम्मेदार रोल्स में से एक माना जा रहा है. फिल्म में सलमान की जोड़ी पहली बार अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह के साथ बन रही है. दोनों को पर्दे पर एक साथ देखने के लिए दर्शक बेहद उत्साहित हैं, क्योंकि यह एक नई और ताज़ा जोड़ी होगी. देशभक्ति, एक्शन और भावनाओं से भरपूर 'बैटल ऑफ गलवान' को लेकर मेकर्स का दावा है कि यह फिल्म भारतीय सिनेमा की सबसे प्रभावशाली वार ड्रामा फिल्मों में से एक साबित होगी.

## फिर पर्दे पर दिखेगा देओल परिवार का जादू, 'अपने-2' का हुआ ऐलान




अभिनेता सनी देओल इन दिनों अपनी दो बड़ी फिल्मों 'बॉर्डर-2' और 'रामायण' को लेकर सुर्खियों में. उनके भाई बॉबी देओल अपनी अगली फिल्म 'अल्फा' को लेकर चर्चा बटोर रहे हैं, लेकिन अब दोनों भाई जल्द ही एक बार फिर साथ नज़र आ सकते हैं. दरअसल, दोनों को 'अपने-2' में एक साथ देखा जाएगा. फिल्म के निर्देशक अनिल शर्मा ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान बताया कि 'अपने-2' की स्क्रिप्ट पूरी हो चुकी है और फिल्म बन रही है. हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह उनकी अगली फिल्म नहीं होगी, क्योंकि वे इस समय कई स्क्रिप्ट्स पर काम कर रहे हैं. अनिल शर्मा ने कहा, मेरे पास कई कहानियां हैं और मैं चाहता हूं कि सब पर काम कर पाऊं. लेकिन इतना तय है कि 'अपने-2' ज़रूर बनेगी. निर्देशक अनिल शर्मा ने खुलासा किया कि फिल्म 'अपने 2' के लिए धर्मेंद्र, सनी देओल और बॉबी देओल को राज़ी करना बिल्कुल भी मुश्किल नहीं था. दरअसल, तीनों लंबे समय से साथ काम करना चाहते थे और चाहते थे कि यह फिल्म उन्हीं के निर्देशन में बने. अनिल शर्मा ने बताया, जिस दिन 'अपने' की कहानी मेरे पास आई, उस वक्त सभी बेहद खुश हुए. जब मैंने धरम जी को स्क्रिप्ट सुनाई तो उनकी आंखों में आंसू आ गए. वहीं, बॉबी ने स्क्रिप्ट सुनने के बाद मुझे गले लगा लिया. उन्होंने आगे कहा कि जैसे ही सनी देओल को अपने पिता और भाई के साथ काम करने की बात पता चली, उन्होंने भी तुरंत हामी भर दी. अनिल शर्मा ने देओल परिवार के साथ अपने रिश्ते को भी खास बताया. उन्होंने कहा, देओल परिवार और मेरा रिश्ता सिर्फ प्रोफेशनल नहीं है, बल्कि ऑफ-स्क्रीन भी बेहद गहरा है.

## सिनेमा हॉल में छाया रजनीकांत का जादू रिलीज के छठे दिन 9.50 करोड़ की कमाई



सुपरस्टार रजनीकांत की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'कुली' स्वतंत्रता दिवस के मौके पर सिनेमाघरों में उतरी थी और रिलीज के पहले ही दिन से बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार कमाई कर रही है. अब फिल्म की छठे दिन की कमाई के आंकड़े भी सामने आ गए हैं, जो इसकी सफलता की गवाही दे रहे हैं. बॉक्स ऑफिस ट्रैकिंग पोर्टल सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार रजनीकांत की फिल्म 'कुली' ने अपनी रिलीज के छठे दिन यानी पहले मंगलवार को लगभग 9.50 करोड़ रुपये की कमाई की. इसके साथ ही फिल्म का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन बढ़कर 216 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है. गौरतलब है कि फिल्म ने पहले दिन ही 65 करोड़ रुपये की शानदार ओपनिंग की थी. करीब 400 करोड़ रुपये के भव्य बजट में बनी इस फिल्म की टक्कर फिलहाल बॉक्स ऑफिस पर 'वॉर 2' जैसी बड़ी फिल्म से हो रही है. 'कुली' का निर्देशन मशहूर फिल्ममेकर लोकेश कनगराज ने किया है, जिन्हें 'लियो' और 'मास्टर' जैसी हिट फिल्मों के लिए जाना जाता है. यह फिल्म पहली बार रजनीकांत और लोकेश कनगराज की जोड़ी लेकर आई है. इसमें रजनीकांत ने देवा का दमदार किरदार निभाया है. थलाइवा का जबरदस्त एक्शन और स्टाइल दर्शकों को खूब पसंद आ रहा है और फैंस एक बार फिर उनके दीवाने हो गए हैं. फिल्म की स्टारकास्ट भी बेहद खास है, इसमें नागार्जुन अक्किनेनी, श्रुति हासन, सौबिन शाहिर, उपेंद्र, आमिर खान, सत्यराज और रचिता राम जैसे बड़े कलाकार महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं.

## राशिफल



आचार्य प्रणव मिश्रा
मोबाइल नंबर 8210075897

**मेष :** कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा. धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी. मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी. श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी. लाभमार्ग प्रशस्त होगा. नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी. आनन्ददायक वातावरण बनेगा. शुभांक-3-6-8

**वृष :** आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी. शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे. स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी. बुरी संगति से बचें. अपनों का सहयोग प्राप्त होगा. पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी. आशानुकूल कार्य होने में संदेह है. शुभांक-1-3-5

**मिथुन :** व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी. नौकरी में पदोन्नति की संभावना है. मित्रों से सावधान रहें, शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें. संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी. खान-पान में सावधानी रखें. नौकरी में अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा. शुभांक-2-4-7

**कर्क :** अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें. कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा. अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे. रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी. कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे. स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा. शुभांक-1-5-8

**सिंह :** नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे. यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा. मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी. यात्रा शुभ रहेगी. अपने काम को प्राथमिकता से करें. कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी. शुभांक-3-6-8

**कन्या :** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्घ होंगे. कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं. कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे. आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी. धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी. अच्छे समय इन्तजार करें. कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें. शुभांक-6-7-9

**तुला :** लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी. रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है. मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी. व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है. कामकाज की अधिकता रहेगी. लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा. दैनिक सुख-सुविधा में वृद्घि होगी. शुभांक-5-7-8

**वृश्चिक :** शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे. व्यापार में स्थिति नरम रहेगी. संतोष रखने से सफलता मिलेगी. नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी. जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा. समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा. बचते-बचते कलह विवाद का डर बना रहेगा. शुभांक-2-5-7

**धनु :** यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा. कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे. सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी. आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी. यात्रा शुभ रहेगी. अपने काम पर पैनी नजर रखिए. विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा. शुभांक-3-6-8

**मकर :** मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा. कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी. लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे. परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए. कल का परिश्रम आज लाभ देगा. शुभांक-4-6-8

**कुंभ :** आलसी न बनें. कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा. यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा. पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे. जोखिम से दूर रहना ही बुद्घिमानी होगी. महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा. शुभांक-3-5-6

**मीन :** बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा. परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. कल का परिश्रम आज लाभ देगा. कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी. लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे. भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा. शुभांक-5-6-8



# पुर्तगाल में है समुद्र की लहरों से भरने वाला नैसर्गिक पूल

पुर्तगाल के शहर पोर्तो में पाल्मेरिया समुद्री तट पर बना यह स्विमिंग पूल दुनिया के अन्य पूल से अनोखा और बिल्कुल भिन्न है। समुद्र में आने वाले टाइड के बाद यह पूल भर जाता है और फिर लोग इसका लुत्फ उठाते है। पुर्तगाल के वास्तुविद अल्वारो सिजा ने 1959 से 1973 के बीच यह पूल तैयार किया था। दरअसल तस्वीर में दो पूल दिख रहे है, बड़ा पूल वयस्कों के लिए है, तो एक छोटा पूल बच्चों के लिए भी है। यह पूल पुर्तगाल के नेशनल लैंडमार्क के रूप भी देखे जाते है।



## गुजरात के वो गांव जहां दूल्हा अपनी ही शादी में नहीं जाता

भारत के घरों में अगर लड़के की शादी है तो दूल्हे से ज्यादा तो उसके घरवाले उत्सुक होते हैं. दूल्हे की बारात लेकर जाने का मतलब है कि वो कहीं के तुर्रमखान है और लड़की वालों को उनके कहे अनुसार ही चलना पड़ेगा. घरवाले बारात के लिए गाजे-बाजे, कपड़े, घोड़ी, गाड़ी और न जाने क्या-क्या तैयारियां करते हैं इतना ही नहीं हर चीज बेस्ट से बेस्ट होनी चाहिए फिर बड़े ही शान-ओ-शौकत से दूल्हा अपनी दुल्हन को ब्याहने निकलता है. बारात में डांस होता है मस्ती होती है. मगर गुजरात के कुछ गांव में इसके बिल्कुल विपरीत होता है यहां दूल्हा अपनी ही शादी में नहीं जाता है. अब आप सोच रहे होंगे अगर दूल्हा नहीं जाता है तो शादी कैसे होती है? और इतना अजीबो-गरीब रीति-रिवाज आखिर मनाया ही क्यों जाता है? ऐसा गुजरात के 3 आदिवासी गांवों में होता है रिपोर्ट्स के अनुसार सुरखेड़ा, सानदा और अंबल गांवों के ग्राम देवता कुंवारे हैं. इसलिए दूल्हा अपनी शादी में न जाकर उनके प्रति सम्मान व्यक्त करता है. कहते है कि, जो दूल्हे अपनी बारात में नहीं जाते वो सुखी वैवाहिक जीवन व्यतीत करते हैं. दूल्हे की जगह अपनी भाभी को लेने दूल्हे की बहन जाती है और उसे सिंदूर भरकर लेकर आती है दूल्हा घर पर ही शेरवानी-साफा पहनकर अपनी मां के साथ दुल्हन का घर पर ही इंतजार करता है. अगर दूल्हे की बहन नहीं होती है तो परिवार की कोई भी कुंवारी लड़की इस रीति-रिवाज को पूरा करती है. सिंदूर भरने के अलावा, शादी के पवित्र फेरों के भी बहन के द्वारा ही पूरा किया जाता है. स्थानीय लोगों का मानना है कि, जब-जब इस परंपरा को नहीं निभाया गया है तब-तब गांव और लोगों के साथ बुरा ही हुआ है जैसे, शादी का टूटना या फिर वैवाहिक जीवन में खुशियां न होना.



# भारत का आखिरी रेलवे स्टेशन सिंहाबाद जहां से नहीं गुजरती एक भी ट्रेन

**एक जगह से दूसरी जगह जाना हो और दूरी ज्यादा हो तो आप लोग ट्रेन या हवाई जहाज़ का रास्ता चुनते हैं. मगर ज्यादातर लोग ट्रेन का क्योंकि ट्रेन हर किसी के बजट में फ़िट बैठती है. इस लिहाज़ से तो अभी तक आप सब न जाने कितने रेलवे स्टेशन घूम चुके होंगे. ट्रेन से यात्रा के दौरान कभी दिमाग में आया कि आखिर कहीं कोई रेलवे स्टेशन होगा, जिसे आखिरी कहा जा सके, जैसे दुनिया का भी आखिरी छोर है तो क्या रेलवे स्टेशन भी आखिरी होगा.**


आपके मन का सवाल जायज है और भारत का आखिरी रेलवे स्टेशन भी है, जिसमें से एक तो बिहार के अररिया जिले में एक जगह है जोगबनी, जिसे भारत का आखिरी रेलवे स्टेशन माना जाता है. यहां से नेपाल पैदल जाया जा सकता है. इसके अलावा, पश्चिम बंगाल में स्थित सिंहाबाद रेलवे स्टेशन को भी भारत का आखिरी रेलवे स्टेशन माना जाता है. यहा पर हर चीज अंग्रेजों के जमाने की है. भारत का ये आखिरी रेलवे स्टेशन पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के हबीबपुर इलाके में स्थित है. इस स्टेशन को अंग्रेजों ने जैसा छोड़ा था ये आज भी वैसा ही है. इसमें कोई बदलाव नहीं किए गए हैं. ये भारत का आखिरी सीमांत स्टेशन है, जो बांग्लादेश की सीमा के काफी पास है. बांग्लादेश के पास होने के चलते यहां से पैदल भी जाया जा सकता है. भारत का बंटवारा होने के बाद इस स्टेशन के मेंटीनेंस का सारा काम जस का तस रोक दिया गया था. इसलिए यहां से कोई गाड़ी भी नहीं गुजरती थी, लेकिन 1978 में जब मालगाड़ियां चलना शुरू हुई तो दोबारा से ट्रेन और हार्न की आवाज आने लगी. ये गाड़ियां पहले बांग्लादेश तक ही जाती थीं, लेकिन 2011 में पड़ोसी देश नेपाल तक भी जाने लगी. भले ही यहां से गाड़ियों का आवागमन शुरू हुआ हो, लेकिन इस स्टेशन के रूप-रंग में कोई सुधार नहीं हुआ है. ये आज भी वैसा ही है जैसा ब्रिटिशों के जमाने में था. इस स्टेशन का इस्तेमाल कोलकाता और ढाका के बीच ट्रेन कनेक्टिविटी के लिए किया जाता था. हालांकि, ये स्टेशन आजादी से पहले का है, इसलिए ढाका जाने के लिए महात्मा गांधी और सुभाष चंद बोस ने भी कई बार इस रास्ते का इस्तेमाल किया था. कभी यहां से दार्जिलिंग मेल जैसी ट्रेनें भी गुजरती थीं, लेकिन अब यहां से सिर्फ मालगाड़ियां ही गुजरती हैं. बता दें, इस स्टेशन पर आज भी पुराने ज़माने के हाथ के गियर वाले सिग्नल का इस्तेमाल होता है. साथ ही, यहां पर कोई ज्यादा रेलवे कर्मचारी नहीं रखे जाते हैं. इतना ही नहीं, टिकट काउंटर तक बंद हो चुका है. ज्यादा कर्मचारी इसलिए नहीं है क्योंकि जब मालगाड़ी आती है बस तभी सिग्नल देना होता है, जो रोहनपुर के रास्ते से बांग्लादेश जाती है.

## आज भी नहीं बदला ये स्टेशन

इस रेलवे स्टेशन की सबसे खास बात यह है कि आज भी यहां कुछ नहीं बदला है, यहां सबकुछ वैसे का वैसा है, जैसा कभी अंग्रेज छोड़कर इसे गए थे। चाहे वो यहां की सिग्नल हो या संचार या फिर कोई और उपकरण। भारत का ये एक ऐसा रेलवे स्टेशन है, जहां अब भी कार्डबोर्ड के टिकट रखे हुए है, जो शायद ही अब आपको कहीं देखने को मिले। इतना ही नहीं, ट्रेन को सिग्नल देने के लिए आज भी हाथ के गियरों का इस्तेमाल किया जाता है। सबसे ज्यादा खास बात है यहां का टेलीफोन, जो बाबा आदम के जमाने का है, जैसा कि आप पुरानी फिल्मों में देखते आए हैं।


## गांधी और बोस भी यहां से गुजर चुके हैं

यह स्टेशन आजादी के भी काफी पहले का है तो उस समय ये स्टेशन कोलकाता से ढाका तक जाने के लिए इस्तेमाल किया जाता था। इस रूट से कई बार महात्मा गांधी और सुभाष चंद बोस ढाका जा चुके हैं। काफी समय पहले यहां से दार्जिलिंग मेल जैसी ट्रेनें भी गुजरा करती थी, लेकिन अब सिर्फ यहां से मालगाड़ियां ही गुजरती हैं।




## इस स्टेशन से सिर्फ दो ही पैसेंजर ट्रेन गुजरती हैं लेकिन रुकती नहीं

इस स्टेशन पर अब कोई पैसेंजर ट्रेन नहीं रुकती, जिसके चलते यहां का टिकट काउंटर बंद कर दिया गया है। लेकिन यहां केवल वही मालगाड़ी ही रुकती हैं, जिन्हें रोहनपुर के रास्ते बांग्लादेश जाना होता है। यहां रुककर ये गाड़ियां सिग्नल का इंतजार करती हैं। इस छोटे से स्टेशन सिर्फ दो ट्रेनें- मैत्री एक्सप्रेस और मैत्री एक्सप्रेस-1, गुजरती है। इसमें से मैत्री एक्सप्रेस साल 2008 में शुरू की गई थी, जो कोलकाता से ढाका के लिए चलती है और 375 किमी. का सफर तय करती है। वहीं, दूसरी ट्रेन मैत्री एक्सप्रेस-1 कोलकाता से बांग्लादेश के एक शहर खुलना तक जाती है। अगर यहां के लोगों की बात की जाए तो ये आज भी इस इंतजार में बैठे है कि कभी तो वो समय आएगा, जब उस स्टेशन पर ट्रेन रुकेगी और उन्हें इन ट्रेनों में चढ़ने का मौका मिलेगा।



# दुनिया की रहस्यमयी जगहें, कहीं जाने पर है रोक, तो कहीं रात में आती हैं आवाजें


**दुनिया में कई रहस्यमयी और अनोखी जगहे हैं। इन जगहों के बारे में जानकर यकीन करना मुश्किल होता है। वैज्ञानिक भी कई रहस्यों से आज तक पर्दा नहीं उठा पाए हैं। कई रहस्यमयी जगहों पर जाने पर रोक है। इन जगहों में कई एलियंस, भूतों और दूसरी वजहों से रहस्यमयी हैं। आज हम आपको कुछ रहस्यमयी जगहों के बारे में बताएंगे, जिनके बारे में जानकर आपको यकीन नहीं होगा।**

## उलुरु, ऑस्ट्रेलिया

उलुरु (एयर्स रॉक) ऑस्ट्रेलिया आने वाले पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है। बलुआ पत्थर की एक चट्टान है, जो कछुए के ऊपरी खोल की तरह नजर आती है। बताया जाता है कि यहां पर आदिवासी रहते हैं। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि इस पहाड़ी का दिन में कई बार रंग बदलता रहता है। दुनिया की इकलौती पहाड़ी है, जिसका का रंग बदलता रहता है। माना जाता है कि यह पहाड़ी 50 हजार साल पुरानी है। ऐसा क्यों होता है, इस रहस्य से आज तक पर्दा नहीं उठ पाया है।

## कलावंती दुर्ग, महाराष्ट्र





कलावंती दुर्ग को रहस्यमयी माना जाता है। प्रदेश के माथेरान और पनवेल के बीच यह दुर्ग स्थित है, जो बेहद डरावना है। इस दुर्ग की कई कहानियां हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक, इस किले में नकारात्मकता का वास है, जिससे लोग यहां पर खींचे चले जाते हैं और आत्महत्या कर लेते हैं। सबसे डरावनी बात यह है कि इस खंडहर में आधी रात के बाद चीखने की आवाजें सुनाई देती है।

## रहस्यमयी शहर धनुषकोटि

भगवान राम ने रावण का वध करने और लंका पर विजय के बाद राज्य को विभीषण को सौंप दिया था। रावण के छोटे भाई और लंका पर राज कर रहे विभीषण ने भगवान राम से निवेदन किया कि लंका तक आने वाले रामसेतु को तोड़ दीजिए। इसके बाद भगवान राम ने अपनी धनुष के एक छोर से सेतु को तोड़ दिया। इसके बाद से यह स्थान धनुषकोटि के नाम से प्रसिद्ध हो गया। यह रहस्यमयी शहर तमिलनाडु के पूर्वी तट पर स्थित है। भगवान राम का धनुषकोटि से गहरा नाता है, तो वहीं यहां पर प्रेत आत्माओं के महसूस किए जाने का दावा किया जाता है। इसके पीछे की वजह साल 1964 में यहां पर आए भीषण चक्रवात को माना जाता है। तूफान के बाद यहां पर आने वाले लोगों ने महसूस किया कि यहां पर कुछ असामान्य है। लोगों के इन अनुभवों के बाद तमिलनाडु सरकार ने इस छोटे शहर को भुतिया शहर की सूची में डाल दिया और इसे रहने के लिए अयोग्य करार दे दिया। सरकार ने चेतावनी भी दी कि यहां पर दिन ढलने के बाद कोई नहीं जाए।





**जब हम किसी गांव की बात करते हैं, तो दिमाग़ में सबसे पहले खपड़ैल के बने कच्चे घर, कच्ची सड़कें, कच्चे मकान, चारों तरफ़ गाय और गोबर, तालाब, खेत, किसान और खेतों में खेलते बच्चे आते हैं. मगर चीन में एक ऐसा गांव है, जहां गांव जैसा कुछ नहीं है. इस गांव ने शहरों को पीछे छोड़ दिया है. यहां लोग लाखों कमाते हैं और इस गांव को दुनिया के सबसे अमीर गांव में शुमार किया जाता है. ये गांव चीन के जिआंग्सू राज्य में स्थित वाक्शी गांव है, जिसे चीन का सबसे अमीर गांव माना जाता है. यहां के स्थानीय लोगों की लाइफ़स्टाइल शहरों में रहने वाले बड़े-बड़े रईसों के जैसी है या कहें कि उनसे भी ज्यादा बेहतर है.**

# चीन का वाक्शी गांव, जहां हर एक शख्स है करोड़ों की संपत्ति का मालिक

## लग्ज़री सुविधाओं से भरपूर

चीन के इस अमीर गांव की सुविधाएं देखकर आप शहरों को भूल जाएंगे. इस गांव में 72 मंजिला स्काईस्क्रैपर, हेलीकॉप्टर टैक्सिस, थीम पार्क और लग्जरी विला हैं. इसके चलते इसे सुपर विलेज भी कहते हैं.

## हर शख्स के बैंक में 1 करोड़ से ज्यादा जमा है


एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, इस गांव में 2,000 रजिस्टर्ड निवासी रहते हैं, जिनमें हर एक के पास 1 करोड़ 10 लाख रुपये से ज्यादा है. यहां पर हर शख्स विला में रहता है, जो एक से ही बने हैं और लग्जरी कारों से चलते हैं.

## स्थानीय सचिव वू रेनाबो की मेहनत

कम्युनिस्ट पार्टी के स्थानीय सचिव वू रेनाबो ने इस गांव को यहां तक पहुंचाने में कड़ी मेहनत की है. यहां पर स्टील और शिपिंग बड़ी कंपनियां हैं. तो वहीं, सड़कें लोगों को आकर्षित करती हैं. पहले ये गांव उतना अमीर नहीं था, लेकिन सचिव जी की लगन ने इसे इस मकाम पर पहुंचा दिया है.

## कृषि प्रधान गांव है

ये गांव एक कृषि प्रधान गांव है, जिसे किसानों के एक प्रतिभाशाली आइडिया ने दुनिया के अमीर गांवों में शामिल कर दिया है. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, ये गांव 60 के दशक में बसा था और तभी से सभी लोग सामूहिक खेती करने लगे थे. 21वीं सदी की शुरुआत तक यहां 100 से अधिक कंपनियां हो गईं, जिनमें लोहा, इस्पात और तंबाकू कंपनियां शामिल हैं.



### दीप्ति शर्मा का क्रिकेट वर्ल्ड कप 2025 के लिए टीम इंडिया में चयन

# आगरा की बेटी की उपलब्धि पर जिले में खुशी की लहर, परिवार और खेल जगत में उत्साह

एजेंसियां । आगरा

आगरा जिले की होनहार क्रिकेटर दीप्ति शर्मा का चयन महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 के लिए भारतीय टीम में होने पर जिलेभर में खुशी और गर्व का माहौल है. क्रिकेट प्रेमियों से लेकर खेल संगठनों तक, सभी ने दीप्ति की इस उपलब्धि को देश और प्रदेश के लिए गौरवपूर्ण बताया है.

शमशाबाद कस्बे में 24 अगस्त 1997 को जन्मी दीप्ति शर्मा के पिता भगवान शर्मा, भारतीय रेलवे से सेवानिवृत्त हैं और मां सुशीला शर्मा एक शिक्षिका हैं. दीप्ति को क्रिकेट की प्रेरणा अपने बड़े भाई सुमित शर्मा, जो एक तेज गेंदबाज रहे हैं, से मिली. मात्र 12 वर्ष की उम्र में ही उन्होंने उत्तर प्रदेश महिला टीम में स्थान बना लिया था. वर्ष 2014 में दीप्ति का चयन भारतीय महिला क्रिकेट टीम में हुआ और उसी साल उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने वनडे करियर की शुरुआत की.



दीप्ति ने 2017 में आयरलैंड के खिलाफ मैच में पूनम राउत के साथ मिलकर 320 रनों की ओपनिंग साझेदारी कर विश्व रिकॉर्ड बनाया, जिसमें उन्होंने 188 रन बनाए. यह महिला वनडे क्रिकेट में दूसरा सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर है.

दीप्ति अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 100 विकेट लेने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर हैं. उन्हें 2020 में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया. इसके अलावा, उन्होंने महिला प्रीमियर लीग ( डब्ल्यूपीएल) में यूपी वॉरियर्स की ओर से खेलते हुए हैट्रिक लेनेवाली पहली भारतीय गेंदबाज बनने का गौरव प्राप्त किया.

खेल में उत्कृष्ट योगदान को देखते हुए दीप्ति को उत्तर प्रदेश पुलिस में डीएसपी के पद पर नियुक्त किया गया है. उनके पिता भगवान शर्मा ने कहा, ₹दीप्ति बचपन से ही खेल के प्रति समर्पित रही है. उसका वर्ल्ड कप में चयन आगरा और देश के लिए गर्व की बात है. जिला क्रिकेट एसोसिएशन आगरा के अध्यक्ष सुशील जोशान ने दीप्ति को नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया और कहा कि उनका यह सफर अन्य युवाओं को भी बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने की प्रेरणा देगा.

## ला लीगा 2025-26: रियल मैड्रिड ने जीत के साथ की शुरुआत, पहले मैच में ओसासुना को हराया

एजेंसियां । मैड्रिड




फ्रांसीसी स्ट्राइकर किलियन एमबाप्पे के पेनल्टी गोल की बदौलत रियल मैड्रिड ने ला लीगा 2025-26 सीजन की शानदार शुरुआत की. मंगलवार को सैंटियागो बर्नबाउ में खेले गए मुकाबले में मैड्रिड ने ओसासुना को 1-0 से हराकर नए कोच जाबी अलोंसो को जीत का तोहफ़ा दिया.मैच का एकमात्र गोल दूसरे हाफ के शुरुआती मिनटों में आया, जब ओसासुना डिफेंडर जुआन क्रूज़ के फाउल पर मैड्रिड को पेनल्टी मिली. एमबाप्पे ने मौके को भुनाते हुए गेंद को गोलकीपर सर्जियो हेरेरा के विपरीत दिशा में भेजकर टीम को बढ़त दिलाई. यह गोल अंत तक निर्णायक साबित हुआ. रियल मैड्रिड की टीम इस मैच में इंग्लैंड के मिडफील्डर जूड बेलिंगहैम के बिना उतरी, जो कंधे की सर्जरी के कारण अक्टूबर तक मैदान से बाहर रहेंगे. वहीं, लिवरपूल से आए ट्रेंट अलेक्जेंडर-अर्नोल्ड ने ला लीगा में पदार्पण किया. साथ ही समर साइनिंग्स डीन हुईजसन और अल्वारो कैरेरास भी शुरुआती एकादश का हिस्सा बने.

पहले हाफ में मैड्रिड को ओसासुना की मजबूत डिफेंस के सामने खास मौके नहीं मिले. सेंटर-बैक हुईजसन और मिलिटाओ की दूर से मार की कोशिशों को गोलकीपर हेरेरा ने रोका. वहीं, विनीसियस जूनियर की क्रॉस पर एमबाप्पे का शॉट साफ़ नहीं लग पाया. दूसरे हाफ में पेनल्टी के जरिए गोल करने के बाद मैड्रिड ने मैच पर नियंत्रण बना लिया. अलोंसो ने 18 वर्षीय अर्जेंटीनी विंगर फ्रांको मास्तान्तुओनो को भी पदार्पण का मौका दिया. उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन गोलकीपर हेरेरा ने उनके प्रयास को बचा लिया.ओसासुना को मैच में वापसी का मौका नहीं मिला. अंत में अबेल ब्रेटोनेस को इंजरी टाइम में गोंजालो गार्सिया को रोकने के प्रयास में हाथ उठाने पर लाल कार्ड दिखाया गया और टीम 10 खिलाड़ियों के साथ रह गई.इस जीत के साथ रियल मैड्रिड ने 2008 से चली आ रही परंपरा को जारी रखा है कि वह ला लीगा के अपने शुरुआती मुकाबले में कभी हारता नहीं है.

### एशिया कप 2025: शुभमन गिल की एंट्री से टीम इंडिया में मचा संग्राम

# संजू सैमसन, सूर्या व तिलक की जगह पर मंडराया खतरा

एजेंसी। नयी दिल्ली।

एशिया कप 2025 के लिए भारतीय टीम की घोषणा के साथ ही एक नई बहस ने जन्म ले लिया है. युवा बल्लेबाज शुभमन गिल को टीम में न केवल शामिल किया गया है, बल्कि उन्हें उपकप्तान भी नियुक्त किया गया है. यह निर्णय जितना चौंकाने वाला था, उससे कहीं अधिक जटिल यह सवाल हो गया है कि गिल को प्लेइंग-11 में फिट कैसे किया जाएगा. टीम में गिल की जगह पक्की मानी जा रही है क्योंकि वह उपकप्तान हैं, लेकिन समस्या यह है कि वह मुख्यतः एक ओपनर के तौर पर ही खेलते हैं. ऐसे में सवाल उठता है कि क्या टीम मैनेजमेंट उन्हें ओपनिंग के लिए उतारेगा? और अगर हां, तो फिर पिछले कुछ महीनों में शानदार प्रदर्शन करने वाले ओपनर संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा का क्या होगा?

गौरतलब है कि संजू सैमसन इस साल टी20 इंटरनेशनल में तीन शतक लगा चुके हैं और विकेटकीपर के तौर पर पहली पसंद भी हैं. वहीं, अभिषेक शर्मा ने अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से टीम को कई मैच जिताए हैं और उनका स्ट्राइक रेट बाकी सभी ओपनर्स से बेहतर रहा है. आईपीएल 2025 में भी उन्होंने अपनी क्षमता का बेहतरीन प्रदर्शन किया था. अब बात आती है मिडिल ऑर्डर की, जहां सूर्यकुमार यादव पहले ही कप्तान के तौर पर नंबर-4 पर खुद को सेट कर चुके हैं. नंबर-3 पर फिलहाल तिलक वर्मा बल्लेबाजी करते हैं, जो आईसीसी रैंकिंग में दुनिया के दूसरे नंबर के टी20 बल्लेबाज हैं और हाल ही में दो शतक जड़ चुके हैं. ऐसे में गिल को अगर टॉप ऑर्डर में फिट करना है तो टीम मैनेजमेंट को किसी एक स्टार बल्लेबाज की बलि देनी होगी. पूर्व भारतीय बल्लेबाज मोहम्मद कैफ ने पहले ही कहा था कि शुभमन गिल की वर्तमान फॉर्म और बैटिंग पोजीशन को देखते हुए उन्हें प्लेइंग-11 में जगह बनाना मुश्किल होगा. लेकिन उपकप्तान होने के चलते टीम को उन्हें खिलाना ही होगा, जिससे यह तय है कि किसी खिलाड़ी को पोजीशन या प्लेइंग-11 से बाहर होना पड़ेगा. सबसे आसान निशाना संजू सैमसन दिख रहे हैं. भले ही उन्होंने हाल के मैचों में बेहतरीन प्रदर्शन किया हो, लेकिन उनका अतीत बताता है कि जब भी टीम में संतुलन बिगड़ता है, सबसे पहले संजू ही बाहर किए जाते हैं. आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के साथ भी उनके साथ ऐसा बर्ताव हो चुका है. गिल के करीबी दोस्त अभिषेक शर्मा पर भी खतरा मंडरा रहा है. हालांकि उन्होंने अभी तक सीमित मैच ही खेले हैं, लेकिन उनकी आक्रामक बल्लेबाजी ने उन्हें एक अलग पहचान दिलाई है. फिर भी, गिल और सैमसन की मजबूत मौजूदगी के चलते उन पर दबाव बना रहेगा. टीम इंडिया के लिए अब सबसे बड़ी चुनौती यही है कि टॉप-3 में से किसे बाहर किया जाए. क्या सूर्यकुमार यादव अपनी कप्तानी के नाते एक बार फिर पोजीशन कुर्बान करेंगे? या तिलक वर्मा की रैंकिंग और फॉर्म के बावजूद उन्हें हटाया जाएगा? एशिया कप जैसे बड़े टूर्नामेंट में बैलेंस बनाना ही असली चुनौती है. देखना होगा कि टीम मैनेजमेंट गिल के लिए कौन-सी कुर्बानी लेता है – पोजीशन की या खिलाड़ी की.




## एशिया कप 2025 के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम घोषित, हरमनप्रीत सिंह होंगे कप्तान

एजेसियां । नई दिल्ली

हॉकी इंडिया ने बुधवार को आगामी हीरो पुरुष एशिया कप 2025 के लिए 18 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम की घोषणा कर दी. यह टूर्नामेंट 29 अगस्त से 7 सितंबर तक बिहार के नवनिर्मित राजगीर हॉकी स्टेडियम में खेला जाएगा. यह प्रतियोगिता बेल्जियम-नीदरलैंड्स में होने वाले एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 के लिए क्वालिफायर है. भारत को पूल-ए में जापान, चीन और कजाखस्तान के साथ रखा गया है. टीम इंडिया अपना पहला मुकाबला 29 अगस्त को चीन के खिलाफ खेलेगी, इसके बाद 31 अगस्त को जापान और 1 सितंबर को कजाखस्तान से भिड़ेगी.अनुभवी ड्रैग-फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह को एक बार फिर टीम का कप्तान बनाया गया है. टीम में अनुभवी खिलाड़ियों का मजबूत संतुलन नजर आता है. गोलकीपिंग की जिम्मेदारी कृष्ण बी पाठक और सूरज करकेरा पर होगी. रक्षा पंक्ति में कप्तान हरमनप्रीत सिंह और अमित रोहिदास के साथ जर्मनप्रीत सिंह, सुमित, संजय और जुगराज सिंह शामिल होंगे.




मिडफील्ड की कमान मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, राजिंदर सिंह, राज कुमार पाल और हार्दिक सिंह संभालेंगे. आक्रमण पंक्ति में मंदीप सिंह, अभिषेक, सुखजीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा और दिलप्रीत सिंह विपक्षी डिफेंस के लिए चुनौती पेश करेंगे. नीलम संजीव ज़ेस और सेल्वम कार्ती को वैकल्पिक खिलाड़ी के रूप में टीम में जगह दी गई है.

टीम चयन पर प्रतिक्रिया देते हुए भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, "हमने एक अनुभवी टीम चुनी है, जो दबाव की परिस्थितियों में प्रदर्शन करने का अनुभव रखती है. एशिया कप हमारे लिए अहम है क्योंकि विश्व कप क्वालिफिकेशन दांव पर है. इसीलिए हमें ऐसे खिलाड़ियों की जरूरत थी जिनमें धैर्य, लचीलापन और जीत का जज्बा हो. मुझे इस टीम के संतुलन और गुणवत्ता से बेहद खुशी है. हर विभाग—रक्षा, मिडफील्ड और आक्रमण—में हमारे पास नेता मौजूद हैं और यही हमारी सबसे बड़ी ताकत होगी."

### सलाह ने रचा इतिहास तीसरी बार बने पीएफए प्लेयर ऑफ द ईयर

**लंदन** ।लिवरपूल के स्टार स्ट्राइकर मोहम्मद सलाह ने एक नया इतिहास रच दिया है. वह प्रोफेशनल फुटबॉलर्स एसोसिएशन (पीएफए) के मेंस प्लेयर ऑफ द ईयर अवॉर्ड को तीसरी बार जीतने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं. सलाह ने इससे पहले 2018 और 2022 में यह खिताब अपने नाम किया था. इस बार वह छह खिलाड़ियों की शॉर्टलिस्ट में शीर्ष पर रहे, जिसमें उनके लिवरपूल साथी एलेक्सिस मैक एलिस्टर, मैनचेस्टर यूनाइटेड के ब्रूनो फर्नांडेज़, न्यूकैसल के स्ट्राइकर अलेक्जेंडर इसाक, चेल्सी के कोल पामर और आर्सेनल के डेक्लन राइस शामिल थे. 33 वर्षीय सलाह को यह सम्मान लिवरपूल की पिछले सीज़न की प्रीमियर लीग खिताबी जीत में उनके अहम योगदान के लिए मिला. उन्होंने 2024-25 सीज़न में 29 गोल दागे और 18 असिस्ट दिए, जिससे वे लीग के टॉप स्कोरर बने.

## एशिया कप चयन पर भड़के अश्विन, श्रेयस व यशस्वी के बाहर होने को बताया दुखद और गलत

एजेंसी। नयी दिल्ली



भारत के दिग्गज ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने एशिया कप 2025 के लिए घोषित भारतीय टीम में श्रेयस अय्यर और यशस्वी जायसवाल को शामिल नहीं किए जाने पर गहरी नाराज़गी जताई है. अश्विन ने इस फैसले को न सिर्फ ₹दुखद₹ बताया, बल्कि इसे ₹गलत₹ करार देते हुए चयनकर्ताओं पर सवाल भी उठाए. बीसीसीआई ने हाल ही में एशिया कप के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम का ऐलान किया है, जो 9 सितंबर से यूएई में शुरू होगा. इस टीम से केकेआर को आईपीएल 2024 का खिताब दिलाने वाले कप्तान श्रेयस अय्यर और युवा सलामी बल्लेबाज़ यशस्वी जायसवाल को बाहर रखा गया है. इन दोनों खिलाड़ियों के प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए उन्हें टीम में जगह नहीं मिलने पर कई पूर्व क्रिकेटरों और विशेषज्ञों ने हैरानी जताई है. अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल 'ऐश की बात' में कहा, ₹चयन ऐसा काम है जिसमें कोई न कोई बाहर जरूर रहेगा. लेकिन जब आप उन खिलाड़ियों से बात करते हैं जो बाहर हुए हैं, तो उनके चेहरों पर निराशा साफ दिखाई देती है. मुझे उम्मीद है कि किसी ने श्रेयस और जायसवाल से इस बारे में बात की होगी.₹ अश्विन ने सवाल उठाते हुए कहा, ₹जब हमारे पास तीसरे सलामी बल्लेबाज़ के रूप में यशस्वी है, तो विश्व कप विजेता टीम के किसी सदस्य को हटाकर शुभमन गिल को क्यों लाया गया? मैं शुभमन के चयन से खुश हूं, लेकिन जायसवाल और श्रेयस के लिए बहुत दुखी हूं. दोनों के साथ अच्छा नहीं हुआ.

उन्होंने श्रेयस अय्यर के रिकॉर्ड को भी रेखांकित करते हुए कहा कि उन्होंने टीम से बाहर होने के बाद शानदार वापसी की और चैम्पियंस ट्रॉफी में अहम भूमिका निभाई. साथ ही उन्होंने आईपीएल में भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए न केवल शॉर्ट गेंदों पर अपनी कमजोरी को दूर किया, बल्कि बुमराह और रबाडा जैसे गेंदबाज़ों के खिलाफ रन भी बनाए.

### पृथ्वी शॉ ने विवादों और निराशा के बाद बुची बाबू टूर्नामेंट में ठोका शतक

**एक** समय भारतीय क्रिकेट के अगले सचिन तेंदुलकर कहे जाने वाले पृथ्वी शॉ का करियर जैसे अंधेरे में खोता नजर आ रहा था. अंतरराष्ट्रीय टीम से बाहर होने के बाद न तो उन्हें आईपीएल में खरीदार मिला और न ही मुंबई की रणजी टीम ने उन्हें मौका दिया. मैदान के बाहर भी वह कई विवादों में फंसे, जिससे लगने लगा था कि अब उनकी क्रिकेट में वापसी मुश्किल हो गई है. लेकिन अब पृथ्वी शॉ ने दमदार अंदाज में वापसी का बिगुल बजा दिया है. पृथ्वी शॉ ने मुंबई छोड़कर महाराष्ट्र की टीम को जॉइन किया और अपने पहले ही मैच में शानदार शतक ठोककर सबका ध्यान खींचा. चेन्नई के



गुरु नानक कॉलेज मैदान पर बुची बाबू टूर्नामेंट में छत्तीसगढ़ के खिलाफ उन्होंने 141 गेंदों में 111 रन बनाए, जिसमें 14 चौके और 1 छक्का शामिल रहा. उनकी यह पारी उस वक्त आई जब दूसरे छोर से लगातार विकेट गिरते जा रहे थे, लेकिन शॉ एक छोर पर डटे रहे और टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया.

### एशिया कप 2025: भारत-पाक मैच से पहले ही बढ़ा तनाव

**एशिया** कप 2025 का आगाज 9 सितंबर से होने जा रहा है और भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत 10 सितंबर को यूएई के खिलाफ मुकाबले से करेगी. हालांकि, सबसे ज्यादा निगाहें 14 सितंबर को होने वाले भारत-पाकिस्तान महामुकाबले पर टिकी होंगी, जो दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा. मौजूदा राजनीतिक हालात और हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले के चलते भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव एक बार फिर से बढ़ गया है. ऐसे में दोनों देशों के बीच क्रिकेट मुकाबला होना चर्चा का विषय बना हुआ है. राजनीतिक माहौल



को देखते हुए कई लोगों का मानना है कि भारत को पाकिस्तान के खिलाफ मैदान में नहीं उतरना चाहिए. हालांकि, महान भारतीय क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने इस मुद्दे पर खिलाड़ियों की आलोचना करने वालों को दो टूक जवाब दिया है. सुनील गावस्कर ने इंडिया टुडे से बातचीत में कहा, "अगर सरकार ने खेलने का फैसला लिया है.

**क्रिकेट** | द हंड्रेड : ट्रेंट रॉकेट्स ने मैनचेस्टर ओरिजिनल्स को सात विकेट से हराया

# कप्तान डेविड विली ने दिखाया अपना जलवा

एजेंसियां । नॉटिंघम

नॉटिंघम में द हंड्रेड टूर्नामेंट के तहत मंगलवार को खेले गए मुकाबले में कप्तान डेविड विली की अगुवाई में ट्रेंट रॉकेट्स ने मैनचेस्टर ओरिजिनल्स को सात विकेट से हराया. विली ने अपनी घातक गेंदबाजी से मात्र 11 रन देकर तीन विकेट झटके और ओरिजिनल्स को 100 गेंदों में महज 98 रन पर रोक दिया. रॉकेट्स ने लक्ष्य 26 गेंद शेष रहते आसानी से हासिल कर लिया और अंकतालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गए.

**विली का कहर और ओरिजिनल्स की ढहती पारी :** मैच की शुरुआत से ही डेविड विली ने ओरिजिनल्स की कमर तोड़ दी. उन्होंने पहले ही सेट में



युवा बल्लेबाज बेन मैककिनी को एलबीडब्ल्यू आउट किया. इसके बाद इन-फॉर्म बल्लेबाज जोस बटलर को कैच आउट कराया और अगले ही गेंद पर रचिन रवींद्र को गोल्डन डक पर चलता किया. मध्य ओवरों में रॉकेट्स के गेंदबाजों ने पूरी तरह दबाव बनाए रखा. रिहान अहमद ने हेनरिक क्लासेन और फिल साल्ट को बड़े शॉट खेलने पर मजबूर किया और दोनों को आउट किया. वहीं, सैम कुक ने मैथ्यू हर्स्ट और स्कॉट करी को पवेलियन भेजा.ओरिजिनल्स के लिए सिर्फ लुईस ग्रेगरी टिक पाए जिन्होंने आखिरी 10 गेंदों में ताबड़तोड़ 26 रन बनाए और टीम को किसी तरह 98 तक पहुंचाया.

**हान अहमद की नाबाद पारी :** 98 रन का लक्ष्य आसान नहीं माना जा रहा था, लेकिन रॉकेट्स ने इसे एकतरफा बना दिया. हालांकि जो रूट (4) और टॉम बैंटन (12) जल्दी आउट हो गए, लेकिन रिहान अहमद ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 45 रन बनाए. उन्होंने स्पिनरों रवींद्र और नूर अहमद के खिलाफ बेखौफ शॉट खेले और लगातार बाउंड्री लगाई. रिहान का साथ दिया विकेटकीपर टॉम मूर्स ने, जिन्होंने 13 गेंदों पर तेज 22 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई.

**संक्षिप्त स्कोर**

**मैनचेस्टर ओरिजिनल्स – 98/8 (100 गेंदों में)**
(लुईस ग्रेगरी 33, जोस बटलर 19; डेविड विली 3/11, रिहान अहमद 2/14)

**ट्रेंट रॉकेट्स – 101/3 (74 गेंदों में)**
(रिहान अहमद 45, टॉम मूर्स 22; सॉनी बेकर 1/11, जोश टंग 1/20)

रॉकेट्स ने यह मैच 7 विकेट से जीतकर ओरिजिनल्स को छह में चौथी हार थमा दी.

## सिंकफील्ड कप में गुकेश ने दूसरे दौर में अब्दुसत्तोरोव को हराया, प्रज्ञानानंद संयुक्त बढ़त पर

एजेंसियां । नई दिल्ली



मौजूदा विश्व चैंपियन डी. गुकेश ने पहले दौर में हमवतन आर. प्रज्ञानानंद से मिली हार से उबरते हुए बुधवार को दूसरे दौर में उज्बेक जीएम नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव को शिकस्त दी. सफ़ेद मोहरों से खेलते हुए गुकेश ने अपने प्रतिद्वंदी को 50 चालों तक चले मुकाबले में हराया. इस बीच, प्रज्ञानानंद ने अमेरिका के फैबियानो कारुआना के खिलाफ एक आसान ड्रॉ खेला.

कारुआना ने कहा, "मैंने शुरुआत में उसे थोड़ा चौंका दिया और फिर मुझे लगता है कि मैंने थोड़ी ग़लती कर दी, जिससे मैं थोड़ा चिंतित हो गया. इसी वजह से मैंने एक प्यादा बलिदान करने का फैसला किया... लेकिन फिर भी यह अपेक्षाकृत सहज ड्रॉ रहा." दिन के अन्य एकमात्र निर्णायक मुकाबले में फ्रांस के अलीरेज़ा फिरोज़ा ने जीएम जान-क्रिज़्स्टोफ़ डूडा को एक लंबे खेल में हराया, जो 100 चालों तक चला.

**एशिया कप 2025 के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम**

**गोलकीपर**-कृष्ण बी. पाठक, सूरज करकेरा.

**डिफेंडर्स**- सुमित, जरमनप्रीत सिंह, संजय, हरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह.

**मिडफील्डर**- राजिंदर सिंह, राज कुमार पाल, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद.

**फारवर्ड**- मनदीप सिंह, शिलानंद लाकड़ा, अभिषेक, सुखजीत सिंह, दिलप्रीत सिंह.

**अल्टरनेट एथलीट**- नीलम संजीप, सेल्वम कार्थी.

जन्मदिन की बधाई



प्रज्ञान तिवारी
जन्मदिन 21/08/2020
जन्मदिन पर समस्त परिवार की ओर से बधाई

## ब्रीफ न्यूज

### तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से दो युवकों की मौत

**पूर्णिया।** मरंगा के पास एनएच-31 पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है, जिसमें दो युवकों की मौत हो गई. परिजनों के अनुसार, ये दंपती मामा के यहां श्राद्धकर्म से लौट रहे थे. रात के अंधेरे में जैसे ही उनकी बाइक एनएच-31 से गुजर रही थी, तभी एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी. हादसा इतना भीषण था कि दोनों मौके पर ही गिर पड़े और उनकी मौत हो गई. वाहन चालक टक्कर मारने के बाद मौके से फरार हो गया. ग्रामीणों ने बताया कि इस सड़क पर रात होते ही तेज रफ्तार वाहन मौत बनकर गुजरते हैं और प्रशासन की तरफ से कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं.

### घर में घुस महिला की गोली मार कर हत्या

**पूर्वी चंपारण।** जिले के तुरकौलिया थाना क्षेत्र के निमुईया मोड़ के समीप एक 55 वर्षीय महिला को घर में घुसकर अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी. मृत महिला निमुईया गांव के उमाशंकर प्रसाद की पत्नी चंदा देवी है. घटना मंगलवार देर रात की बताई जा रही है.ग्रामीणो को इस घटना की जानकारी बुधवार की सुबह हुई. बताया जा रहा है,कि घटना के समय महिला घर में अकेली थी.घटना की सूचना मिलते हीमृतका के घर ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी. वही सूचना पर मौके पर पहुंचे सदर डीएसपी दिलीप कुमार और एफएसएल की टीम घटना की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है.

### निजी क्लीनिक में प्रसव के दौरान महिला की मौत

**नालंदा।** बिहार थाना क्षेत्र के बैंगानाबाद मोहल्ले में एक निजी क्लीनिक इलाज से ज्यादा मौत का अड्डा साबित हुआ. प्रसव के दौरान महिला की मौत हो जाने पर परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने क्लीनिक में तोड़फोड़ शुरू कर दी. घटना के बाद जो जगह 'नई जिंदगी' की उम्मीद लेकर पहुंची थी, वह मौत और अफरा-तफरी का मैदान बन गई. महिला की मौत होते ही परिजनों ने डॉक्टर और स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाया और खिड़की-दरवाज़े, कुर्सी-बेंच सब तोड़ डाला. क्लीनिक संचालक और कर्मचारी इस दौरान मौके से फरार हो गए.

## तेजस्वी और राहुल गांधी पर मंत्री संजय सरावगी का बड़ा हमला, कहा

# विपक्ष का उद्देश्य फर्जी वोटरों को बचाना और भ्रम फैलाना है

**शुभम संदेश।पटना**



बिहार सरकार के मंत्री संजय सरावगी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी यादव पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि विपक्ष की यात्रा सिर्फ एक ₹फर्जी यात्रा₹ है, जिसका उद्देश्य फर्जी वोटरों को बचाना और भ्रम फैलाना है. उन्होंने विपक्ष को ₹फर्जी वोटरों का रक्षक₹ बताते हुए कहा कि उनकी यात्रा सिर्फ दिखावा है, जिसमें जनता के असली मुद्दों की कोई बात नहीं है. उन्होंने कहा कि विपक्षी दल जान चुके हैं कि नवंबर के बाद उनकी स्थिति क्या होने वाली है, इसलिए वे अभी से भूमिका बना रहे हैं. मंत्री सरावगी ने कहा कि तेजस्वी यादव चाहते हैं कि उन्हें मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित कर दिया जाए ताकि वे पूरे राज्य में घूम-घूमकर प्रचार कर सकें. इसी उद्देश्य से उन्होंने राहुल गांधी को देश का अगला प्रधानमंत्री घोषित करने की बात कही. उन्होंने इसे महज राजनीतिक नौटंकी करार दिया. रोहतास में राहुल-तेजस्वी द्वारा एक महिला रेणु देवी को मंच पर लाने और उनके परिवार का नाम वोटर लिस्ट से काटे जाने का आरोप पर मंत्री ने कहा कि 24 घंटे में विपक्ष की पोल खुल गई. उन्होंने स्पष्ट किया कि उस महिला के परिवार का नाम वोटर लिस्ट से नहीं काटा गया है. उन्होंने राहुल गांधी से इस झूठे आरोप पर माफी मांगने की मांग की.

मंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और राजद का इतिहास बूथ कैप्चरिंग और चुनावी धांधली से भरा रहा है. उन्होंने कीर्ति आजाद के पुराने बयान का हवाला देते हुए कहा कि राहुल गांधी के परिवार के लोग बूथ कैप्चर करके चुनाव जीतते थे. उन्होंने आरोप लगाया कि शहाबुद्दीन जैसे अपराधियों ने चुनावों में बूथ लूटने का काम किया, और तेजस्वी यादव ऐसे लोगों के लिए ₹अमर रहे₹ का नारा लगवाते हैं. सरावगी ने यह भी आरोप लगाया कि विपक्षी दल बांग्लादेशी रोहिंग्याओं के फर्जी वोट से चुनाव जीतते रहे हैं, और हारने पर हमेशा ईवीएम को दोष देते हैं. उन्होंने विपक्षी नेताओं पर यह भी आरोप लगाया कि यात्रा के दौरान एक पुलिसकर्मी पर गाड़ी चढ़ गई, लेकिन किसी ने उसकी खैरियत तक नहीं पूछी. वहीं, नबीनगर में एक अन्य पुलिसकर्मी से मारपीट की गई, जिससे साफ है कि विपक्ष को कानून व्यवस्था की कोई परवाह नहीं है. अंत में मंत्री ने कहा कि विपक्षी नेता सर्कस के जोकर की तरह भीड़ जुटा रहे हैं, लेकिन भीड़ का मतलब समर्थन नहीं होता. जनता सब देख रही है और सही समय पर जवाब देगी.

मटिहानी में महागठबंधन में दरार

### बोगो सिंह की एंट्री से बेगूसराय की सियासत गरमाई

**पटना।** बिहार की सियासत में इन दिनों नए गठजोड़ और पाला बदलने का खेल तेज हो गया है. नेताओं का लगातार पार्टी बदलना अब आम बात हो गई है, लेकिन इसका सबसे बड़ा असर अब बेगूसराय की मटिहानी विधानसभा सीट पर दिखाई देने लगा है. यहां आरजेडी में दबंग नेता और पूर्व विधायक नरेंद्र कुमार सिंह उर्फ बोगो सिंह की एंट्री ने महागठबंधन के भीतर घमासान मचा दिया है. बोगो सिंह पहले भाजपा और फिर जदयू में रह चुके हैं. मंगलवार को उन्होंने औपचारिक रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आरजेडी ज्वाइन करने का ऐलान किया. इसके पहले उनकी तेजस्वी यादव के साथ एक फोटो वायरल हो चुकी थी, जिसने अटकलों को हवा दी थी. बोगो सिंह की आरजेडी में एंट्री से कांग्रेस और वाम दलों में नाराज़गी फैल गई है. कांग्रेस के जिला अध्यक्ष और सीपीआई नेता राजेंद्र सिंह ने अलग-अलग प्रेस वार्ताओं के माध्यम से इसका विरोध करते हुए मटिहानी सीट पर अपनी-अपनी दावेदारी दोहराई है. उनका आरोप है कि आरजेडी ने एकतरफा निर्णय लेते हुए गठबंधन धर्म की अनदेखी की है. वहीं, कांग्रेस के संभावित उम्मीदवार सार्जन सिंह भी इस फैसले से नाराज़ हैं, जिन्हें इस बार टिकट मिलने की पूरी उम्मीद थी.

## राज्य में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है: तेजस्वी

**संवाददाता।पटना**



बिहार में बढ़ते अपराध को लेकर सियासत गरमाई हुई है. नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने एक बार फिर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उनकी सरकार पर जोरदार हमला बोला है. तेजस्वी यादव इन दिनों कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ 'वोटर अधिकार यात्रा' पर हैं और राज्य के विभिन्न जिलों का दौरा कर रहे हैं. इस दौरान वे जनता के बीच अपनी बात रखते हुए सोशल मीडिया के माध्यम से सरकार को कठघरे में खड़ा कर रहे हैं. तेजस्वी यादव ने ताजा क्राइम बुलेटिन जारी कर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को ₹बेसुध और थका हुआ मुख्यमंत्री₹ करार दिया है. उन्होंने बिहार में हाल में हुई 15 बड़ी आपराधिक घटनाओं का हवाला देते हुए कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है. उन्होंने आरोप लगाया कि, "विजय होकर सम्राट बने बीजेपी के गुंडे अब बिहार में खून की नदियाँ बहा रहे हैं. सत्ता संरक्षित अपराधी अब सीधे घर में घुसकर लोगों की हत्या कर रहे हैं और मुख्यमंत्री को इसकी भनक तक नहीं है." तेजस्वी ने यह भी कहा कि नीतीश कुमार अब न तो शासन संभाल पा रहे हैं और न ही अपराध रोकने में सक्षम दिख रहे हैं. उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर सरकार क्या कर रही है जब अपराधी बेखौफ होकर दिन-दहाड़े वारदातों को अंजाम दे रहे हैं.

## शाहनवाज हुसैन ने राहुल गांधी की यात्रा को बताया फ्लॉप, कहा

# बिहार में फिर बनेगी एनडीए सरकार

**संवाददाता।मुंगेर**



भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और पूर्व केंद्रीय मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन ने मुंगेर में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राहुल गांधी की 'वोटर अधिकार यात्रा' को पूरी तरह फ्लॉप बताया. उन्होंने कहा कि राहुल की यात्रा में वही लोग शामिल हैं जो खुद को सांसद या विधायक बनवाना चाहते हैं. ऐसे लोग उनके साथ घूम-घूम कर दिखावा कर रहे हैं, लेकिन जनता को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता. शाहनवाज हुसैन ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी बिहार की जनता को भड़काने का काम कर रहे हैं और विपक्ष की मर्यादा को लांघ रहे हैं. उन्होंने कहा कि राहुल गांधी हमेशा सेना के विरोध में बोलते हैं और ₹ऑपरेशन सिंदूर₹ जैसे संवेदनशील मुद्दों पर पाकिस्तान के प्रोपगेंडा का समर्थन कर रहे हैं. देश यह जानना चाहता है कि आखिर राहुल गांधी पाकिस्तान की भाषा क्यों बोलते हैं. उन्होंने चुनाव आयोग पर राहुल गांधी के बयानों की आलोचना करते हुए कहा कि जब कांग्रेस तेलंगाना, कर्नाटक और रायबरेली में जीतती है तो चुनाव आयोग ठीक लगता है, लेकिन हारने पर उसी आयोग को बदनाम किया जाता है. शाहनवाज ने कहा कि कांग्रेस बिहार में भी दिल्ली की तरह 'जीरो पर आउट' होगी, इसलिए पहले से ही चुनाव आयोग पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं. शाहनवाज हुसैन ने प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जोड़ी को अजेय बताते हुए कहा कि बिहार में एनडीए फिर से सरकार बनाएगी. उन्होंने केंद्र सरकार की कई योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि बिहार को नमो भारत और वंदे भारत जैसी योजनाओं की सौगात मिली है. पटना में फूड प्रोसेसिंग का दूसरा एमएस भी बनने जा रहा है. उन्होंने दावा किया कि राम मंदिर की तरह माता जानकी मंदिर का भी शिलान्यास हो चुका है. 50 लाख युवाओं को रोजगार मिल चुका है और लक्ष्य एक करोड़ रोजगार देने का है. उन्होंने 125 यूनिट मुफ्त बिजली की योजना को लेकर राजद पर निशाना साधते हुए कहा कि इससे उनकी 'बत्ती गुल' हो गई है. मुंगेर के विकास को लेकर शाहनवाज ने स्थानीय सांसद और विधायक की सराहना की और दिल्ली के मुख्यमंत्री पर हुए हमले की उच्च स्तरीय जांच की बात भी कही.

## न्यूज अपडेट

### रेलवे ठेकेदार से 5 करोड़ की रंगदारी की मांग, गैंगस्टर के नाम पर मिली धमकी

**पटना।** शास्त्री नगर थाना क्षेत्र के राजा बाजार स्थित मछली गली से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक बड़े रेलवे ठेकेदार रामानुज कुमार सिंह से 5 करोड़ रुपये की रंगदारी की मांग की गई है. यह मांग धनबाद के कुख्यात गैंगस्टर फहीम खान के बेटे इकबाल खत्म के नाम पर की गई है. ठेकेदार को व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से धमकी दी गई कि यदि तय रकम नहीं दी गई तो उन्हें और उनके कर्मियों को गंभीर अंजाम भुगतना पड़ेगा. इस धमकी के बाद रामानुज कुमार सिंह ने शास्त्री नगर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस हरकत में आ गई है. बताया जा रहा है कि अज्ञात नंबर से कॉल कर गैंगस्टर ने खुद को इकबाल खत्म बताते हुए रंगदारी की मांग की. कॉल के बाद ठेकेदार के परिजनों में दहशत का माहौल है और उन्होंने सुरक्षा की मांग की है. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. तकनीकी साक्ष्य और कॉल डिटेल्स खंगाली जा रही हैं. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की विशेष टीम भी जांच में जुटी है. वहीं, अपराधियों की ऐसी धमकियों ने राजधानी की कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं.

### छात्रा पर किया चाकू से हमला, हालत गंभीर

**भागलपुर।** जिले के लोदीपुर थाना क्षेत्र के माछीपुर चौक के समीप बुधवार को एक नाबालिग छात्र ने अपनी ही क्लासमेट छात्रा पर चाकू से हमला कर दिया. दोनों 10वीं क्लास के छात्र-छात्रा बताए जा रहे हैं. घटना सुबह करीब साढ़े 8 बजे की है. छात्रा रोज़ की तरह कोचिंग पढ़ने गई थी, तभी आरोपित छात्र भी वहां पहुंचा और दोनों कोचिंग सेंटर से करीब 50 मीटर दूर माछीपुर चौक आए. शुरू में दोनों के बीच सामान्य बातचीत हुई लेकिन अचानक कहासुनी बढ़ गई. इसी बीच लड़के ने मुर्गा काटने वाला चाकू निकाला और छात्रा पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया. इस हमले में छात्रा के हाथ पर 3 जगह गहरे जख्म आए हैं. पेट में भी गंभीर चोट लगी है. घटना के बाद चौक पर अफरा-तफरी मच गई. लोगों ने आरोपित को पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई की. इसी दौरान मौके पर पहुंचे कुछ पत्रकार घटना का वीडियो बना रहे थे तो भीड़ ने उन पर भी हमला कर दिया.

### अररिया में एसएसबी ने तस्करी के लिए ले जाया जा रहा दो क्विंटल गांजा जब्त किया

**अररिया।** सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की 56 वीं बटालियन ने जोगबनी बाह्य सीमा चौकी के समन्वय से कुचगामा गांव के नजदीक 200 किलो तस्करी का गांजा जब्त किया है. यह कार्रवाई भारत-नेपाल सीमा स्तंभ संख्या 183 के पास भारतीय क्षेत्र में बॉर्डर से लगभग सौ मीटर की दूरी पर की गई.एसएसबी को गुप्त सूचना मिली थी कि नेपाल से भारत बड़ी मात्रा में गांजा तस्करी की जा रही है. सूचना पर आधारित विशेष नाका टीम ने गांजा जब्त किया. आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद, गांजा जोगबनी थाना को सौंप दिया गया.एसएसबी और जोगबनी पुलिस अब गांजा तस्करी के फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिंक की जांच में जुट गई है.

### मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित परिवारों को आनुग्रहिक राहत राशि के भुगतान का किया शुभारम्भ

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' से वर्ष 2025 में बाढ़ से प्रभावित परिवारों को डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके बैंक खाता में 7000 रूपये प्रति परिवार की दर से आनुग्रहिक राहत की राशि के भुगतान का बुधवार को शुभारम्भ किया. आज 12 जिलों के 6 लाख 51 हजार 602 प्रभावित परिवारों को 7000 रुपये प्रति परिवार की दर से 456 करोड़ 12 लाख रुपये का भुगतान किया गया. कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा, 'हमने 13 अगस्त को बाढ़ प्रभावित जिलों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की थी और 14 अगस्त को पटना, वैशाली, बेगूसराय एवं मुंगेर जिलों के बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण कर स्थिति का जायजा लिया था. हमने अधिकारियों को बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत एवं बचाव कार्य युद्ध स्तर पर चलाने का निर्देश दिया था. साथ ही 20 अगस्त 2025 तक बाढ़ प्रभावित परिवारों को आनुग्रहिक राहत की राशि का भुगतान शुरू करने का भी निदेश दिया था. मुझे खुशी है कि आज 12 जिलों के 6 लाख 51 हजार 602 प्रभावित परिवारों को 7000 रुपये प्रति परिवार की दर से 456 करोड़ 12 लाख रुपये का भुगतान किया गया है. उन्होंने कहा कि आप सभी लोगों ने बाढ़ से निपटने में बहुत अच्छा काम किया है.

## कारोबार

### रीगाल रिसोर्सेज : शेयर बाजार में धमाकेदार एंट्री

**नयी दिल्ली।** एग्रो प्रोसेसिंग कंपनी रीगाल रिसोर्सेज के शेयर बुधवार को शेयर बाजार में जबरदस्त प्रीमियम के साथ लिस्ट हुए. कंपनी ने आईपीओ में शेयर की कीमत 102 रुपये रखी थी, जबकि बीएसई पर यह 141.80 रुपये और एनएसई पर 141 रुपये पर लिस्ट हुआ. इस तरह, निवेशकों को लिस्टिंग के दिन ही लगभग 38.2% का फायदा हुआ. रीगाल रिसोर्सेज बिहार के किशनगंज में मक्के से स्टार्च बनाने का काम करती है. कंपनी ने अपने आईपीओ के जरिए कुल 306 करोड़ रुपये जुटाए हैं. इसमें 210 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए गए, जबकि 96 करोड़ रुपये के शेयर ऑफर फॉर सेल के तहत बेचे गए.

### रूसी तेल खरीद को लेकर अमेरिकी दबाव 'अनुचित'

**नयी दिल्ली।** भारत द्वारा रूसी कच्चे तेल की खरीद को लेकर अमेरिका द्वारा लगाए गए दबाव को रूस ने 'अनुचित' करार दिया है. रूसी दूतावास के उप प्रमुख रोमन बाबुश्किन ने बुधवार को कहा कि अमेरिका की ओर से डाले जा रहे दबाव के बावजूद भारत-रूस ऊर्जा सहयोग जारी रहेगा. बाबुश्किन ने कहा, "यह भारत के लिए एक चुनौतीपूर्ण स्थिति है, लेकिन हमें नई दिल्ली के साथ अपने संबंधों पर भरोसा है." उन्होंने यह भी जोड़ा कि वाशिंगटन भारत को 'मित्र देश' कहता है, लेकिन ऐसा व्यवहार दोस्ती के अनुरूप नहीं है.

### रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर व पावर के शेयरों में उछाल

**नयी दिल्ली।** रिलायंस समूह की कंपनियों, रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर और रिलायंस पावर के शेयरों में हाल के दिनों में जबरदस्त तेजी देखी गई है. बीएसई पर रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर का शेयर दो दिन में 10.28% बढ़कर 289.25 रुपये पर पहुंच गया, जबकि रिलायंस पावर का शेयर 10.2% चढ़कर 47.70 रुपये पर बंद हुआ. इस तेजी की मुख्य वजह रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर को नेशनल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कॉर्पोरेशन से मिला बड़ा सोलर पावर और बैटरी स्टोरेज प्रोजेक्ट है. इसके तहत कंपनी को सौर ऊर्जा उत्पादन और बैटरी स्टोरेज के क्षेत्र में काम करने का अवसर मिला है.

## चीन ने भारत को रेयर अर्थ मैग्नेट के निर्यात पर लगाई गई रोक हटा दी

# भारत की इंडस्ट्री को मिली बड़ी राहत

**एजेंसी।नयी दिल्ली**



चीन ने भारत को रेयर अर्थ मैग्नेट के निर्यात पर लगाई गई रोक हटा दी है, जिससे भारतीय उद्योगों को बड़ी राहत मिली है. खासकर ऑटोमोबाइल, रिन्यूएबल एनर्जी, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, डिफेंस, एयरोस्पेस और हेल्थकेयर सेक्टर को इसका सीधा फायदा मिलेगा. विशेषज्ञों के अनुसार, ये रेयर अर्थ मैग्नेट अत्यधिक शक्तिशाली और टिकाऊ होते हैं, जिससे इनका उपयोग हल्के और ऊर्जा कुशल उपकरणों में तेजी से बढ़ा है. रेयर अर्थ मैग्नेट नियोडिमियम, प्रेजोडिमियम और डिस्प्रोसियम जैसे दुर्लभ तत्वों से बनाए जाते हैं, जो इन्हें बेहद असरदार बनाते हैं. सबसे अधिक इस्तेमाल में आने वाला नियोडिमियम-आयरन-बोरॉन मैग्नेट है. ये मैग्नेट छोटे, हल्के होते हैं और सामान्य मैग्नेट की तुलना में ज्यादा तापमान सहन कर सकते हैं. विश्व स्तर पर रेयर अर्थ मैग्नेट उत्पादन में चीन का दबदबा है. लगभग 70% माइनिंग और 90% मैग्नेट मैन्युफैक्चरिंग चीन में होती है. इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि चीन के पास इस उद्योग की पूरी सप्लाई चेन पर नियंत्रण है—माइनिंग से लेकर रिफाइनिंग और मैग्नेट उत्पादन तक. भारत में रेयर अर्थ मैग्नेट का सबसे ज्यादा उपयोग ऑटो इंडस्ट्री में होता है. 2025-26 तक इस क्षेत्र को लगभग 870 टन रेयर अर्थ मैग्नेट की जरूरत होगी, जबकि देश की कुल जरूरत 3,600 टन तक पहुंच सकती है.

चीन की रोक के कारण भारत की कंपनियों को कच्चे माल की भारी कमी का सामना करना पड़ा था. इससे वाहन निर्माण प्रभावित हुआ और उत्पादन रुकने की चेतावनियां भी दी गईं. ये मैग्नेट आईसीई और ईवी दोनों तरह के वाहनों के स्पीडोमीटर, मोटर्स, वाटर पंप, ट्रांसमिशन किट, सेंसर और इग्निशन कॉइल जैसे कंपोनेंट में जरूरी होते हैं. अब जब चीन ने रोक हटा दी है, तो कंपनियों को त्योहारी सीजन में बढ़ती मांग को पूरा करने में आसानी होगी. हालांकि चीन की राहत अस्थायी है, भारत सरकार और उद्योग जगत अब आत्मनिर्भरता की दिशा में ठोस कदम उठाने की जरूरत महसूस कर रहे हैं. विशेषज्ञों के अनुसार, भारत को अगले 3-5 वर्षों में घरेलू रेयर अर्थ वैल्यू चेन विकसित करनी होगी—जिसमें माइनिंग, रिफाइनिंग, एलॉय प्रोडक्शन और मैग्नेट मैन्युफैक्चरिंग शामिल हो. इसके लिए सरकार को प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव स्कीम, पॉलिसी सपोर्ट और पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप को बढ़ावा देना होगा. साथ ही, कंपनियां वियतनाम, ब्राजील और रूस जैसे देशों से भी रेयर अर्थ मैग्नेट के विकल्प तलाश रही हैं, ताकि चीन पर निर्भरता कम की जा सके. रेयर अर्थ मैग्नेट भविष्य की टेक्नोलॉजी का मूल आधार हैं. ऐसे में भारत के लिए जरूरी है कि वह केवल आयात पर निर्भर न रहकर खुद की वैल्यू चेन विकसित करे, जिससे रणनीतिक और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भरता हासिल की जा सके.

### शुरुआती गिरावट के बाद हरे निशान में लौटा सेंसेक्स और निफ्टी

**नयी दिल्ली।** एशियाई बाजारों में कमजोर रुख के चलते बुधवार को घरेलू शेयर बाजार में चार दिन की तेजी पर विराम लग गया. शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 146.64 अंक की गिरावट के साथ 81,497.75 पर पहुंच गया, जबकि एनएसई निफ्टी 47.5 अंक टूटकर 24,933.15 पर आ गया. हालांकि, दिन चढ़ने के साथ बाजार ने रफ्तार पकड़ी और दोपहर 11:22 बजे सेंसेक्स 138.48 अंक या 0.16% की बढ़त के साथ 81,782.87 के स्तर पर कारोबार करता दिखा. निफ्टी भी 40.10 अंक या 0.16% मजबूत होकर 25,020.75 पर पहुंच गया. सेंसेक्स की प्रमुख कंपनियों में बजाज फाइनेंस, टाटा मोटर्स, ट्रेंट, बजाज फिनसर्व और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयरों में कमजोरी देखी गई. वहीं, भारती एयरटेल, इंफोसिस, एनटीपीसी और इटर्नल जैसे शेयरों में तेजी रही. एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कोस्पी, जापान का निक्केई 225, शंघाई का एसएसई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग सभी लाल निशान में बंद हुए. इससे पहले मंगलवार को घरेलू बाजारों में लगातार चौथे दिन तेजी दर्ज की गई थी.

## उदय कोटक की सरकार से अपील: छोटे उद्योगों को मिले सीधी वित्तीय मदद

# ट्रंप के टैरिफ से भारत को मिला सुधार का मौका

**एजेंसी।नयी दिल्ली**




देश के प्रमुख बैंकर और कोटक महिंद्रा बैंक के संस्थापक उदय कोटक ने केंद्र सरकार से छोटे और मझोले उद्योगों को सीधी वित्तीय मदद देने की अपील की है. उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आग्रह किया कि मैन्युफैक्चरिंग, रिसर्च और टेक्नोलॉजी सेक्टर में छोटे व्यवसायों को पूंजी सहायता प्रदान की जाए, जिससे देश की आर्थिक संरचना मजबूत हो सके और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में भारत आगे बढ़ सके. कोटक ने यह बयान ऐसे समय में दिया है जब अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए टैरिफ से भारतीय अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ा है. उन्होंने कहा कि ट्रंप प्रशासन के टैरिफ ने भारत की आर्थिक कमजोरी उजागर कर दी है और अब देश को अपनी 'आरामदायक स्थिति' से बाहर निकलने की जरूरत है. अमेरिका ने भारत पर कुल 50 फीसदी टैरिफ लगाया है, जिसमें 25 फीसदी रेसिप्रोकल टैरिफ पहले से लागू है और रूस से तेल खरीद पर 25% अतिरिक्त टैरिफ 27 अगस्त से लागू होने वाला है. कोटक ने इसे संकट नहीं, बल्कि अवसर बताया.

उन्होंने कहा, ₹हमें इसे एक बड़े मौके की तरह देखना चाहिए. यह समय है जब हमें खुद को सुधारने और आगे बढ़ने की जरूरत है. यदि सरकार छोटे उद्योगों को पूंजी मुहैया कराती है तो इससे निजी निवेश, उद्यम पूंजी और रिस्क कैपिटल भी आकर्षित होगी.₹ उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत की मैक्रोइकॉनॉमिक स्थिति मजबूत है—राजकोषीय घाटा और चालू खाता नियंत्रण में है, जिससे नीति निर्धारकों को आत्मविश्वास के साथ निर्णय लेने का अवसर मिलता है. उन्होंने उद्योगों से आग्रह किया कि वे दक्षता बढ़ाएं, गुणवत्ता सुधारें और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी ब्रांड विकसित करें. कोटक ने यह भी चेतावनी दी कि भारत को केवल घरेलू बाजार तक सीमित नहीं रहना चाहिए. उन्होंने कहा कि भारत की प्रति व्यक्ति जीडीपी अभी केवल $2,700 है, जबकि चीन की $13,300 और अमेरिका की लगभग $89,000 है. ऐसे में यथास्थिति को बनाए रखना भारत के हित में नहीं है. उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के लक्ष्य का समर्थन किया, लेकिन साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य को हासिल करने के लिए भारत को तेज गति से आगे बढ़ना होगा.

### 2030 तक दोगुना हो सकता है भारत का एक्सप्रेस लॉजिस्टिक्स उद्योग

**नयी दिल्ली।** भारत का एक्सप्रेस लॉजिस्टिक्स उद्योग अगले पांच वर्षों में दोगुना होकर 18 से 22 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है. एक्सप्रेस इंडस्ट्री काउंसिल ऑफ इंडिया और केपीएमजी की एक संयुक्त रिपोर्ट के अनुसार, यह उद्योग वित्त वर्ष 2025 के अनुमानित 9 अरब डॉलर से बढ़कर 2030 तक 12–15% की सीएजीआर दर से तेजी से बढ़ेगा. रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि इस विस्तार के साथ उद्योग से 65 से 67 लाख नई नौकरियां भी पैदा होंगी. एक्सप्रेस लॉजिस्टिक्स उद्योग लॉजिस्टिक्स क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण भाग है, जो घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सामान की समयबद्ध, तेज और विश्वसनीय डिलीवरी सुनिश्चित करता है. यह उद्योग व्यवसायों और उपभोक्ताओं की तात्कालिक डिलीवरी आवश्यकताओं को पूरा करने में अहम भूमिका निभाता है.

### जीएसटी में दो स्लैब की योजना से राजस्व में कमी, लेकिन खर्च की क्षमता में बढ़ोतरी संभव

**नयी दिल्ली।** सरकार द्वारा प्रस्तावित दो स्लैब वाली वस्तु एवं सेवा कर संरचना से राजस्व को सालाना करीब 85,000 करोड़ रुपये का नुकसान हो सकता है, लेकिन इससे उपभोक्ताओं की खर्च करने की क्षमता में 1.98 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो सकती है. यह जानकारी भारतीय स्टेट बैंक की एक रिसर्च रिपोर्ट में दी गई है. नई योजना के तहत दो प्रमुख दरें – 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत – प्रस्तावित हैं. जबकि पान मसाला, तंबाकू जैसी हानिकारक वस्तुओं पर 40 प्रतिशत का उच्च कर लगेगा. चालू वित्त वर्ष में यदि यह संरचना अक्तूबर से मार्च के बीच लागू होती है, तो सरकार को अनुमानित रूप से 45,000 करोड़ रुपये के राजस्व घाटे का सामना करना पड़ सकता है. रिपोर्ट में बताया गया कि प्रभावी भारित औसत जीएसटी दर जो पहले 14.4 प्रतिशत थी, वह सितंबर 2019 में घटकर 11.6 प्रतिशत हो गई थी और नई दरों के लागू होने के बाद यह और गिरकर 9.5 प्रतिशत हो सकती है. हालांकि, इससे महंगाई पर नकारात्मक असर नहीं पड़ेगा. रिपोर्ट के अनुसार, अधिकांश उपभोग की वस्तुओं पर कर दरें घटेंगी, जिससे उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई 0.20 से 0.25 प्रतिशत तक कम हो सकती है. खाद्य और कपड़े जैसी आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी दर 12 से घटकर 5 प्रतिशत होने की संभावना है, जिससे इस श्रेणी में मुद्रास्फीति 10-15 आधार अंक तक घट सकती है.

### अडानी समूह के चेयरमैन गौतम का आह्वान भारत के लिए दूसरा स्वतंत्रता संग्राम जरूरी

**नयी दिल्ली।** आईआईटी खड़गपुर के हीरक जयंती समारोह में सोमवार को अडानी समूह के अध्यक्ष गौतम अडानी ने छात्रों को संबोधित करते हुए भारत को विदेशी तकनीक, ऊर्जा और डेटा प्रणालियों की निर्भरता से मुक्त कराने का आह्वान किया. उन्होंने इसे भारत का दूसरा स्वतंत्रता संग्राम ₹ करार दिया और कहा कि यह संग्राम औपनिवेशिक शासकों के खिलाफ नहीं, बल्कि डिजिटल और तकनीकी गुलामी के खिलाफ है. गौतम अदाणी ने कहा, "1947 में भारत ने राजनीतिक स्वतंत्रता प्राप्त की, लेकिन आज भी हम सेमीकंडक्टर, ऊर्जा और सैन्य प्रणालियों के लिए आयात पर निर्भर हैं. इससे देश असुरक्षित बना हुआ है." उन्होंने तकनीकी युद्धों की ओर इशारा करते हुए कहा कि आज के युद्ध सर्वर फार्मों में लड़े जाते हैं, हथियारों की जगह एल्गोरिदम और डेटा साम्राज्य की भूमिका निभा रहे हैं. छात्रों को ₹भारत के नए स्वतंत्रता सेनानी₹ बताते हुए अदाणी ने कहा कि उनके हथियार विचार और नवाचार हैं. उन्होंने छात्रों से राष्ट्र निर्माण की राह चुनने की अपील करते हुए कहा, "एक रास्ता आपको वेतन तक ले जाता है, दूसरा विरासत तक, लेकिन सिर्फ एक रास्ता भारत निर्माण के गौरव की ओर ले जाता है." अदाणी ने अपने जीवन की कहानी साझा करते हुए बताया कि कैसे उन्होंने 16 वर्ष की उम्र में घर छोड़ा और भारत के सबसे बड़े इन्फ्रास्ट्रक्चर समूह की नींव रखी.

### एफवाई 2030 तक रिलायंस इंडस्ट्रीज का आकार दोगुना करने की है तैयारी

**नयी दिल्ली।** देश की सबसे वैल्यूएबल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज ने अपने 44 लाख शेयरहोल्डर्स को बड़ा तोहफा देने की तैयारी कर ली है. कंपनी के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने फाइनेंशियल ईयर 2030 तक रिलायंस का साइज दोगुना करने का लक्ष्य तय किया है. मौजूदा समय में कंपनी का मार्केट कैप करीब 19 लाख करोड़ रुपये है, और इस साल इसके शेयरों में अब तक 16% की बढ़त दर्ज की जा चुकी है.



रिलायंस का यह ऐलान ऐसे समय आया है जब 29 अगस्त को कंपनी की वार्षिक आम बैठक होने जा रही है. इस बैठक में कुछ बड़े ऐलानों की उम्मीद की जा रही है, जिससे निवेशकों को लाभ मिल सकता है. जून तिमाही के नतीजे मिले-जुले जरूर रहे, लेकिन कंपनी के मैनेजमेंट ने आने वाले समय को लेकर भरोसा जताया है. उनका कहना है कि एफवाई30 तक कंपनी का ईबीआईटीडीए दोगुना होगा. साथ ही, जियो और रिटेल बिजनेस अगले 3-4 सालों में अपनी कमाई को दोगुना करने की दिशा में बढ़ रहे हैं. रिलायंस के भविष्य की ग्रोथ में इन दोनों बिजनेस की बड़ी भूमिका होगी. फिलहाल बीएसई पर रिलायंस का शेयर 1,420.60 पर ट्रेड कर रहा है, जबकि इसका 52 हफ्तों का उच्चतम स्तर 1,551 रहा है.

## न्यूज अपडेट

### जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में भूकंप का झटका महसूस किया गया

**जम्मू ।** जम्मू कश्मीर के डोडा जिले में बुधवार को भूकंप का झटका महसूस किया गया. इस भूकंप में किसी प्रकार के नुकसान की कोई सूचना नहीं है. राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक बुधवार सुबह जम्मू-कश्मीर के डोडा ज़िले में रिक्टर स्केल पर 3.5 की तीव्रता का भूकंप आया. भूकंप का केंद्र डोडा क्षेत्र में सतह से 5 किलोमीटर नीचे स्थित था. किसी भी तरह के नुकसान की तत्काल कोई सूचना नहीं है. भूकंप की कंपन महसूस होते ही लोग अपने घरों, दुकानों व अन्य इमारतों से बाहर निकल आए तथा काफी समय तक बाहर ही रहे.

### मिजोरम में असम रायफल्स ने जब्त की 21 करोड़ रु की नशीले टेबलेट

**आइजोल ।** मिजोरम में प्रतिबंधित ड्रग्स के खिलाफ अभियान जारी रखे हुए असम रायफल्स ने बड़ी सफलता हासिल की है. असम रायफल्स ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर जारी एक बयान में बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर अभियान चलाकर असम रायफल्स ने मिजोरम के जोखावथार क्रशिंग पॉइंट इलाके से 70 हजार नशीले पदार्थ याबा तथा मेथाफेटामाइन टेबलेट जब्त की. जब्त किए गए टेबलेट का वजन 6.86 किलोग्राम बताया गया है. इस नशीले पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय काले बाजार में मूल्य लगभग 21 करोड़ बतायी गया है. असम रायफल्स ने जब्त किए गए टेबलेट को बाद में कानूनी कार्रवाई के लिए आइजोल के नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो को सौंप दिया गया. हालांकि, इस संबंध में किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हो पायी है.

### दिल्ली के दरियागंज इलाके में दो मंजिला इमारत गिरी, तीन की मौत

**नई दिल्ली ।** धल्ली के दरियागंज थाना क्षेत्र में साद्भावना पार्क से सटी सिटी वॉल के किनारे बनी एक इमारत अचानक ढह गई. हादसे में काम कर रहे तीन मजदूरों की मौके पर मौत हो गई. मृतकों की पहचान जुबैर, गुलसागर और तौफीक के रूप में हुई है. सूचना मिलते ही पुलिस व राहत दल मौके पर पहुंचे और शवों को लोकनायक जय प्रकाश अस्पताल भेज दिया गया. हादसे की जानकारी मिलते ही डीडीएमए सहित संबंधित नागरिक एजेंसियों को सूचित किया गया है. फिलहाल राहत व बचाव कार्य जारी है और मलबे में किसी और के दबे होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता. पुलिस ने बताया कि तथ्यात्मक जांच के बाद इस संबंध में कानूनी कार्रवाई की जाएगी.

### यूपीः शाहजहांपुर के जलालाबाद का नाम अब 'परशुरामपुरी' होगा


**नई दिल्ली ।** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले स्थित जलालाबाद कस्बे का नाम बदलकर 'परशुरामपुरी' कर दिया गया है. केंद्रीय गृह मंत्रालय ने उत्तर प्रदेश सरकार के प्रस्ताव पर अपनी सहमति दे दी है. इस संबंध में जारी आदेश में कहा गया है कि भारत सरकार को इस नाम परिवर्तन पर कोई आपत्ति नहीं है और राज्य सरकार आवश्यक राजपत्र अधिसूचना जारी कर दे. इस निर्णय के बाद केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री तथा पीलीभीत के सांसद जितिन प्रसाद ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया.

### सीबीआई ने एनएचएआई अधिकारी समेत दो लोगों को घूस लेते पकड़ा

**हैदराबाद ।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मंगलवार को तेलंगाना के वारंगल में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के परियोजना निदेशक जी.दुर्गाप्रसाद और एक अन्य व्यक्ति को 60 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया. सीबीआई के मुताबिक यह कार्रवाई तब की गई दोनों आरोपित एक रेस्टोरेंट संचालक से अवैध रकम ले रहे थे. दूसरे व्यक्ति का नाम वेणु यादव है. शिकायतकर्ता ने सीबीआई को बताया था कि हैदराबाद-वारंगल राजमार्ग पर बीबीनगर के पास गुडूर टोल प्लाजा के पास उसके रेस्टोरेंट के संचालन में कोई बाधा न डालने के बदले आरोपितों ने एक लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी. यह मांग पहले वेणु यादव के माध्यम से की गई.

### स्विट्जरलैंड ने की रूस और यूक्रेन शांति वार्ता की मेजबानी की पेशकश

**बर्न ।** स्विट्जरलैंड ने संकेत दिया है कि वह रूस और यूक्रेन के बीच शांति वार्ता की मेजबानी करने को तैयार है. स्विस विदेश मंत्री इग्नाजियो कैसिस ने मंगलवार को बर्न में एक कूटनीतिक सम्मेलन के दौरान कहा कि यदि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इन वार्ताओं में शामिल होते हैं तो स्विट्जरलैंड इसके लिए विशेष इंतजाम करेगा. कैसिस ने स्विस प्रसारक एसआरएफ से बातचीत में कहा, हम इसके लिए तैयार हैं और हमारे प्रति दिखाए गए भरोसे के लिए आभारी हैं. हमने हमेशा अपनी तत्परता जताई है, लेकिन यह सब बड़ी शक्तियों की इच्छा पर निर्भर करेगा. स्विस विदेश मंत्री ने स्पष्ट किया कि पुतिन के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के वारंट को देखते हुए सरकार ने कानूनी स्थिति की समीक्षा कर ली है.



कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा अपने पति और व्यवसायी रॉबर्ट वाड्रा और बेटे रेहान के साथ नई दिल्ली में वीर भूमि पर पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करती हुईं.

## आरजी कर कांड

### मृत चिकित्सक के पिता के खिलाफ तृणमूल नेता ने दायर किया मानहानि का मुकदमा

**कोलकाता ।** तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता कुणाल घोष ने आरजी कर अस्पताल दुष्कर्म और हत्या मामले की पीड़िता के पिता के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया है. कुणाल घोष का आरोप है कि पीड़िता के पिता की ओर से उन्हें लगातार उद्देश्यपूर्ण तरीके से बदनाम करने की कोशिशों की जा रही है. कुणाल घोष ने कहा है कि पीड़िता के परिवार के प्रति हमारी सहानुभूति है. लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि किसी के नाम पर झूठे आरोप लगाए जाएं. बीते मंगलवार को कुणाल घोष के अधिवक्ता अयन चक्रवर्ती ने अभया (पीड़िता) के पिता को एक कानूनी नोटिस भेजा था. उसमें चार दिनों के भीतर मीडिया को बुलाकर सार्वजनिक रूप से माफी मांगने को कहा गया था. अन्यथा, कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई थी. समयसीमा पूरी हो जाने के बाद बुधवार को यह मुकदमा दायर किया गया. दरअसल, हाल ही में अभया के पिता ने मीडिया के सामने 'सेटिंग थ्योरी' का मुद्दा उठाया था. उन्होंने आरोप लगाया था कि पैसे लेकर केंद्रीय जांच एजेंसी के अधिकारी जांच को प्रभावित कर रहे हैं और इसमें पुलिस की भी मिलीभगत है. इतना ही नहीं, उन्होंने दावा किया था कि कुणाल घोष ने सीजीओ कॉम्प्लेक्स जाकर 'डील फाइनल' कराई थी.

# पाक के कराची में बरसात से भारी तबाही, 10 लोगों की मौत

**एजेंसी ।इस्लामाबाद (पाकिस्तान)**

पाकिस्तान के प्रमुख बंदरगाह शहर कराची में मंगलवार को बारिश ने भारी तबाही मचाई. सिंध सरकार ने स्थिति की गंभीरता को देखते लोगों से आज कामकाज बंद रखने की अपील की है. भारी बारिश के कारण सारा शहर बाढ़ की चपेट में है.घरों में पानी भर गया है. बिजली के करंट का झटका लगने, डूबने और दीवारें गिरने की घटनाओं में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई है. जियो न्यूज चैनल के अनुसार, अभी भी कई इलाकों में बिजली गुल है. इस दौरान इंटरनेट और मोबाइल सेवाएं बाधित रहीं. गुलशन-ए-हदीद में सबसे ज्यादा 170 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई. अभी भी कामकाजी और अन्य लोग मलीर सहित कई इलाकों में कई फीट पानी भर जाने के कारण फंसे हुए हैं. बाशिंदों को यह स्थिति 2022 की विनाशकारी बारिश की याद दिलाती है. द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की खबर के अनुसार, पाकिस्तान का दक्षिणी हिस्सा मंगलवार को मानसून की सबसे भीषण बारिश से तबाह हो गया. बारिश ने महानगर कराची में भारी तबाही मचाई है. सभी प्रमुख सड़कें और अंडरपास जलमग्न है और जनजीवन अस्त-व्यस्त है. दिन के पहले पहर शुरू हुई बारिश सूर्यास्त तक थोड़े समय के लिए, रुक-रुक कर जारी रही. बरसात से कराची का पहले से जर्जर बुनियादी ढांचा चरमरा गया. सिंध के मुख्यमंत्री मुराद अली शाह ने आज प्रांत के सरकारी, अर्ध-सरकारी, स्वायत्त और निजी संस्थानों के लिए सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की. उन्होंने स्कूलों को भी बंद रखने का आदेश जारी किया है. प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने फोन पर उनसे बातचीत कर हालात का जायजा लिया.



### बलोचिस्तान में पाक की संघीय सरकार समर्थित चार लोगों की हत्या

क्वेटा (बलोचिस्तान) । बलोचिस्तान प्रांत के पंजगुर में 'पाकिस्तान की संघीय समर्थित' समूह पर सशस्त्र हमले में चार लोगों की मौत हो गई. यह हमला सोमवार देररात पंजगुर के सोर्डो इलाके में अज्ञात बंदूकधारियों ने एक घर पर किया. हमले में एक व्यक्ति घायल भी हो गया. द बलोचिस्तान पोस्ट ने स्थानीय सूत्रों के हवाले से यह खबर दी है. द बलोचिस्तान पोस्ट के अनुसार, मृतकों की पहचान गुलाम सरवर के बेटे इस्लाम और निजाम (दोनों गेचक, सोर्डो निवासी), हबीबुल्लाह पुत्र शाह मोहम्मद (ग्रेशा, खुजदार निवासी) और अली अहमद (क्वेटा निवासी) के रूप में हुई है. स्थानीय सूत्रों ने बताया कि मारे गए लोग पाकिस्तान की संघीय समर्थक समर्थित सशस्त्र समूह से जुड़े थे. ऐसे लोगों को इलाके में ₹डेथ स्क्वाड₹ कहा जाता है.इन समूहों पर जबरन गायब करने, राजनीतिक और सामाजिक कार्यकर्ताओं की हत्या करने, मादक पदार्थों की तस्करी व फिरौती के लिए अपहरण जैसी आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने का आरोप है. इस हमले की अभी तक किसी भी समूह ने जिम्मेदारी नहीं ली है. हालांकि, अतीत में ऐसी घटनाओं की जिम्मेदारी अक्सर बलोच स्वतंत्रता समर्थक सशस्त्र समूहों ने ली है. बलोचिस्तान में आजादी समर्थकों की आवाज को दबाने के लिए पाकिस्तान ने बड़े पैमाने पर सुरक्षा बलों की तैनाती की है.


**15 जिलों में हो रही बरसातः** प्रांतीय आपदा अधिकारी मोहम्मद यूनिस ने बताया कि बलोचिस्तान के 15 जिलों में भी बारिश हो रही है और प्रांत को सिंध से जोड़ने वाला मुख्य राजमार्ग भारी वाहनों के लिए बंद कर दिया गया है. उन्होंने बताया कि दो जिलों में 40 से 50 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं.

**पूर्वानुमान और चेतावनीः** पाकिस्तान मौसम विज्ञान विभाग ने आने वाले दिनों में सिंध और बलोचिस्तान के कुछ हिस्सों में मूसलाधार बारिश का अनुमान जताया है. विभाग के अनुसार, अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से तेज मानसूनी हवाएं लगातार मुल्क में प्रवेश कर रही हैं. विभाग ने चेतावनी दी है कि मूसलाधार बारिश से कराची, हैदराबाद, बदीन, सजावल और आसपास के जिलों सहित सिंध के निचले इलाकों में बाढ़ आ सकती है.

# इजराइल ने हमास कमांडर शमाला-नज्जर को किया ढेर

**एजेंसी ।तेल अवीव (इजराइल)**

गाजा पट्टी में युद्धरत इजराइली सुरक्षा बलों (आईडीएफ) ने आतंकवादी समूह हमास के कमांडर मोहम्मद



नाइफ अबू शमाला को मार गिराया. वह हमास की नुखबा कंपनी का कमांडर था. आईडीएफ ने 'एक्स' पर शमाला के फोटो के साथ एक पोस्ट में कहा कि हमास आतंकी मोहम्मद नाइफ अबू शमाला सात अक्टूबर, 2023 के नरसंहार के दौरान मारास पोस्ट से भाग गया था. गाजा पट्टी में युद्ध के दौरान शमाला ने आईडीएफ सैनिकों के खिलाफ कई हमले किए. एक अन्य पोस्ट में आईडीएफ ने कहा कि सुरक्षा बलों ने हमास आतंकवादी जिहाद कमाल सलीम नज्जर को ढेर कर दिया. नज्जर सात अक्टूबर के नरसंहार के दौरान इजराइली नागरिक यार्डेन बिबास के अपहरण में शामिल था. उसे 10 अगस्त को मार गिराया गया. द टाइम्स ऑफ इजराइल अखबार की खबर के अनुसार सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि लगभग 60 हजार इजराइली रिजर्व सैनिकों को बुधवार से गाजा शहर में हमास के खिलाफ हमले के लिए आदेश मिलने वाले हैं. अगर गाजा शहर में हमला जारी रहता है, तो यह सैनिक इस अभियान के दौरान लगभग 1,30,000 इजराइली सैनिकों के साथ तैनात रहेंगे.

## ममता ने केंद्र सरकार पर किया हमला

# प्रस्तावित बिल को बताया गणतंत्र के लिए काला दिन

**एजेंसी ।कोलकाता**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को लोकसभा में केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए 130वें संविधान संशोधन बिल का विरोध करते हुए इसे 'गणतंत्र की मौत की घंटी' करार दिया है. उन्होंने इसे हिटलरी बिल बताया और कहा कि इसके माध्यम से जनता के मूल अधिकारों और लोकतांत्रिक मूल्यों को गंभीर खतरा है. दरअसल, यह विधेयक प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और अन्य मंत्रियों को गंभीर अपराधों में जेल जाने पर उनके पद से हटाने का प्रावधान करता है. विपक्ष का कहना है कि यह कानून राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को निशाना बनाने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है. बिल की व्यापक समीक्षा के लिए इसे दोनों सदनों की संयुक्त समिति को भेजा गया है.

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि यह बिल केवल एक विधायी प्रावधान नहीं, बल्कि लोकतंत्र के खिलाफ षड्यंत्र है. उन्होंने कहा कि यदि इस बिल को पास किया गया, तो प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री जैसे शीर्ष पदों पर बैठे लोग कोई भी आरोप लगते ही 30 दिनों के लिए जेल में रह सकते हैं, भले ही उन पर किसी अपराध का प्रमाण न हो.

# अंतरराष्ट्रीय समुद्री अपराधों से निपटने में सहयोग पर विशेष जोर दिया गया

**एजेंसी ।नई दिल्ली**

भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) और वियतनाम तटरक्षक बल (वीसीजी) के बीच बुधवार को हुई छठी उच्च स्तरीय बैठक में हाल ही में हुई पोत यात्राओं और पेशेवर आदान-प्रदान की समीक्षा की गयी. दोनों देशों ने अंतर-संचालन क्षमता बढ़ाने के लिए संयुक्त गतिविधियों को जारी रखने पर सहमति जताई. आईसीजी के कमांडेंट अमित उनियाल ने बताया कि यह बैठक हनोई (वियतनाम) में दोनों एजेंसियों के बीच 2015 में हस्ताक्षरित तटरक्षक सहयोग पर समझौता ज्ञापन के



प्रावधानों के तहत हुई. बैठक की सह अध्यक्षता भारतीय तटरक्षक बल के अतिरिक्त महानिदेशक आनंद प्रकाश बडोला और वियतनाम तटरक्षक बल के उप कमांडेंट मेजर जनरल वु ट्रंग किएन ने की. विचार-विमर्श में समुद्री खोज और बचाव, समुद्री कानून प्रवर्तन, समुद्री प्रदूषण प्रतिक्रिया और क्षमता निर्माण में सहयोग को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया. बैठक में दोनों पक्षों ने हाल ही में हुई पोत यात्राओं और पेशेवर आदान-प्रदान की समीक्षा की और अंतर-संचालन क्षमता बढ़ाने के लिए संयुक्त गतिविधियों को जारी रखने पर सहमति व्यक्त की. इसके अलावा तस्करी, अवैध व्यापार और अवैध मछली पकड़ने सहित अंतरराष्ट्रीय समुद्री अपराधों से निपटने में सहयोग पर विशेष जोर दिया गया. दोनों तटरक्षकों ने क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए समन्वित एसएआर संचालन और संयुक्त प्रदूषण प्रतिक्रिया पहलों के महत्व पर भी प्रकाश डाला.





झामुमो सांसद महुआ माजी और भारतीय ब्लॉक पार्टियों के अन्य सांसद, संसद के मानसून सत्र के दौरान, नई दिल्ली में बिहार में मतदाता सूची के चुनाव आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए.

## बांग्लादेश

कानून सलाहकार बोले- अंतरिम सरकार चुनाव की तैयारियों में जुट गयी है

# फरवरी 2026 में होंगे आम चुनाव, प्रत्याशी रहें तैयार

- सरकार की ओर से हम स्पष्ट शब्दों में कह रहे हैं कि चुनाव फरवरी में पूरे हो जाएंगे. मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस वैश्विक स्तर पर सम्मानित व्यक्ति हैं और उनकी प्रतिबद्धता से भटकने का कोई सवाल ही नहीं है, क्योंकि चुनाव घोषित कार्यक्रम के अनुसार ही होंगे.



**एजेंसी ।ढाका**

बांग्लादेश में आम चुनाव फरवरी 2026 में ही होंगे. अंतरिम सरकार ने चुनाव को लेकर तैयारी तेज कर दी है. अंतरिम सरकार के कानून सलाहकार आसिफ नजरूल ने कहा कि सरकार फरवरी में आम चुनाव कराने की प्रतिबद्धता पर अडिग है. सरकार चुनाव की सभी तैयारियों के साथ आगे बढ़ रही है. चुनाव फरवरी में होंगे और इस पर सरकार का रुख अटल है. अंतरिम सरकार के कानूनी सलाहकार आसिफ नजरूल ने कहा कि राजनीतिक दलों द्वारा चुनाव के समय के बारे में बयान देना राजनीतिक प्रक्रिया का हिस्सा है. आपने यह हमेशा देखा है. बांग्लादेश में पारंपरिक रूप से ऐसे राजनीतिक बयान दिए जाते रहे हैं और अब भी यही हो रहा है. इस विमर्श में कोई बड़ा गुणात्मक परिवर्तन नहीं आया है. इसलिए चुनाव के समय के बारे में जो कुछ भी कहा जाता है, उसे राजनीतिक प्रक्रिया के हिस्से के रूप में देखा जाना चाहिए.

नजरुल ने कहा कि चुनाव कराने की जिम्मेदारी सरकार की है, किसी राजनीतिक दल की नहीं. सरकार की ओर से हम स्पष्ट शब्दों में कह रहे हैं कि चुनाव फरवरी में पूरे हो जाएंगे. मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस वैश्विक स्तर पर सम्मानित व्यक्ति हैं और उनकी प्रतिबद्धता से भटकने का कोई सवाल ही नहीं है, क्योंकि चुनाव घोषित कार्यक्रम के अनुसार ही होंगे. उनका यह बयान ऐसे वक्त में आया है कि जब हाल ही में नेशनल सिटीजन पार्टी के नेताओं ने बयान दिया था कि अगले साल फरवरी में चुनाव बिना महत्वपूर्ण सुधारों और अंतरिम सरकार द्वारा शुरू किए गए मुकदमों के पूरा होने के बिना होने की संभावना को खारिज कर दिया गया था.

**पिछले साल अवामी लीग की गिर गई थी सरकार :** जुलाई 2024 में हुए जनविद्रोह के बाद शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार को सत्ता से बेदखल कर दिया गया था. इस जनविद्रोह में बड़ी संख्या में छात्रों ने हिस्सा लिया था. अंततः 5 अगस्त 2024 को हसीना सरकार गिर गई और वह भारत चली गईं. इसके बाद मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में बनी अंतरिम सरकार ने देश में लोकतांत्रिक माहौल बहाल करने का वादा किया था. पिछले कई महीनों से बांग्लादेश में राजनीतिक दल नए सिरे से आम चुनाव कराने की मांग कर रहे थे.

**मुहम्मद यूनुस ने फरवरी 2026 में चुनाव की घोषणा की :** बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने घोषणा की थी कि देश में फरवरी 2026 में आम चुनाव होंगे. यह घोषणा 5 अगस्त को शेख हसीना की अवामी लीग सरकार के सत्ता से बेदखल होने की पहली वर्षगांठ के अवसर पर की गई थी.

### प्रधानमंत्री 22 अगस्त को बिहार और पश्चिम बंगाल का करेंगे दौरा

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 22 अगस्त को बिहार और पश्चिम बंगाल का दौरा करेंगे, जहां वे 18,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली अनेक विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे. इस दौरान वे दो ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे और जनसभाओं को भी संबोधित करेंगे. प्रधानमंत्री कार्यालय ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री 22 अगस्त को सुबह लगभग 11 बजे गया पहुंचेंगे, जहां वे लगभग 13,000 करोड़ की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे. वे दो ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे और जनसभा को संबोधित करेंगे. इस अवसर पर वे अमृत भारत एक्सप्रेस (गया से दिल्ली) और बुद्ध सर्किट ट्रेन (वैशाली से कोडरमा) को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे.

# बस दुर्घटना में ईरान से लौट रहे 70 अफगानियों की मौत

- मंगलवार देर रात हुई घटना, मृतकों में 19 बच्चे भी शामिल हैं

**एजेंसी ।काबुल**

अफगानिस्तान में एक भीषण बस दुर्घटना में 79 अफगानियों की मौत हो गई. अफगानिस्तान के गृह मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल मतीन कानी ने बताया हादसा तब हुआ जब बस ईरान से लौट रही थी. उन्होंने बताया कि मृतकों में 19 बच्चे भी शामिल हैं. अब्दुल मतीन कानी ने बताया कि दुर्घटना में दो लोग घायल भी हुए हैं. उन्होंने कहा कि यह दुर्घटना मंगलवार रात लगभग 8:30 बजे स्थानीय समयानुसार हेरात प्रांत में हुई. बस की टक्कर एक ट्रक और एक मोटरसाइकिल से हो गई, जिससे भीषण आग लग गई और कई लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. गौरतलब है कि ईरान और पाकिस्तान उन विदेशियों को निकाल रहे हैं जो उनके अनुसार वहाँ अवैध रूप से रह रहे हैं. पिछले कुछ महीनों में लगभग 18 लाख अफ़ग़ानों को ईरान से जबरन वापस भेजा गया है. इस साल की शुरुआत से अब तक पाकिस्तान से 1,84,459 और तुर्की से 5,000 से ज़्यादा लोगों को वापस भेजा जा चुका है. इसके अलावा, लगभग 10,000 अफ़ग़ान कैदियों को वापस भेजा जा चुका है, जिनमें से ज़्यादातर पाकिस्तान से हैं. तालिबान ने जुलाई में अफगानों के बड़े पैमाने पर निष्कासन के लिए पड़ोसी देशों की आलोचना की थी.


स्वत्वाधिकारी लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप कुमार सिंह, क्वार्टर नंबर सी-90, पोस्ट-नावागढ़, थाना-बरोरा, हरिणा कॉलोनी, धनबाद-828306, झारखंड द्वारा फ्लैट नंबर 2ए, सेकेंड फ्लोर, सिंगारो मेनन अपार्टमेंट,चूना भट्ठा, एचबी रोड कोकर, नियर डिस्टिलरी पुल, बिरसा समाधि स्थल) रांची-834001, झारखंड से प्रकाशित और शिवसाईं पब्लिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड, रातू, काठीटांड़, टेंडर बगीचा रातू, रांची - 835222 झारखंड द्वारा मुद्रित. **संपादक : संजय कुमार सिंह.*** फोन नंबर 0651-2913385, 9142897989 (***पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार**).
आरएनआई नं : JHAHIN/2023/84487, ई-मेलः shubhamsandeshnews@gmail.com धनबाद ब्यूरो : ओजोन सेंटर,थर्ड फ्लोर, कमरा नं-306 अशोकनगर, बैंक मोड़, धनबाद-828106. फोन नं – 9431145133.ई मेल-sandeshsubham23@gmail.com.